कर्नाटक सरकार

# हिंदी वल्लरी

## तृतीय भाषा हिंदी
## Third Language Hindi

# 10

## दसवीं कक्षा
## Tenth Standard

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560 085.

# Preface

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which in turn are designed on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 12 languages; seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS, mathematics and $5^{th}$ to $10^{th}$ there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF – 2005 has a number of special features and they are:

- connecting knowledge to life activities
- learning to shift from rote methods
- enriching the curriculum beyond textbooks
- learning experiences for the construction of knowledge
- making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- caring concerns within the democratic policy of the country
- making education relevant to the present and future needs.
- softening the subject boundaries- integrated knowledge and the joy of learning.
- the child is the constructor of knowledge

The new books are produced based on three fundamental approaches namely.

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach

The learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the all round development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

The most important objectives of teaching language are listening, speaking, reading, writing and reference work. These skills have been given a lot of importance in all the language textbooks. Along with the inculcation of these skills, fundamental grammar, opportunities for learners to appreciate beauty and imbibe universal life values have been integrated in language textbooks. When learners master these competencies, they would stop studying textbooks for the sake of passing examinations. In order to help learners

master these competencies, a number of paired and group activities, assignments and project work have been included in the textbooks. It is expected that these activities would help learner master communicative skills. Ultimately, it is expected that students master the art of learning to learn and make use of these competencies in real life. Textbooks for students X have a special significance. As any other new textbook they help learners' master skills and competencies and at the same time there is going to be a public examination based on them.

The Textbook Society expresses grateful thanks to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board and printers in helping the Text Book Society in producing these textbooks. A few works of some writers and poets have been included in these textbooks. The textbook society is extremely grateful to them for giving their consent for the inclusion of these pieces in the textbooks.

**Prof G S Mudambadithaya**
**Coordinator**
**Curriculum Revision and Textbook Preparation**
**Karnataka Textbook Society**
**Bangalore, Karnataka**

**Nagendra Kumar**
**Managing Director**
**Karnataka Textbook Society®**
**Bangalore, Karnataka**

# प्राक्कथन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बालोपयोगी शिक्षा पद्धति ही बच्चों का सर्वांगीण विकास करने में सक्षम है। इसी दृष्टि से 'हिंदी वल्लरी' तैयार की गयी है। पाठों का चयन, लेखन एवं संकलन विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और रुचि के अनुसार किया गया है। पुस्तक में हिंदी के ख्यात साहित्यकारों की रचनाओं को साभार समाहित किया गया है। पाठों में गंभीर विचारों के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य की सरस रचनाएँ, सांस्कृतिक संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य, राष्ट्रीय महान् व्यक्तित्व, आधुनिक संदर्भ, सामाजिक व नैतिक तथा राष्ट्रीय जीवन मूल्य आदि विषयों का समावेश किया गया है। साहित्य की विभिन्न विधाओं - कहानी, कविता, जीवनी, आत्मकथा, एकांकी, निबंध, रेखाचित्र, साक्षात्कार इत्यादि से बच्चों का परिचय कराया गया है, ताकि वे हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा का यत्किंचित् ज्ञान प्राप्त कर सकें।

पुस्तक-निर्माण में सभी सदस्यों का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ है और प्रतिभाशाली लेखकों की रचनाएँ अत्यंत सहायक सिद्ध हुई हैं। इन सबको धन्यवाद समर्पित करते हुए आशा करती हूँ कि यह पुस्तक छात्र समुदाय को भाषा व साहित्य का ज्ञान प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगी।

**अध्यक्षा**

पाठ्य पुस्तक रचना समिति

# पाठ्य पुस्तक रचना समिति

**अध्यक्षा:**

**डॉ. एम. विमला,** प्रोफेसर एवं अध्यक्षा, हिंदी विभाग, बेंगलूर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु-560056.

**सदस्य:**

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त), 738/4, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर.मुहल्ला, मैसूरु-570024.

**श्रीमती कामेश्वरी. बी**, हिंदी अध्यापिका, सरकारी प.पू. कॉलेज, संतेमैदान, गंडसि, लालनकेरे पोस्ट, अरसीकेरे (ता.), हासन जिला- 573164.

**डॉ. एस. विजी**, हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, ओंटिकोप्पल, मैसूरु-570 020.

**श्री वासुदेव मूर्ति एस.**, हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, जी.बी. सरगूर, एच.डी.कोटे (ता.), मैसूरु-570 023.

**श्री सुधाकर महेन्द्रकर,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, नारायणपुर, बसवकल्याण (ता.), बीदर जिला-585 327.

**कलाकार :**

**श्री संजय डी. शेट्टी,** श्रीवलि हाईस्कूल, चित्रापुर पोस्ट, शिराली, भटकल (ता.) उत्तर कन्नड जिला-581354.

**परिशीलक :**

**डॉ. बी. एस. सुब्बलक्ष्मी**, अध्यक्षा, हिंदी विभाग, वी.वी.एस. फस्ट ग्रेड कॉलेज, बसवेश्वरनगर, बेंगलूरु-560079.

**संपादक :**

**डॉ. शशिधर एल . जी.**, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, मैसूर विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-570006.

**डॉ. एस. रंगनाथ**, हिंदी विभाग, नैशनल कॉलेज, जयनगर, बेंगलूरु.

**प्रधान संयोजन:**

**श्री जी.एस. मुडंबडित्ताय,** कर्नाटक पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-560085.

**सहायता एवं मार्गदर्शन :**

**श्री. नागेंद्र कुमार,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिर्देशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डि,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु. .

## ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರಿಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ (N.C.E.R.T) ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ.

ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ಎಂ.ಪಿ. ಮಾದೇಗೌಡ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು-85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು-85

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

*सर्वाध्यक्ष :*

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

*सहयोग :*

**श्री एम.पि. मादेगौडा,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-560085

**श्री के.जि. रंगय्या,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

*अध्यक्ष:*

**डॉ. एम. विमला,** प्रोफेसर एवं अध्यक्षा, हिंदी विभाग, बेंगलूर विश्वविद्यालय, बेंगलूरु-560 056

*सदस्य :*

**डॉ. बी. एस. सुब्बलक्ष्मी,** हिंदी प्रवक्ता (अवकाश प्राप्त) 558, 7 'ए' मुख्य रास्ता, 'ए' सेक्टर, यलहंका न्यू टाऊन, बेंगलूरु - 560 064.

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) 738/4, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - 24

**डॉ. सौम्या जटला,** हिंदी अध्यापिका, क्राईस्ट जूनियर कॉलेज, बेंगलूरु - 560 029.

**श्री. शशिधर सिंह,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, हिरेहल्लि कोप्पलु, होलेनरसीपुर (ता), हासन (जिला) 573211.

**श्रीमती सी. एन. सुधा,** सरकारी हाईस्कूल, हुलिकुंटे, दोड्डबल्लापुर (ता) बेंगलूरु ग्रामांतर (जिला)

**श्री. जी. एच. मंजुनाथ,** सरकारी हाईस्कूल, कोलगी, शिकारीपुरा (ता) शिवमोग्गा (जिला)

*उन्नत परिशीलन समिति :*

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश पवार,** कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकार:**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार केसलगेरे, मंड्या जिला.

*कार्यक्रम संयोजक :*

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

# अनुक्रमणिका

T2R9L5


| क्र.सं. | पाठ | विधा | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | मातृभूमि | कविता | 01 |
| 2. | कश्मीरी सेब | कहानी | 06 |
| 3. | गिल्लू | रेखाचित्र | 13 |
| 4. | अभिनव मनुष्य | कविता | 26 |
| 5. | मेरा बचपन | आत्मकथा | 32 |
| 6. | बसंत की सच्चाई | एकांकी | 41 |
| 7. | तुलसी के दोहे | दोहा | 56 |
| 8. | इंटरनेट क्रांति | निबंध | 61 |
| 9. | ईमानदारों के सम्मेलन में | व्यंग्य रचना | 73 |
| 10. | दुनिया में पहला मकान | लेख | 86 |
| 11. | समय की पहचान | कविता | 96 |
| 12. | रोबोट | कहानी | 102 |
| 13. | महिला की साहस गाथा | व्यक्ति परिचय | 113 |
| 14. | सूर - श्याम | पद | 122 |
| 15. | कर्नाटक संपदा | निबंध | 128 |
| 16. | बाल-शक्ति | लघु नाटिका | 141 |
| 17. | कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती | कविता | 152 |

**परिशिष्ट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | पूरक वाचन | | 160 |
| (आ) | निबंध-लेखन | | 167 |
| (इ) | पत्र-लेखन | | 174 |
| (ई) | व्याकरण | | 177 |

# 1. मातृभूमि

P8T8E6

**भगवतीचरण वर्मा -**

**इस कविता के द्वारा कवि मातृभूमि की विशेषता का परिचय देते हुए छात्रों के मन में देशप्रेम का भाव जगाना चाहते हैं।**

मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम!
अमरों की जननी, तुमको शत-शत बार प्रणाम!
मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम।
तेरे उर में शायित गांधी, बुद्ध और राम,
मातृ-भू शत-शत बार प्रणाम।



हरे-भरे हैं खेत सुहाने,
फल-फूलों से युत वन-उपवन,
तेरे अंदर भरा हुआ है
खनिजों का कितना व्यापक धन।
मुक्त-हस्त तू बाँट रही है
सुख-संपत्ति, धन-धाम,
मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम।

एक हाथ में न्याय-पताका,
ज्ञान-दीप दूसरे हाथ में,
जग का रूप बदल दे, हे माँ,
कोटि-कोटि हम आज साथ में।
गूँज उठे जय-हिंद नाद से -
सकल नगर और ग्राम,
मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम।

*******

**कविता का आशय :**

भगवतीचरण वर्मा के नाम को हिन्दी साहित्य में आदर के साथ लिया जाता है। प्रस्तुत कविता में कवि के देशप्रेम की झलक दिखायी देती है। वे मातृभूमि को प्रणाम करते हुए उसमें विद्यमान अपार वन-संपदा, खनिज संपत्ति का वर्णन करते हुए भारत के महान् विभूतियों का स्मरण करते हैं। इस कविता से भारत की महानता का परिचय प्राप्त होता है।

**कवि परिचय : भगवतीचरण वर्मा (1903-1981)**



श्री भगवतीचरण वर्मा का जन्म 30 अगस्त 1903 को उन्नाव जिले (उ.प्र) के शफीपुर गाँव में हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद से बी.ए, एल.एल.बी. की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 'विचार' और 'नवजीवन' नामक पत्रिकाओं का संपादन किया था। आकाशवाणी के कई केंद्रों में भी सेवा की। उनके 'चित्रलेखा' उपन्यास पर दो बार फिल्म-निर्माण हुआ। दूसरा उपन्यास 'भूले-बिसरे चित्र' साहित्य अकादमी से पुरस्कृत है। अपने खिलौने, पतन, तीन षर्ष, टेढ़े-मेढ़े रास्ते, युवराज चूण्डा (उपन्यास), मेरी कहानियाँ, मोर्चाबंदी तथा संपूर्ण कहानियाँ (कहानी-संग्रह), मेरी कविताएँ, सविनय और एक नाराज़ कविता (कविता-संग्रह), मेरे नाटक, वसीयत (नाटक) आदि उनकी अन्य लोकप्रिय कृतियाँ हैं। 5 अक्तूबर 1981 को वर्मा जी का देहांत हुआ।

**शब्दार्थ :**

शायित - सोया हुआ, अमर - मृत्युहीन, जो कभी नहीं मरता; हस्त - हाथ, सुहाने - सुंदर, धाम - घर, गूँजना - प्रतिध्वनित होना।

**शब्द युग्म :**

हरे-भरे, फल-फूल, वन-उपवन, सुख-संपत्ति, धन-धाम

**द्विरुक्ति शब्द :**

शत-शत, कोटि-कोटि

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं ?
2. भारत माँ के हाथों में क्या है ?
3. आज माँ के साथ कौन है ?
4. सभी ओर क्या गूँज उठा है ?
5. भारत के खेत कैसे हैं ?
6. भारत भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ है?
7. सुख-संपत्ति, धन-धाम को माँ कैसे बाँट रही है?
8. जग के रूप को बदलने के लिए कवि किससे निवेदन करते हैं?
9. 'जय-हिंद' का नाद कहाँ-कहाँ पर गूँजना चाहिए?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. भारत माँ के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
2. मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है?

**III. अनुरूपता:**

1. वसीयत : नाटक :: चित्रलेखा : __________
2. शत-शत : द्विरुक्ति :: हरे-भरे : __________
3. बायें हाथ में : न्याय पताका :: दाहिने हाथ में : __________
4. हस्त : हाथ :: पताका : __________

**IV. दोनों खंडों को जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. तेरे उर में शायित | अ. वन-उपवन |
| 2. फल-फूलों से युत | आ. आज साथ में |
| 3. एक हाथ में | इ. कितना व्यापक |
| 4. कोटि-कोटि हम | ई. शत-शत बार प्रणाम |
| 5. मातृ-भू | उ. न्याय-पताका |
| | ऊ. गांधी, बुद्ध और राम |

**V. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :**

1. कवि मातृभूमि को ____________ बार प्रणाम कर रहे हैं ।
2. भारत माँ के उर में गांधी, बुद्ध और राम ____________ हैं।
3. वन, उपवन ____________ से युक्त है।
4. ____________ हस्त से मातृभूमि सुख-संपत्ति बाँट रही है।
5. सभी ओर ____________ का नाद गूँज उठे ।

**VI. भावार्थ लिखिए :**

एक हाथ में न्याय-पताका,
ज्ञान-दीप दूसरे हाथ में,
जग का रूप बदल दे, हे माँ,
कोटि-कोटि हम आज साथ में ।

गूँज उठे जय-हिंद नाद से -
सकल नगर और ग्राम,
मातृ-भू, शत-शत बार प्रणाम ।

**VII. पद्य भाग को पूर्ण कीजिए :**

हरे-भरे ____________________
____________________________
____________________ हुआ है
__________________________ ।
____________________________
____________________________,
_____________________ प्रणाम ।

**कविता से आगे –**

- देशभक्ति से संबंधित कोई कन्नड कविता कक्षा में सुनाइए ।
- हिंदी की अन्य देशभक्ति-कविताओं की कक्षा में चर्चा कीजिए ।

# 2. कश्मीरी सेब

**प्रेमचंद -**

**इस कहानी में बाज़ार में लोगों के साथ होनेवाली धोखेबाज़ी पर प्रकाश डाला गया है और खरीदारी करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।**



कल शाम को चौक में दो-चार ज़रूरी चीज़ें खरीदने गया था। पंजाबी मेवाफरोशों की दूकानें रास्ते ही में पड़ती हैं। एक दूकान पर बहुत अच्छे रंगदार, गुलाबी सेब सजे हुए नज़र आये। जी ललचा उठा। आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के शब्दों में विचार करने की प्रवृत्ति हो गई है। टोमाटो को पहले कोई भी न पूछता था। अब टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है। गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी। अमीर लोग तो उसका हलवा ही खाते थे; मगर अब पता चला है कि गाजर में भी बहुत विटामिन हैं ; इसलिए गाजर को भी मेजों पर स्थान मिलने लगा है। सेब के विषय में तो यह कहा जाने लगा है कि एक सेब रोज़ खाइए तो आपको डॉक्टरों की ज़रूरत न रहेगी। डॉक्टर से बचने के लिए हम निमकौड़ी तक खाने को तैयार हो सकते हैं। सेब तो रस और स्वाद में अगर आम से बढ़कर नहीं है तो घटकर भी नहीं। सेब को यह स्थान मिल चुका है। अब वह केवल स्वाद की चीज़ नहीं है, उसमें गुण भी हैं। हमने दूकानदार से मोल-भाव किया और आध सेर सेब माँगे।

दूकानदार ने कहा-बाबूजी, बड़े मज़ेदार सेब आए हैं, खास कश्मीर के। आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी।

मैंने रुमाल निकालकर उसे देते हुए कहा चुन-चुनकर रखना।

दूकानदार ने तराजू उठायी और अपने नौकर से बोला-सुनो, आध सेर कश्मीरी सेब निकाल ला। चुनकर लाना।



लौंडा चार सेब लाया। दूकानदार ने तौला, एक लिफ़ाफ़े में उन्हें रखा और रुमाल में बाँधकर मुझे दे दिया। मैंने चार आने उसके हाथ में रखे।

घर आकर लिफ़ाफ़ा ज्यों का त्यों रख दिया। रात को सेब या कोई दूसरा फल खाने का कायदा नहीं है। फल खाने का समय तो प्रातःकाल है। आज सुबह मुँह-हाथ धोकर जो नाश्ता करने के लिए एक सेब निकाला, तो सड़ा हुआ था। एक रुपए के आकार का छिलका गल गया था। समझा, रात को दूकानदार ने देखा न होगा। दूसरा निकाला। मगर यह आधा सड़ा हुआ था। अब संदेह हुआ, दूकानदार ने मुझे धोखा तो नहीं दिया है। तीसरा सेब निकाला। यह सड़ा तो न था; मगर एक तरफ दबकर बिलकुल पिचक गया था। चौथा देखा। वह यों तो बेदाग था; मगर उसमें एक काला सुराख था जैसा अक्सर बेरों में होता है। काटा तो भीतर वैसे ही धब्बे, जैसे बेर में होते हैं। एक सेब भी खाने लायक नहीं। चार आने पैसों का इतना गम न हुआ जितना समाज के इस चारित्रिक पतन का। दूकानदार ने जानबूझकर मेरे साथ धोखेबाजी का व्यवहार किया। एक सेब सड़ा हुआ होता, तो मैं उसको क्षमा के योग्य सुमझता। सोचता, उसकी निगाह न पड़ी होगी। मगर चारों के चारों खराब निकल जाएँ,

यह तो साफ धोखा है। मगर इस धोखे में मेरा भी सहयोग था। मेरा उसके हाथ में रुमाल रख देना मानो उसे धोखा देने की प्रेरणा थी। उसने भाँप लिया कि यह महाशय अपनी आँखों से काम लेनेवाले जीव नहीं हैं और न इतने चौकस हैं कि घर से लौटाने आएँ। आदमी बेईमानी तभी करता है जब उसे अवसर मिलता है। बेईमानी का अवसर देना, चाहे वह अपने ढीलेपन से हो या सहज विश्वास से, बेईमानी में सहयोग देना है। पढ़े-लिखे बाबुओं और कर्मचारियों पर तो अब कोई विश्वास नहीं करता। किसी थाने या कचहरी या म्युनिसिपैलिटी में चले जाइए, आपकी ऐसी दुर्गति होगी कि आप बड़ी से बड़ी हानि उठाकर भी उधर न जायेंगे।

पहले ऐसा नहीं था। व्यापारियों की साख बनी हुई थी। यों तौल में चाहे छटाँक-आध छटाँक कस लें; लेकिन आप उन्हें पाँच की जगह भूल से दस के नोट दे आते, तो आपको घबराने की कोई ज़रूरत न थी। आपके रुपए सुरक्षित थे। मुझे याद है, एक बार मैंने मुहर्रम के मेले में एक दूकानदार से एक पैसे की रेवड़ियाँ ली थीं और पैसे की जगह अठन्नी दे आया था। घर आकर जब अपनी भूल मालूम हुई तो दूकानदार के पास दौड़ा गया। आशा नहीं थी कि वह अठन्नी लौटायेगा, पर लेकिन उसने प्रसन्नचित्त से अठन्नी लौटा दी और उलटे मुझसे क्षमा माँगी। यहाँ कश्मीरी सेब के नाम से सड़े हुए सेब बेचे जाते हैं। मुझे आशा है, पाठक बाज़ार में जाकर मेरी तरह आँखें न बंद कर लिया करेंगे। नहीं तो उन्हें भी कश्मीरी सेब ही मिलेंगे।

*******

**पाठ का आशय–**

लेखक अपना अनुभव बताते हुए पाठकों को सचेत करते हैं कि अगर खरीदारी करते समय सावधानी नहीं बरतें तो धोखा खाने की संभावना होती है।

## लेखक परिचय : मुंशी प्रेमचंद



प्रेमचंद जी का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के पास लमही नामक गाँव में हुआ था। इनका वास्तविक नाम धनपतराय था। वे शिक्षा विभाग में नौकरी करते थे। बचपन में ही प्रेमचंद मातृ प्रेम से वंचित रहे। इनका जीवन गरीबी में ही गुज़रा। वे मेट्रिक तक ही पढ़ पाये। वे यथार्थवादी कथाकार थे।

इनकी प्रमुख रचनाएँ - गोदान, सेवासदन, गबन, निर्मला, कर्मभूमि आदि इनके प्रमुख उपन्यास हैं। बड़े घर की बेटी, नमक का दरोगा, पंच परमेश्वर, पूस की रात आदि इनकी प्रसीद्ध कहानियाँ हैं। प्रेमचंद की कहानियाँ 'मानसरोवर' नाम से संकलित हैं।

**शब्दार्थ :**

मेवाफरोश - मेवा या ताजे फल बेचने वाला, नज़र - दृष्टि, निगाह, दिखायी देना; निमकौड़ी - नीम का फल, स्वाद-रुचि, लौंडा - छोकरा, बालक; मोल-भाव - मूल्य, कीमत, दाम; तराजू - तौलने का साधन, ತಕ್ಕಡಿ; कायदा - नियम, रीति; गलना - किसी वस्तु का घनत्व कम होना, बेदाग-साफ, जिसमें कोई दाग न हो; सुराख - छेद, बेर - एक प्रकार का फल; भाँप लेना - पहचानना, चौकस - सचेत, सावधान; कचहरी - दफ्तर, साख - लेन-देन, छटाँक - सेर का सोलहवें भाग की एक तौल, रेवड़ी - तिल और चीनी से बनी मिठाई।

### अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. लेखक चीज़ें खरीदने कहाँ गये थे?
2. लेखक को क्या नज़र आया?
3. लेखक का जी क्यों ललचा उठा?

4. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है?

5. स्वाद में सेब किससे बढ़कर नहीं है?

6. रोज़ एक सेब खाने से किनकी ज़रूरत नहीं होगी?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है?
2. दूकानदार ने लेखक से क्या कहा?
3. दूकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा?
4. सेब की हालत के बारे में लिखिए।

**III. जोड़कर लिखिए :**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. सेब को रुमाल में बाँधकर | प्रातःकाल है। |
| 2. फल खाने का समय तो | मुझे दे दिया। |
| 3. एक सेब भी खाने | बनी हुई थी। |
| 4. व्यापारियों की साख | लायक नहीं। |

**IV. विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. शाम | x | 9. संदेह | x |
| 2. खरीदना | x | 10. साफ | x |
| 3. बहुत | x | 11. बेईमान | x |
| 4. अच्छा | x | 12. विश्वास | x |
| 5. शिक्षित | x | 13. सहयोग | x |
| 6. आवश्यक | x | 14. हानि | x |
| 7. गरीब | x | 15. पास | x |
| 8. रात | x | 16. ग़म | x |

**V. अनुरूपता :**

1. केला : पीला रंग :: सेब : ____________
2. सेब : फल :: गाजर : ____________
3. नागपुर : संतरा :: कश्मीर : ____________
4. कपड़ा : नापना :: टोमाटो : ____________

**VI. अन्य वचन लिखिए :**

1. चीज़ें - ____________
2. रास्ता - ____________
3. फल - ____________
4. घर - ____________
5. रुपए - ____________
6. आँखें - ____________
7. कर्मचारी - ____________
8. व्यापारी - ____________
9. रेवड़ी - ____________
10. दूकान - ____________

**VII प्रत्येक शब्द के अंतिम अक्षर से एक और शब्द बनाइए :**

उदा : सेब → बंदर → रंग → गरम

1. दूकान _______ _______ _______ _______
2. बाज़ार _______ _______ _______ _______
3. रुमाल _______ _______ _______ _______
4. लेखक _______ _______ _______ _______

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम से लिखिए :**

1. गाजर गरीबों भी पहले के पेट की चीज़ भरने थी।
2. अब चीज़ नहीं है वह केवल स्वाद की।
3. नहीं लायक खाने भी सेब एक।
4. मालूम हुई घर आकर अपनी भूल।

**IX. कन्नड अथवा अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

1. गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी।
2. दूकानदार ने कहा - बड़े मज़ेदार सेब आये हैं।
3. एक सेब भी खाने लायक नहीं।
4. दूकानदार ने मुझसे क्षमा माँगी।

**पाठ से आगे -**

कक्षा में प्रेमचंद की कुछ सरल कहानियाँ पढ़कर उनकी चर्चा कीजिए।

# 3. गिल्लू

Z4Q2M5

**महादेवी वर्मा-**

**इस पाठ से स्नेहभाव तथा प्राणी-दया की सीख मिलती है। पशु-पक्षियों के स्वभाव और उनकी जीवन-शैली के साथ-साथ उनके प्रति महादेवी वर्मा के प्रेम से बच्चे परिचित होते हैं।**



अचानक एक दिन सबेरे कमरे से बरामदे में आकर मैंने देखा दो कौए एक गमले के चारों ओर चोंचों से छुआ-छुऔवल जैसा खेल खेल रहे हैं। यह काकभुशुण्डि भी विचित्र पक्षी है-एक साथ समादरित, अनादरित, अति सम्मानित, अति अवमानित।

हमारे बेचारे पुरखे न गरुड़ के रूप में आ सकते हैं, न मयूर के, न हंस के। उन्हें पितरपक्ष में हमसे कुछ पाने के लिए काक बनकर ही अवतीर्ण होना पड़ता है। इतना ही नहीं, हमारे दूरस्थ प्रियजनों को भी अपने आने का मधुर संदेश इनके कर्कश स्वर में ही देना पड़ता है। दूसरी ओर हम कौआ और काँव-काँव करने को अवमानना के अर्थ में ही प्रयुक्त करते हैं।

मेरे काकपुराण के विवेचन में अचानक बाधा आ पड़ी, क्योंकि गमले और दीवार की संधि में छिपे एक छोटे-से जीव पर मेरी दृष्टि रुक गयी। निकट जाकर देखा, गिलहरी का एक छोटा-सा बच्चा है, जो सम्भवतः घोंसले से गिर पड़ा है और अब कौए जिसमें सुलभ आहार खोज रहे हैं।

काकद्वय की चोंचों के दो घाव उस लघुप्राण के लिए बहुत थे, अतः वह निश्चेष्ट-सा गमले से चिपका पड़ा था।

सबने कहा, कौए की चोंच का घाव लगने के बाद यह बच नहीं सकता, अतः इसे ऐसे ही रहने दिया जावे।

परन्तु मन नहीं माना-उसे हौले से उठाकर अपने कमरे में लायी, फिर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया। कई घंटे के उपचार के उपरान्त उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाया जा सका। तीसरे दिन वह इतना अच्छा और आश्वस्त हो गया कि मेरी उँगली अपने दो नन्हें पंजों से पकड़कर, नीले काँच के मोतियों जैसी आँखों से इधर-उधर देखने लगा।

तीन-चार मास में उसके स्निग्ध रोयें, झब्बेदार पूँछ और चंचल-चमकीली आँखें सबको विस्मित करने लगीं।

हम उसे गिल्लू कहकर बुलाने लगे। मैंने फूल रखने की एक हल्की डलिया में रुई बिछाकर उसे तार से खिड़की पर लटका दिया।

दो वर्ष वही गिल्लू का घर रहा। वह स्वयं हिलाकर अपने घर में झूलता और अपनी काँच के मनकों-सी आँखों से कमरे के भीतर और खिड़की से बाहर न जाने क्या देखता-समझता रहता था। परन्तु उसकी समझदारी और कार्य-कलाप पर सबको आश्चर्य होता था।

जब मैं लिखने बैठती तब अपनी ओर मेरा ध्यान आकर्षित करने की उसे इतनी तीव्र इच्छा होती थी कि उसने एक अच्छा उपाय खोज निकाला।

वह मेरे पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता। उसका यह दौड़ने का क्रम तब तक चलता, जब तक मैं उसे पकड़ने के लिए न उठती।

कभी मैं गिल्लू को पकड़कर एक लंबे लिफ़ाफ़े में इस प्रकार रख देती कि उसके अगले दो पंजों और सिर के अतिरिक्त सारा लघु गात लिफ़ाफ़े के भीतर बंद रहता। इस अद्‌भुत स्थिति में कभी-कभी घंटों मेज़ पर दीवार के सहारे खड़ा रहकर वह अपनी चमकीली आँखों से मेरा कार्य-कलाप देखा करता।

भूख लगने पर चिक-चिक करके मानो वह मुझे सूचना देता और काजू या बिस्कुट मिल जाने पर उसी स्थिति में लिफ़ाफ़े से बाहरवाले पंजों से पकड़कर उसे कुतरता रहता।

फिर गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आया। बाहर की गिलहरियाँ खिड़की की जाली के पास आकर चिक-चिक करके न जाने क्या कहने लगीं।

गिल्लू को जाली के पास बैठकर अपनेपन से बाहर झाँकते देखकर मुझे लगा कि इसे मुक्त करना आवश्यक है।

मैंने कीलें निकालकर जाली का एक कोना खोल दिया और इस मार्ग से गिल्लू ने बाहर जाने पर सचमुच ही मुक्ति की साँस ली। इतने छोटे जीव को घर में पले कुत्ते-बिल्लियों से बचाना भी एक समस्या ही थी। मेरे कमरे से बाहर जाने पर वह भी खिड़की की खुली जाली की राह बाहर चला जाता और दिन भर गिलहरियों के झुण्ड का नेता बना, हर डाल पर उछलता-कूदता रहता और ठीक चार बजे वह खिड़की से भीतर आकर अपने झूले में झूलने लगता।

मुझे चौंकाने की इच्छा उसमें न जाने कब और कैसे उत्पन्न हो गयी थी। कभी फूलदान के फूलों में छिप जाता, कभी परदे की चुन्नट में और कभी सोनजुही की पत्तियों में।

मेरे पास बहुत से पशु-पक्षी हैं और उनका मुझसे लगाव भी कम नहीं है। परन्तु उनमें से किसी को मेरे साथ मेरी थाली में खाने की हिम्मत हुई है, ऐसा मुझे स्मरण नहीं आता।

गिल्लू इनमें अपवाद था। मैं जैसे ही खाने के कमरे में पहुँचती, वह खिड़की से निकलकर आँगन की दीवार-बरामदा पार करके मेज पर पहुँच जाता और मेरी थाली में बैठ जाना चाहता। बड़ी कठिनाई से मैंने उसे थाली के पास बैठना सिखाया, जहाँ बैठकर वह मेरी थाली में से एक-एक चावल उठाकर बड़ी सफाई से खाता रहता। काजू उसका प्रिय खाद्‌य था और कई दिन काजू न मिलने पर वह अन्य खाने की चीज़ें या तो लेना बंद कर देता था या झूले से नीचे फेंक देता था।



उसी बीच मुझे मोटर-दुर्घटना में आहत होकर कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ा। उन दिनों जब मेरे कमरे का दरवाज़ा खोला जाता, गिल्लू अपने झूले से उतरकर दौड़ता और फिर किसी दूसरे को देखकर तेजी से अपने घोंसले में जा बैठता। सब उसे काजू दे जाते, परंतु अस्पताल से लौटकर जब मैंने उसके झूले की सफाई की तो उसमें काजू भरे मिले, जिनसे ज्ञात होता था कि वह उन दिनों अपना प्रिय खाद्‌य कितना कम खाता रहा।

मेरी अस्वस्थता में वह तकिये पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हे-नन्हे पंजों से मेरे सिर और बालों को हौले-हौले सहलाता रहता।

गर्मियों में जब मैं दोपहर में काम करती रहती तो गिल्लू न बाहर जाता, न अपने झूले में बैठता। वह मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता और इस प्रकार समीप भी रहता और ठंडक में भी रहता।

गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया। दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया।

पंजे इतने ठंडे हो रहे थे कि मैंने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।

उसका झूला उतारकर रख दिया गया है और खिड़की की जाली बंद कर दी गई है, परन्तु गिलहरियों की नयी पीढ़ी जाली के उस पार चिक-चिक करती ही रहती है और सोनजुही खिलती ही रहती है।

सोनजुही की लता के नीचे गिल्लू की समाधि है। इसलिए भी कि उसे वह लता सबसे अधिक प्रिय थी, इसलिए भी कि उस लघु गात का, किसी वासन्ती दिन, जुही के पीताभ छोटे फूल के रूप में खिल जाने का विश्वास, मुझे संतोष देता है।

*******

**पाठ का आशय :**

कौन कह सकता है कि पशु-पक्षी भावहीन प्राणी हैं? वे भी हमारी तरह कभी-कभार हमसे भी अधिक भावानुकूल, विचारवान् और सहृदय व्यवहार करते हैं। महादेवी वर्मा ने एक छोटा-सा जीव, गिलहरी के बच्चे का रेखांकन कर प्राणी-जगत् की मानव-सहज जीवन शैली का प्रभावशाली चित्रण किया है। आज के संदर्भ में जहाँ मानव के स्वार्थ के कारण पशु-पक्षी की जातियाँ लुप्त होती जा रही हैं, वहाँ महादेवी वर्मा जी का यह 'संस्मरण' उनकी रक्षा करने और उनके प्रति प्रेमभाव जगाने की दिशा में एक सार्थक प्रयत्न सिद्ध होता है।



**लेखिका का परिचय :**

महादेवी वर्मा जी विश्व स्तर की कवयित्री हैं। उन्हें 'आधुनिक मीरा' भी कहा जाता है। उनका जन्म 24 मार्च, 1907 को फरुखाबाद में हुआ। उनके पिता गोविंद प्रसाद वर्मा और माता हेमारानी थीं। उन्होंने प्रयाग के विश्वविद्यालय से संस्कृत में एम.ए. उपाधि प्राप्त कर प्रयाग के महिला विद्यापीठ में प्रधानाध्यापिका का पद संभाला।

महादेवी वर्मा जी ने गद्य और पद्य दोनों की रचना की है। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं : यामा, सांध्यगीत, दीपशिखा, नीरजा, नीहार, अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ, पथ के साथी, मेरा परिवार, श्रृंखला की कड़ियाँ आदि।

महादेवी वर्मा जी को सेक्सरिया, मंगल प्रसाद, द्विवेदी पदक आदि अनेक पुरस्कार प्राप्त हैं। उनकी 'यामा' के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है।

इस महान् रचनाकार का निधन सितंबर, सन् 1987 को हुआ।

**टिप्पणी :**

**काकभुशुण्डि** : पुराण-कथा में कौए को पक्षियों के गुरु के रूप में स्वीकार किया गया है।

**शब्दार्थ :**

अचानक-यकायक, Suddenly; गमला-फूलों के पेड़ या पौधे लगाने का बर्तन, Pot; घाव-जख्म, हौले से-धीरे से, काँच-शीशा, चुन्नट-सिलवट, ನೆರಿಗೆ ; सोनजुही-एक खुशबूदार फूल, गिलहरी-Squirrel, मोटे रुएँ और लंबी पूँछवाला एक मादा जन्तु; अवतीर्ण-उत्पन्न होना, अवतरित होना; काकद्वय-दो कौए, चोंच-पक्षियों के मुख का अग्र भाग, मरहम-औषधि का लेप, झब्बेदार-गुच्छे

जैसी, डलिया-छोटी टोकरी, मनकें-मणि, गात-शरीर, देह; कीलें-लोहे या काठ की खूँटी, बरामदा-घर के बाहर का भाग, सुराही-ಹೂಜಿ, पानी रखने का बर्तन।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. लेखिका ने कौए को क्यों विचित्र पक्षी कहा है?
2. गिलहरी का बच्चा कहाँ पड़ा था?
3. लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया?
4. वर्मा जी गिलहरी को किस नाम से बुलाती थीं?
5. गिलहरी का लघु गात किसके भीतर बंद रहता था?
6. गिलहरी का प्रिय खाद्य क्या था?
7. लेखिका को किस कारण से अस्पताल में रहना पड़ा?
8. गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था?
9. गिलहरियों की जीवनावधि सामान्यतया कितनी होती है?
10. गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी है?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. लेखिका को गिलहरी किस स्थिति में दिखायी पड़ी?
2. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये?
3. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?
4. वर्मा जी को चौंकाने के लिए गिल्लू कहाँ-कहाँ छिप जाता था?
5. गिल्लू ने लेखिका की गैरहाज़री में दिन कैसे बिताये?

**III. पाँच छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए।
2. लेखिका ने गिलहरी को क्या-क्या सिखाया?
3. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए।
4. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए।

**IV. रिक्त स्थान भरिए :**

1. यह ___________ भी विचित्र पक्षी है।
2. उसी बीच मुझे ___________ में आहत होकर कुछ दिन अस्पताल में रहना पड़ा।
3. गिल्लू के जीवन का प्रथम ___________ आया।
4. मेरे पास बहुत से ___________ हैं।
5. गिल्लू की ___________ का अंत आ ही गया।

**V. अनुरूप शब्द लिखिए :**

1. 1907 : महादेवी वर्मा जी का जन्म:: 1987 : ___________
2. गुलाब : पौधा :: सोनजुही : ___________
3. हंस : सफेद :: कौआ : ___________
4. बिल्ली : म्याऊँ-म्याऊँ :: गिल्लू : ___________
5. कोयल : मधुर स्वर :: कौआ : ___________

**VI. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

1. कई घंटे के उपचार के उपरांत उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाया जा सका।
2. बड़ी कठिनाई से मैंने उसे थाली के पास बैठना सिखाया।

3. गिल्लू मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता था।

4. दिन भर गिल्लू ने न कुछ खाया, न वह बाहर गया।

**VII. दिये गये सही स्त्रीलिंग शब्दों को चुनकर संबंधित पुल्लिंग शब्द के आगे लिखिए :**

(मयूरी, लेखिका, श्रीमती, कुतिया)

| | **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|---|
| 1. | लेखक | __________ |
| 2. | श्रीमान | __________ |
| 3. | मयूर | __________ |
| 4. | कुत्ता | __________ |

**VIII. खाली जगह भरिए :**

| | **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|
| 1. | उँगली | __________ |
| 2. | __________ | आँखें |
| 3. | पूँछ | __________ |
| 4. | __________ | खिड़कियाँ |
| 5. | फूल | __________ |
| 6. | __________ | पंजे |
| 7. | लिफ़ाफ़ा | __________ |
| 8. | कौआ | __________ |
| 9. | __________ | गमले |
| 10. | __________ | घोंसले |

**IX. उदाहरणानुसार प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | चिपकना | चिपकाना | चिपकवाना |
| | लिखना | ____________ | ____________ |
| | मिलना | ____________ | ____________ |
| | चलना | ____________ | ____________ |
| 2. | देखना | दिखाना | दिखवाना |
| | भेजना | ____________ | ____________ |
| | खेलना | ____________ | ____________ |
| | देना | ____________ | ____________ |
| 3. | सोना | सुलाना | सुलवाना |
| | रोना | ____________ | ____________ |
| | धोना | ____________ | ____________ |
| | खोलना | ____________ | ____________ |
| 4. | पीना | पिलाना | पिलवाना |
| | सीना | ____________ | ____________ |
| | सीखना | ____________ | ____________ |
| 5. | माँगना | मँगाना | मँगवाना |
| | बाँटना | ____________ | ____________ |
| | माँझना | ____________ | ____________ |
| | जाँचना | ____________ | ____________ |

**X. विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **निकट** | x | **दूर** | | **उत्तीर्ण** | x | **अनुत्तीर्ण** |
| 1. | दिन | x | ___________ | 1. | उपयोग | x | ___________ |
| 2. | भीतर | x | ___________ | 2. | उपस्थिति | x | ___________ |
| 3. | चढ़ना | x | ___________ | 3. | उचित | x | ___________ |
| | **विश्वास** | x | **अविश्वास** | | **ईमान** | x | **बेईमान** |
| 1. | प्रिय | x | ___________ | 1. | होश | x | ___________ |
| 2. | संतोष | x | ___________ | 2. | खबर | x | ___________ |
| 3. | स्वस्थ | x | ___________ | 3. | चैन | x | ___________ |
| | **बलवान** | x | **बलहीन** | | **धन** | x | **निर्धन** |
| 1. | बुद्धिमान | x | ___________ | 1. | जन | x | ___________ |
| 2. | शक्तिमान | x | ___________ | 2. | बल | x | ___________ |
| 3. | दयावान | x | ___________ | 3. | गुण | x | ___________ |

**XI. समानार्थक शब्दों को चुनकर लिखिए :**

(खाना, शरीर, चिकित्सा, इलाज, देह, तलाश, भोजन, साहस, अचरज, धैर्य, ढूँढ़, आश्चर्य)

| | | | |
|---|---|---|---|
| उदा : | उपचार | चिकित्सा | इलाज |
| 1. | गात | __________ | __________ |
| 2. | आहार | __________ | __________ |
| 3. | विस्मय | __________ | __________ |
| 4. | हिम्मत | __________ | __________ |
| 5. | खोज | __________ | __________ |

**XII. कारक का नाम लिखिए :**

उदा : गमले के चारों ओर - संबंध कारक

1. मुँह में एक बूँद पानी - ____________________
2. गिल्लू को पकड़कर - ____________________
3. जीवन का प्रथम वसंत - ____________________
4. खिड़की की खुली जाली - ____________________
5. मैंने कीलें निकालकर - ____________________
6. झूले से उतरकर - ____________________
7. सुराही पर लेट जाता - ____________________
8. कुछ पाने के लिए - ____________________

**XIII. दी गयी शब्द-पहेली से पशु-पक्षियों के नाम ढूँढ़कर लिखिए:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मो | कु | म | यू | र |
| र | त्ता | ग | रु | ड |
| हं | क | बू | त | र |
| स | बि | ल्ली | कौ | आ |

1) ____________________
2) ____________________
3) ____________________
4) ____________________
5) ____________________
6) ____________________
7) ____________________
8) ____________________

**भाषा ज्ञान**

**I. उदाहरणसहित स्वर संधि के पाँच भेदों का नाम लिखिए।**

## व्यंजन संधि

व्यंजन के साथ स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न परिवर्तन को व्यंजन संधि कहते हैं।

उदाहरण : जगत् + नाथ = जगन्नाथ

सत् + आचार = सदाचार

वाक् + मय = वाङ्मय

वाक् + ईश = वागीश

षट् + दर्शन = षड्दर्शन

**II. संधि विच्छेद करके लिखिए :**

तल्लीन - ______________ चिदानंद - ______________

दिगम्बर - ______________ सज्जन - ______________

सद्गति - ______________

**III. स्वर संधि और व्यंजन संधि के शब्दों की सूची बनाइए :**

सदाचार, गिरीश, वागीश, इत्यादि, सदैव, नयन, जगन्नाथ, महोत्सव षड्दर्शन, जगन्मोहन

| **स्वर संधि** | **व्यंजन संधि** |
|---|---|
| | |

**परियोजना :** पशु-पक्षियों की ध्वनियों की तालिका बनाइए।

**पाठ से आगे -**

* आपके प्रिय पालतू जानवर के बारे में दस वाक्य लिखिए।
* पाठ में प्रयुक्त क्रिया शब्दों की सूची बनाइए।
* पाठ में प्रयुक्त बिंदु, चंद्रबिंदु और नुक्ता के पाँच-पाँच शब्द लिखिए।
* 'यू ट्यूब' में 'गिल्लू' का वीडियो देखिए।

# 4. अभिनव मनुष्य

G9A1H1

**रामधारीसिंह 'दिनकर' -**

**इस कविता के द्वारा बच्चे स्नेह, मानवीयता, भाईचारा आदि का महत्व समझ सकते हैं।**

आज की दुनिया विचित्र, नवीन;
प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन।
है बँधे नर के करों में वारि, विद्युत, भाप,
हुक्म पर चढ़ता-उतरता है पवन का ताप।
हैं नहीं बाकी कहीं व्यवधान
लाँघ सकता नर सरित् गिरि सिन्धु एक समान।



यह मनुज,
जिसका गगन में जा रहा है यान,
काँपते जिसके करों को देख कर परमाणु।

यह मनुज, जो सृष्टि का शृंगार,
ज्ञान का, विज्ञान का, आलोक का आगार।
व्योम से पाताल तक सब कुछ इसे है ज्ञेय,
पर, न यह परिचय मनुज का, यह न उसका श्रेय ।

श्रेय उसका, बुद्धि पर चैतन्य उर की जीत,
श्रेय मानव की असीमित मानवों से प्रीत;
एक नर से दूसरे के बीच का व्यवधान
तोड़ दे जो, बस, वही ज्ञानी, वही विद्वान,
और मानव भी वही।

*******

**कविता का आशय :**
इस पद्यभाग में वैज्ञानिक युग और आधुनिक मानव का विश्लेषण हुआ है। कवि दिनकर जी इस कविता द्वारा यह संदेश देना चाहते हैं कि आज के मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है। परंतु कैसी विडंबना है कि उसने स्वयं को नहीं पहचाना, अपने भाईचारे को नहीं समझा। प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना है, मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है। जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा।

**कवि परिचय :**



कवि रामधारीसिंह दिनकर जी का जन्म ई. सन् 1908 को बिहार प्रांत के मुंगेर जिले में हुआ। पहले वे रेडियो विभाग में काम करते थे। बाद में एक सरकारी कॉलेज के प्राध्यापक बने। आगे चलकर वे भारत सरकार के हिंदी सलाहकार के पद पर नियुक्त हुए। ई. सन् 1974 को इनका देहावसान हुआ ।

कवि की कुछ प्रमुख रचनाएँ हैं - हुँकार, रेणुका, रसवंती, सामधेनी, धूप-छाँह, कुरुक्षेत्र, बापू, रश्मिरथि आदि। कवि की हर रचना में हृदय को प्रभावित और उत्साहित करने की पूर्ण शक्ति है। इनकी भाषा सजीव और विषय के अनुकूल है।

'अभिनव मनुष्य' पद्यभाग 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठ सर्ग से लिया गया है।

**शब्दार्थ :**

अभिनव-नया, नवीन, आधुनिक; वारि-जल, भाष्प, वाष्प - vapour; हुक्म - आज्ञा, व्यवधान - परदा, रुकावट, बाधा; सरित् - नदी, सरिता; सिंधु-सागर, समुद्र; आलोक-प्रकाश, ज्ञेय - जानकारी, श्रेय-यश, कल्याण, मंगल ।

**अभ्यास**

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. आज की दुनिया कैसी है?
2. मानव के हुक्म पर क्या चढ़ता और उतरता है?
3. परमाणु किसे देखकर काँपते हैं?
4. 'अभिनव मनुष्य' कविता के कवि का नाम लिखिए ।
5. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है?
6. नर किन-किनको एक समान लाँघ सकता है?
7. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' - इस पंक्ति का आशय समझाइए ।
2. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है?
3. इस कविता का दूसरा कौन-सा शीर्षक हो सकता है? क्यों?

**III. भावार्थ लिखिए :**

यह मनुज, जो सृष्टि का श्रृंगार,
ज्ञान का, विज्ञान का, आलोक का आगार ।
व्योम से पाताल तक सब कुछ इसे है ज्ञेय,
पर, न यह परिचय मनुज का, यह न उसका श्रेय ।

**IV. उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :**

**उदा : नवीन–आसीन**

1. भाप - __________
2. व्यवधान - __________
3. श्रृंगार - __________
4. ज्ञेय - __________
5. जीत - __________

**V. पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :**

आज की दुनिया ______________, नवीन ;
प्रकृति _______ विजयी ________ आसीन।
____________ में वारि, _______ भाप,
हुक्म पर __________________ का ताप।

**VI. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

1. दुनिया - ________ ________
2. विचित्र - ________ ________
3. नवीन - ________ ________
4. नर - ________ ________
5. वारि - ________ ________
6. कर - ________ ________
7. आगार - ________ ________

**VII. विलोम शब्द लिखिए :**

1. आज x ________
2. ________ x प्राचीन
3. चढ़ता x ________
4. समान x ________
5. ________ x अज्ञान
6. जीत x ________
7. ________ x सीमित
8. तोड़ x ________

**VIII. एक शब्द लिखिए :**

जैसे : सभी जगहों में - सर्वत्र

1. आसन पर बैठा हुआ - ______________
2. बचा हुआ - ______________
3. मनु की संतान - ______________
4. विशेष ज्ञान - ______________
5. अधिक विद्या प्राप्त ______________

**IX. अनुरूप शब्द लिखिए :**

1. गिरि : पहाड़ :: वारि : ______________
2. पवन : वायु : सिंधु : ______________
3. ज़मीन : आसमान : आकाश : ______________
4. नर : आदमी :: उर : ______________

**कविता से आगे -**

- दिनकर जी की अन्य काव्य-कृतियों का परिचय प्राप्त कीजिए।
- "मानव की सही पहचान बुद्धि व तर्क नहीं परंतु मानवीयता है।" - इस विषय पर कक्षा में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कीजिए।

# 5. मेरा बचपन

N2W1Y9

**डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम-**

**इस पाठ के द्वारा छात्र सादगी, धार्मिक सहिष्णुता, मिल-जुलकर रहना और किताबें पढ़ने का प्रयोजन आदि की प्रेरणा पा सकते हैं।**



मेरा जन्म मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) के रामेश्वरम् कस्बे में एक मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। मेरे पिता जैनुलाबदीन की कोई बहुत अच्छी औपचारिक शिक्षा नहीं हुई थी और न ही वे कोई बहुत धनी व्यक्ति थे। इसके बावजूद वे बुद्धिमान थे और उनमें उदारता की सच्ची भावना थी। मेरी माँ, आशियम्मा, उनकी आदर्श जीवनसंगिनी थीं। मेरे माता-पिता को हमारे समाज में एक आदर्श दंपती के रूप में देखा जाता था।

मैं कई बच्चों में से एक था, लंबे-चौड़े व सुंदर माता-पिता का छोटी कद-काठी का साधारण-सा दिखनेवाला बच्चा। हम लोग अपने पुश्तैनी घर में रहते थे। रामेश्वरम् की मसजिदवाली गली में बना यह घर चूने-पत्थर व ईंट से बना पक्का और बड़ा था। मेरे पिता आडंबरहीन व्यक्ति थे और सभी अनावश्यक एवं ऐशो-आरामवाली चीज़ों से दूर रहते थे। पर घर में सभी आवश्यक चीज़ें समुचित मात्रा में सुलभता से उपलब्ध थीं। वास्तव में, मैं कहूँगा कि मेरा बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीता - भौतिक एवं भावनात्मक दोनों ही दृष्टियों से।

मैं प्राय: अपनी माँ के साथ ही रसोई में नीचे बैठकर खाना खाया करता था। वे मेरे सामने केले का पत्ता बिछातीं और फिर उस पर चावल एवं सुगंधित, स्वादिष्ट सांबार डालती; साथ में घर का बना अचार और नारियल की ताज़ी चटनी भी होती।

प्रतिष्ठित शिव मंदिर-जिसके कारण रामेश्वरम् प्रसिद्ध तीर्थस्थल है-का हमारे घर से दस मिनट का पैदल रास्ता था। जिस इलाके में हम रहते थे, वह मुसलिम बहुल था। लेकिन वहाँ कुछ हिंदू परिवार भी थे, जो अपने मुसलमान पड़ोसियों के साथ मिल-जुलकर रहते थे। हमारे इलाके में एक बहुत ही पुरानी मसजिद थी, जहाँ शाम को नमाज़ के लिए मेरे पिताजी मुझे अपने साथ ले जाते थे।

रामेश्वरम् मंदिर के सबसे बड़े पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री मेरे पिताजी के अभिन्न मित्र थे। आध्यात्मिक मामलों पर चर्चाएँ करते रहते। जब मैं प्रश्न पूछने लायक बड़ा हुआ तो मैंने पिताजी से नमाज़ की प्रासंगिकता के बारे में पूछा। वे कहते - 'जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।'

मुझे याद है, पिताजी की दिनचर्या पौ फटने के पहले ही सुबह चार बजे नमाज़ पढ़ने के साथ शुरू हो जाती थी। नमाज़ के बाद वे हमारे नारियल के बाग जाया करते। बाग घर से करीब चार मील दूर था। करीब दर्जन भर नारियल कंधे पर लिये पिताजी घर लौटते और उसके बाद ही उनका नाश्ता होता।

मैंने अपनी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की सारी ज़िंदगी में पिताजी की बातों का अनुसरण करने की कोशिश की है। मैंने उन बुनियादी सत्यों को समझने का भरसक प्रयास किया है कि ऐसी कोई दैवी शक्ति ज़रूर है जो हमें भ्रम, दुःखों, विषाद और असफलता से छुटकारा दिलाती है तथा सही रास्ता दिखाती है।

जब पिताजी ने लकड़ी की नौकाएँ बनाने का काम शुरू किया, उस समय मैं छह साल का था। ये नौकाएँ तीर्थयात्रियों को रामेश्वरम् से धनुषकोडि (सेतुक्कराई भी कहा जाता है) तक लाने-ले जाने के काम आती थीं। एक

स्थानीय ठेकेदार अहमद जलालुद्दीन के साथ पिताजी समुद्र तट के पास नौकाएँ बनाने लगे। बाद में अहमद जलालुद्दीन की मेरी बड़ी बहन ज़ोहरा के साथ शादी हो गई। नौकाओं को आकार लेते हुए मैं गौर से देखता था। पिताजी का कारोबार काफ़ी अच्छा चल रहा था। एक दिन सौ मील प्रति घंटे की रफ़्तार से हवा चली और समुद्र में तूफ़ान आ गया। तूफ़ान में सेतुक्कराई के कुछ लोग और हमारी नावें बह गईं। उसी में पामबन पुल भी टूट गया और यात्रियों से भरी ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तब तक मैंने सिर्फ़ समुद्र की खूबसूरती को ही देखा था। उसकी अपार एवं अनियंत्रित ऊर्जा ने मुझे हतप्रभ कर दिया।

उम्र में काफ़ी फर्क होने के बावजूद अहमद जलालुद्दीन मेरे अंतरंग मित्र बन गए। वह मुझसे करीबन पंद्रह साल बड़े थे और मुझे 'आज़ाद' कहकर पुकारा करते थे। हम दोनों रोज़ाना शाम को दूर तक साथ घूमने जाया करते। हम मसजिदवाली गली से निकलते और समुद्र के रेतीले तट पर चल पड़ते। मैं और जलालुद्दीन प्रायः आध्यात्मिक विषयों पर बातें करते।

प्रसंगवश मुझे यहाँ यह भी उल्लेख कर देना चाहिए कि पूरे इलाके में सिर्फ़ जलालुद्दीन ही थे, जो अंग्रेज़ी में लिख सकते थे। मेरे परिचितों में, जलालुद्दीन के बराबर शिक्षा का स्तर किसीका भी नहीं था और न ही किसीको उनके बराबर बाहरी दुनिया के बारे में पता था। जलालुद्दीन मुझे हमेशा शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते रहते थे। वही थे जिन्होंने मुझे सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया।

मेरे बाल्यकाल में पुस्तकें एक दुर्लभ वस्तु की तरह हुआ करती थीं। हमारे यहाँ स्थानीय स्तर पर एक पूर्व क्रांतिकारी या कहिए, उग्र राष्ट्रवादी एस.टी.आर. मानिकम का निजी पुस्तकालय था। उन्होंने मुझे हमेशा पढ़ने के लिए उत्साहित किया । मैं, अक्सर उनके घर से पढ़ने के लिए किताबें ले आया करता था।

दूसरे जिस व्यक्ति का मेरे बाल-जीवन पर गहरा असर पड़ा, वह मेरे चचेरे भाई शम्सुद्दीन थे। वह रामेश्वरम् में अखबारों के एकमात्र वितरक थे। अखबार रामेश्वरम् स्टेशन पर सुबह की ट्रेन से पहुँचते थे, जो पामबन से आती थी। इस अखबार एजेंसी को अकेले शम्सुद्दीन ही चलाते थे। रामेश्वरम् में अखबारों की जुमला एक हज़ार प्रतियाँ बिकती थीं।



बचपन में मेरे तीन पक्के दोस्त थे - रामानंद शास्त्री, अरविंदन और शिवप्रकाश। ये तीनों ही ब्राह्मण परिवारों से थे। रामानंद शास्त्री तो रामेश्वरम् मंदिर के सबसे बड़े पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री का बेटा था। अलग-अलग धर्म, पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई को लेकर हममें से किसी भी बच्चे ने कभी भी आपस में कोई भेदभाव महसूस नहीं किया।

*******

**पाठ का आशय :**

भारत के राष्ट्रपति कलाम जी का जीवन सादगी का मिसाल था। उनके माता-पिता का परिश्रम, आडंबरहीन जीवन सबके लिए आदर्शप्राय है। उनका परिवार अतिथियों की सेवा से संतृप्त था। उनका परिवार धार्मिक एकता को मानता था। बच्चों के चैतन्यशील, बहुमुखी व्यक्तित्व के निर्माण के लिए ऐसे आदर्श व्यक्तियों की जीवनी प्रेरणाप्रद है।

**लेखक परिचय :**

**अउल फकीर जैनुलाबदीन अब्दुल कलाम** जी का जन्म 15-10-1931 को हुआ। बड़े वैज्ञानिक डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी 25-07-2002 से 24-07-2007 तक हमारे देश के राष्ट्रपति थे। देश के आदर्श तथा 'जनवादी राष्ट्रपति' के नाम से भारत के करोड़-करोड़ हृदयों में प्रतिष्ठित कलाम जी अपनी 82 वर्षों की उम्र में भी अनेकानेक सामाजिक प्रगतिशील आंदोलनों में अत्यंत सक्रिय रहे। बच्चों तथा युवकों के चैतन्यशील एवं बहुमुखी व्यक्तित्व के निर्माणार्थ आपके नये अभियान का मंत्र था - 'मैं क्या दूँ?' स्वपरिवर्तन की ओर उन्मुख इस अभियान का उद्घोष था - ईमानदार कार्य एवं ईमानदार का नाम। 'होमपाल' अभियान द्वारा आप बचपन में ही इन सवालों को बोना चाहते थे कि ''मैं देश के लिए क्या दे सकता हूँ? समाज एवं परिसर के लिए क्या कर सकता हूँ?''

(देखिए : http://www.whatcanigive.info)

**शब्दार्थ :**

कस्बा - छोटा शहर, जीवन संगिनी-पत्नी, रोज़ाना - नित्य, कद-काठी - देह का गठन, समुचित - योग्य, पुश्तैनी - पैतृक, जो पीढ़ियों से चला आता हो, जो कई पीढ़ियों तक चला जाय ; बहुल - बहुत , पौ फटना (मुहावरा) - प्रभात होना , बुनियाद - नींव, भरसक - यथा शक्ति, काम आना (मुहावरा) - इस्तेमाल होना, काम में आना; तट - किनारा , रफ़्तार - गति, रेत - बालू , असर - प्रभाव , जुमला -कुल, महसूस - जिसका ज्ञान या अनुभव हो, ठेका - a contract (नियत समय या दर पर कोई काम या बात करने-कराने का इकरार) , हतप्रभ-निस्तेज, शिथिल; करीबन - लगभग, स्तर - मान, उपलब्धि - प्राप्ति , दायरा - कार्यक्षेत्र, वृत्त ; अक्सर - प्राचः अधिकतर, वितरक - बाँटनेवाला , कारोबार - कार्यव्यापार।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. अब्दुल कलाम जी का जन्म कहाँ हुआ?
2. अब्दुल कलाम जी बचपन में किस घर में रहते थे?
3. अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी?
4. अब्दुल कलाम जी के चचेरे भाई कौन थे?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. अब्दुल कलाम का बचपन बहुत ही निश्चिंतता और सादगी में बीतने के कारण लिखिए ।
2. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं?
3. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे?
4. जैनुलाबदीन ने कौन-सा काम शुरू किया?

**III. चार या पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. शम्सुद्दीन अखबारों के वितरण का कार्य कैसे करते थे?

**IV. इन मुहावरों पर ध्यान दीजिए :**

पौ फटना = प्रभात होना

काम आना = काम में आना, इस्तेमाल होना

**V. अन्य वचन रूप लिखिए :**

बच्चा, गली, केला, नौका, प्रतियाँ, पुस्तकें

**VI. विलोम शब्द लिखिए :**

बहुत, शाम, सफल, अच्छा, बड़ा, अपना

**VII. जोड़कर लिखिए :**

| अ | आ |
|---|---|
| 1. मेरे पिता | चचेरे भाई |
| 2. मद्रास राज्य | अंतरंग मित्र |
| 3. शम्सुद्दीन | रामानंद शास्त्री |
| 4. अहमद जलालुद्दीन | जैनुलाबदीन |
| 5. पक्का दोस्त | तमिलनाडु |
| | रामेश्वरम् |

**VIII.रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

1. आशियम्मा उनकी आदर्श ______________ थीं।
2. रामेश्वरम् प्रसिद्ध ______________ है।
3. पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री मेरे पिताजी के ______________ थे।
4. अखबार एजेंसी को अकेले ______________ ही चलाते थे।
5. अहमद जलालुद्दीन की ______________ के साथ शादी हो गई।

**IX. अनुरूपता :**

1. गांधीजी : राष्ट्रपिता :: अब्दुल कलामः ______________
2. जलालुद्दीन : जीजा :: शम्सुद्दीन : ______________
3. ट्रेन : भू-यात्रा :: नौका : ______________
4. हिंदू : मंदिर :: इस्लाम : ______________

**X. सही शब्द से खाली स्थान भरिए :**

1. अब्दुल कलाम का जन्म ___________ में हुआ।

   अ) चेन्नै   आ) बेंगलूरु   इ) रामेश्वरम्   ई) श्रीरंगम्

2. रामेश्वरम् में प्रतिष्ठित ___________ मंदिर है।

   अ) विष्णु   आ) अय्यप्पा   इ) हनुमान   ई) शिव

3. जैनुलाबदीन की दिनचर्या ___________ के पहले शुरू होती थी।

   अ) पौ फटने   आ) सूर्यास्त   इ) दोपहर   ई) शाम

4. अहमद जलालुद्दीन अब्दुल कलाम को ___________ कहकर पुकारा करते थे।

   अ) अब्दुल   आ) आज़ाद   इ) राष्ट्रवादी   ई) कलाम

**XI. वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

जीवन संगिनी, पुश्तैनी, प्रसिद्ध, दिनचर्या, संतुष्टि

**XII. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

घर, बुनियाद, शाम, शरीर, दोस्त

**भाषा ज्ञान**

**I. उदाहरण के अनुसार प्रेरणार्थक क्रिया शब्दों को लिखिए :**

पढ़ना - पढ़ाना

1. देखना - ___________
2. सुनना - ___________
3. करना - ___________

4. जगना - ___________

5. भेजना - ___________

6. चलना - ___________

7. बैठना - ___________

8. रोना - ___________

9. धोना - ___________

10. देना - ___________

**II. उदाहरण के अनुसार प्रेरणार्थक शब्दों की सहायता से पाँच वाक्य बनाइए :**

उदा : अध्यापक कहानी सुनाते हैं।

1. ________________________________________

2. ________________________________________

3. ________________________________________

4. ________________________________________

5. ________________________________________

**पाठ से आगे -**

भारत के राष्ट्रपतियों के चित्रों का संग्रह करके उनका संक्षिप्त परिचय दीजिये।

# 6. बसंत की सच्चाई

Q3L2F6

**विष्णु प्रभाकर -**

**छात्र इस एकांकी में चित्रित बालक के चरित्र से प्रेरित होकर प्रामाणिकता से जीना सीख सकते हैं।**

## पात्र-परिचय

बसंत : एक गरीब शरणार्थी लड़का

प्रताप : बसंत का छोटा भाई

पंडित राजकिशोर : एक नेता

डॉक्टर तथा दो राह चलते व्यक्ति

## पहला दृश्य

(स्टेज पर सुविधानुसार एक बड़े नगर के बाज़ार का प्रतीकात्मक दृश्य। आने-जाने, लेने-देने का शोर, फेरीवालों की पुकार। उन्हींके बीच में एक लड़का, नंगे पैर, फटे कपड़े पहने, हाथ में सामान संभाले भागता हुआ आता है। उसकी आयु लगभग 12 वर्ष की है। उसका नाम बसंत है। वह पुकार रहा है।)



बसंत : छलनी ले लो, बटन ले लो, दियासलाई ले लो।

(कोई उसकी बात नहीं सुनता। सब उसे देखते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। इसी समय एक खद्‌दरधारी व्यक्ति वहाँ से जाते दिखाई देते हैं। वे मजदूर नेता पं. राजकिशोर हैं। बसंत उन्हें देखकर उनके पीछे भागता है।)

बसंत : साहब! बटन लीजिए, देसी बटन। साहब, दियासलाई लीजिए।

राजकिशोर : भाई! मुझे कुछ नहीं चाहिए। जाओ, किसी और को दो।

बसंत : साहब छलनी लीजिए। दूध छानिए, चाय छानिए...

राजकिशोर : मुझे नहीं चाहिए।

बसंत : बटन...

राजकिशोर : नहीं।

बसंत : दियासलाई...

राजकिशोर : नहीं, नहीं।

बसंत : (विनम्र स्वर) साहब एक छलनी ले लीजिए। सिर्फ दो आना कीमत है।

राजकिशोर : पर भाई ! मुझे नहीं चाहिए तो कैसे ले लूँ ?

बसंत : अच्छा आप छः पैसे...।

राजकिशोर : ओहो! कह दिया मुझे कुछ नहीं चाहिए।

बसंत : (रुआँ-सा) साहब, सबेरे से अब तक कुछ नहीं बिका। आपसे आशा थी। साहब! एक तो ले लीजिए।

राजकिशोर : (जेब से दो पैसे निकालते हुए) तुम तो... अच्छा तुम्हें पैसे चाहिए। लो, ये दो पैसे लो और जाओ।

बसंत : (एकदम) नहीं साहब, नहीं। मैं पैसे नहीं लूँगा।

राजकिशोर : नहीं लोगे ?

बसंत : जी नहीं, आप छलनी ख़रीद लीजिए।

राजकिशोर : अच्छा, एक छलनी में तुम्हें क्या बचेगा ?

बसंत : दो पैसे।

राजकिशोर : तो बस पैसे ले लो और समझ लो मैंने एक छलनी ख़रीद ली।

बसंत : नहीं साहब, नहीं। यह तो भीख है। मैं भीख नहीं लूँगा। आप छलनी ले लें।

(राजकिशोर पर इस बात का बड़ा असर होता है। वे सहसा उस बच्चे को देखते हैं फिर जेब टटोलते हैं, पर पैसे नहीं मिलते।)

राजकिशोर : भाई, मेरे पास पैसे नहीं हैं। होते तो ले लेता, नोट है।

बसंत : (उदास) नोट है। पैसे तो मेरे पास भी नहीं हैं। कुछ बिका ही नहीं।

राजकिशोर : तभी तो कहता था। अच्छा, कल ले लूँगा या मेरे घर ले आना। किशनगंज में रहता हूँ।

बसंत : (एकदम) नहीं साहब, आज ही ले लीजिए। आप नोट मुझे दीजिए, मैं अभी बाज़ार से भुना लाता हूँ।

राजकिशोर : भाई तुम तो...

बसंत : बस मैं यह आया।

राजकिशोर : अच्छा लो, भुना लाओ, अभी आना।

बसंत : अभी आया, साहब। आप यहीं ठहरें ; अभी पलक मारते ही आया।

(बसंत नोट लेकर बाज़ार की ओर भागता है। राजकिशोर वहीं खड़े रहते हैं। धीरे-धीरे पंद्रह-बीस मिनट बीत जाते हैं। जैसे-जैसे समय बीतता है, वे उत्सुक होकर बाज़ार की ओर देखते हैं।)

राजकिशोर : पंद्रह मिनट हो गए, अब तक नहीं आया। कहाँ रह गया? मुझे तो लगता है अब नहीं लौटेगा।

## दूसरा दृश्य

(स्टेज पर ज़रा सा परिवर्तन के साथ पहले जैसा दृश्य। एक ओर किशनगंज का बोर्ड लगा हुआ है। हल्का शोर है। संध्या हो गई है। लोग घरों की ओर लौट रहे हैं। उन्हींके बीच में एक दुबला-पतला लड़का जल्दी-जल्दी आता है। वह नंगे पैर है, कपड़े फटे हैं। आयु लगभग दस वर्ष है। उसकी शक्ल बसंत से मिलती है। वह उसका छोटा भाई प्रताप है। वह आते-जाते व्यक्तियों से कुछ पूछ रहा है। उसके मुख पर व्यग्रता है।)

प्रताप : क्यों जी, किशनगंज यही है ?

एक व्यक्ति : हाँ।

प्रताप : पं.राजकिशोर कहाँ रहते हैं ?

एक व्यक्ति : कौन राजकिशोर ?

प्रताप : जो लैक्चर देते हैं। मजदूरों की बस्ती में जाते हैं।

एक व्यक्ति : मैं नहीं जानता, आगे पूछो।

(प्रताप आगे बढ़ जाता है, और एक दूसरे व्यक्ति से पूछता है।)

प्रताप : क्यों जी, पं.राजकिशोर कहाँ रहते हैं ?

दूसरा व्यक्ति : कौन पं.राजकिशोर ? वे जो मजदूरों के नेता हैं ?

प्रताप : हाँ, हाँ, वे ही।

दूसरा व्यक्ति : (इशारा करके) उधर देखो, वह नीला परदा है न!

प्रताप : हाँ।

दूसरा व्यक्ति : बस वे वहीं रहते हैं।

(व्यक्ति आगे बढ़ जाता है। प्रताप नीले परदेवाले मकान के सामने जाकर पुकारता है।)

प्रताप : राजकिशोर जी, पं.राजकिशोर जी !

(अंदर से आवाज़ आती है।)

राजकिशोर : कौन ? (खिड़की से झाँककर देखते हैं) क्यों भाई, क्या बात है?

प्रताप : जी, मुझे मेरे भाई ने भेजा है।

राजकिशोर : तुम्हारा भाई ! ठहरो मैं आता हूँ। (बाहर आकर) तेरा भाई कौन है, बच्चे !



प्रताप : आज दोपहर को उसने आपको एक छलनी बेची थी।

राजकिशोर : हाँ, हाँ, आज मैंने एक लड़के से एक छलनी ली थी। एक रुपए का नोट दिया था।

प्रताप : वह नोट भुनाने गया था, मगर जब भुनाकर लौट रहा था तो मोटर के नीचे आ गया। मोटर उसके ऊपर से निकल गई।

राजकिशोर : (अचरज) क्या ! मोटर उसके ऊपर से निकल गई !

प्रताप : (स्वर गिरता है) उसका सामान, पैसे, सब बिखर गए। उसके दोनों पैर कुचले गए।

राजकिशोर : (भय) पैर कुचले गए...

प्रताप : (रुआँ-सा) जी हाँ। और इसलिए वह आपके पास न आ सका। वह बेहोश हो गया था। बड़ी मुश्किल से उसे घर ले गए। बड़ी देर में जब उसे होश आया तो उसने मुझे आपके पैसे लौटाने को कहा। मैं आपके साढ़े चौदह आने लाया हूँ।

राजकिशोर : (खोया-खोया) मेरे साढ़े चौदह आने लाए हो! उसने भेजे हैं! लेकिन बच्चे ! वह अब कहाँ है ?

प्रताप : घर।

राजकिशोर : घर में कौन है ?

प्रताप : कोई नहीं।

राजकिशोर : कोई नहीं...?

प्रताप : जी हाँ ! मैं और मेरा भाई, हम दोनों भीखू अहीर के घर में रहते हैं।

राजकिशोर : तुम्हारे माँ-बाप क्या...

प्रताप : (रो पड़ता है) वे मारे गए। दंगों के दिनों में उन्हें किसी ने मार डाला...

राजकिशोर : (खोया-खोया) उन्हें किसी ने मार डाला? तुम दोनों भीखू अहीर के घर रहते हो! (एकदम जागकर) बच्चे! रोओ मत। मैं अभी तुम्हारे साथ चलता हूँ। अभी...

प्रताप : आप मेरे साथ चलेंगे ?

राजकिशोर : हाँ, अभी चलो। (आगे बढ़ते हैं) पर हाँ ! तुम्हारा घर कहाँ है ?

प्रताप : अहीर टीले में।

राजकिशोर : (अंदर की ओर देखकर) अमरसिंह! मैं अहीर टीला जा रहा हूँ। तुम इसी वक्त डॉ. वर्मा को लेकर वहाँ आओ। कहना कि एक लड़के की टाँगें मोटर के नीचे आकर कुचली गई हैं। जल्दी करो! भीखू अहीर का घर पूछ लेना। (मुड़कर) आओ बच्चे, चलें।

(प्रताप चकित-विस्मित उन्हें देखता है। फिर ठगा-सा उनके आगे-आगे जाता है। परदा गिरता है।)

## तीसरा दृश्य

(स्टेज पर एक कच्चे घर के अंदर के ओसारे का दृश्य। ज़मीन पर दरी बिछी है, उस पर बसंत लेटा है। रह-रह कर दर्द से कराह उठता है। प्रताप और राजकिशोर का प्रवेश)

प्रताप : यह रहा, साहब।

राजकिशोर : अरे ! यह तो ज़मीन पर लेटा है।

बसंत : (चकित होकर) आप ! आप आए हैं....

राजकिशोर : कहाँ चोट लगी है, बेटा ? देखूँ....

(राजकिशोर पास आकर टाँग देखते हैं। किसी ने फस्ट ऐड दी है। पट्टी बँधी है। छूते ही चीख़ निकल जाती है। बसंत ओठ भींचकर आह खींचता है।)

बसंत : ओह, ओह ...

(राजकिशोर कुछ देर इसी तरह देखते हैं।)

राजकिशोर : नहीं, नहीं, घबराओ नहीं।

बसंत : (दर्द से कराहते हुए) मैं मोटर से टकरा गया था, इसलिए तब आपके पैसे न लौटा सका।

राजकिशोर : उस बात की चिंता न करो, बेटा! मैंने डॉक्टर को बुलवाया है। तुम ठीक हो जाओगे।

बसंत : डॉक्टर को बुलवाया है...

(डॉक्टर का प्रवेश)

डॉक्टर : हैलो पंडित जी ! मैंने इसे बाज़ार में देखा है।

राजकिशोर : जी हाँ ! ज़रा देखिए तो।

(डॉक्टर पैर देखते हैं। बसंत ज़ोर से ओठ भींचता है। प्रताप की आँखों से आँसू झरते हैं। वह कभी भाई को देखता है, कभी डॉक्टर को। राजकिशोर उत्सुकता से पूछते हैं।)

राजकिशोर : क्यों डॉक्टर ! ठीक हो जाएगा न ?

डॉक्टर : (गंभीर) पंडित जी ! ऐसा लगता है कि पैर की हड्डी टूट गई है। स्क्रीन करके देखना होगा। दूसरा पैर ठीक है, पर इसे अभी अस्पताल ले जाना चाहिए।

राजकिशोर : तो क्या हुआ, अभी ले चलो। मैं एम्बुलंस के लिए फोन कर आता हूँ।

डॉक्टर : जी हाँ, कर आइए। मैं तब तक इंजेक्शन लगाता हूँ।

बसंत : (आँखें खोलकर)आप ! आप क्या कर रहे हैं ? मैं गरीब हूँ...



राजकिशोर : (हँसकर) तुम चिंता मत करो। बस चुपचाप लेटे रहो बेटा! डॉक्टर साहब ! जब तक मैं नहीं आता आप यहीं रहें, इसे बचाना ही होगा। यह गरीब है पर इसमें एक दुर्लभ गुण है, यह ईमानदार है।

(डॉक्टर प्रताप की सहायता से इंजेक्शन तैयार करते हैं। बसंत आँखें बंद कर लेता है। क्षण भर के लिए उसके मुख पर शांति और कृतज्ञता उभर आती है। डॉक्टर इंजेक्शन लगाते हैं, बसंत ओठ भींचता है। प्रताप भाई का सिर थामता है, और परदा गिरता जाता है।)

*******

**पाठ का आशय :**

विष्णु प्रभाकर मानव-मन के पारखी लेखक हैं। इस एकांकी में उन्होंने स्वाभिमान, परदुःखकातरता जैसी मानवीय भावनाओं का सुंदर चित्रण किया है। गरीब होकर भी स्वाभिमानी और परिश्रम की कमाई से जीनेवाले बसंत और प्रताप एक ओर हैं तो दूसरी ओर कंगालों के प्रति हमदर्दी दिखाते हुए आदर के साथ व्यवहार करनेवाले राजकिशोर जैसे पात्र अनुसरणीय हैं।

**लेखक परिचय : विष्णु प्रभाकर (1912-2009)**



मानव-जीवन का यथार्थ चित्रण करनेवाले लेखकों में विष्णु प्रभाकर जी का महत्वपूर्ण स्थान है। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर के मीरपुर में सन् 1912 ई. में हुआ। पंजाब में शिक्षा पाकर वहीं 15 वर्ष तक उन्होंने सरकारी नौकरी की। सन् 1955 में आकाशवाणी के दिल्ली केंद्र में नाटक निर्देशक बने। डेढ़ वर्ष बाद वहाँ से त्यागपत्र दिया और तब से स्वतंत्र साहित्यिक के रूप में जीवन यापन कर रहे थे ।

विष्णु प्रभाकर जी गांधीवादी लेखक माने जाते हैं। आपके एकांकी मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत हैं। मानवीय संबंधों का मनोवैज्ञानिक धरातल पर भावात्मक चित्रण उनके एकांकियों की विशेषता है। उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं - आवारा मसीहा, तट के बंधन, निशिकांत, दर्पण का व्यक्ति, धरती अब भी घूम रही है, युगे-युगे क्रांति, गृहस्थी आदि।

**शब्दार्थ :**

राह - रास्ता, मार्ग ; दियासलाई - ಬೆಂಕಿಕಡ್ಡಿ , Matchstick; छलनी - जालीदार छोटा उपकरण, एक आना- छः पैसे, रुआँ-सा - रोने जैसे, अहीर - ग्वाला, ओठ-भींचना - दर्द सहन करना, फेरीवाले - घूम-फिरकर सामान बेचनेवाले व्यापारी, भुना लाना - बड़े सिक्के को चिल्लर/छुट्टे के रूप में बदलना, ओसारा - बरामदा, घर के आगे का भाग; शक्ल - स्वरूप, आकृति; व्यग्रता - व्याकुल, उद्विग्न, बेचैन ।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बसंत क्या-क्या बेचता था?
2. बसंत के भाई का नाम क्या था ?
3. पंडित राजकिशोर क्या काम करते थे ?
4. छलनी का दाम क्या था ?
5. बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे ?
6. 'बसंत की सच्चाई' एकांकी में कितने दृश्य हैं?
7. एकांकी का प्रथम दृश्य कहाँ घटता है?

8. बसंत के घर पर डॉक्टर को कौन ले आता है?

9. पं.राजकिशोर के अनुसार बसंत में निहित दुर्लभ गुण कौन-सा है?

10. पं.राजकिशोर कहाँ रहते थे?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. छलनी से क्या-क्या कर सकते हैं ?
2. बसंत राजकिशोर से क्या विनती करता है?
3. बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है?
4. बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?
5. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया?
6. बसंत ने राजकिशोर को छलनी खरीदने के लिए किस तरह प्रेरित किया?
7. बसंत के पैर देखकर डॉक्टर ने क्या कहा ?

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे?
2. बसंत और प्रताप अहीर के घर में क्यों रहते हैं?
3. राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

**IV. अनुरूपता :**

1. पं.राजकिशोर : किशनगंज :: बसंत : ___________
2. पं.राजकिशोर : मजदूरों के नेता :: बसंत : ___________
3. पं.राजकिशोर : मालिक :: अमरसिंह : ___________
4. प्रताप : छोटा भाई :: वर्मा : ___________
5. **?** : प्रश्नार्थक चिह्न :: **!** : ___________

**V. रिक्त स्थान भरिए :**

1. मैं अभी बाज़ार से __________ लाता हूँ ।
2. मैं आपके __________ आने लाया हूँ ।
3. हम दोनों __________ के घर में रहते हैं ।
4. मैं __________ के लिए फोन कर आता हूँ ।
5. इसमें एक दुर्लभ गुण है, यह __________ है ।

**VI. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार लिखिए :**

1. एक छलनी में तुम्हें क्या बचेगा ? (वर्तमानकाल में)
2. मैं अभी बाज़ार से भुना लाता हूँ । (भूतकाल में)
3. एक दूसरे व्यक्ति से पूछता है । (भविष्यत्‌काल में )

**VII. विलोमार्थक शब्द लिखिए :**

1. पीछे × __________
2. खरीदना × __________
3. लेना × __________
4. आना × __________
5. शांति × __________
6. गरीब × __________

**VIII. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

1. उसकी आयु लगभग 12 वर्ष की है।
2. सबेरे से अब तक कुछ नहीं बिका।

3. मैं भीख नहीं लूँगा।

4. बड़ी मुश्किल से बसंत को घर ले गए।

5. बसंत ओठ भींचकर आह खींचता है।

6. यह गरीब है पर इसमें एक दुर्लभ गुण है।

**IX. परियोजना :**

- विष्णु प्रभाकर के अन्य एकांकियों की सूची बनाइए और किसी एक एकांकी का सार संक्षेप में लिखिए ।

**भाषा ज्ञान**

**I. लिंग पहचानकर अलग-अलग सूची बनाइए और उनके अन्य लिंग शब्द लिखिए :**

लड़का, बच्ची, दुबला, पतला, थैली, साहिबा, भाई, माँ, डॉक्टर, पंडिताइन

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| उदा: 1. लड़का | लड़की |
| 2. ________ | बच्ची |
| 3. दुबला | ________ |
| 4. ________ | ________ |
| 5. ________ | ________ |
| 6. ________ | ________ |
| 7. ________ | ________ |
| 8. ________ | ________ |
| 9. ________ | ________ |
| 10. ________ | ________ |

**II. रेखांकित शब्द का वचन पहचानिए और उस शब्द का अन्य वचन रूप लिखिए :**

उदा : राजकिशोर पर इस बात का बड़ा असर होता है। बातें

1. फिर वे जेब टटोलते हैं। ________
2. अंदर से आवाज़ आती है । ________
3. एक लड़के की टाँगें मोटर के नीचे कुचली गई हैं। ________
4. बसंत आँखें बंद कर लेता है। ________
5. लोग अपने-अपने घर लौट रहे हैं। ________
6. लोग घर की ओर लौट रहे हैं। ________
7. मजदूरों की बस्ती में राजकिशोर का मकान है। ________
8. बसंत के दोनों पैर कुचले गए। ________
9. मेरे पास पैसे नहीं हैं। ________
10. उसका कपड़ा फटा है। ________
11. राजकिशोर खिड़की से झाँकते हैं। ________
12. बसंत के पैर की हड्डी टूट गयी है। ________

**समास**

'समास' का तात्पर्य है 'संक्षिप्तीकरण'। दो या दो से अधिक शब्दों का मेल 'समास' कहलाता है। इनके मेल से उत्पन्न नया और सार्थक शब्द 'सामासिक पद' अथवा 'समस्त पद' कहलाता है। शब्दों को अलग करके लिखना 'विग्रह वाक्य' कहलाता है।

| जैसे : | **समस्तपद** | **विग्रह वाक्य** |
|---|---|---|
| 1. | राजपुत्र | राजा का पुत्र |
| 2. | माता-पिता | माता और पिता |

'समास' में दो पद होते हैं।

1. पूर्वपद - पहला पद
2. उत्तर पद - दूसरा पद अथवा आगेवाला पद

**जैसे :** पलक मारना - पूर्वपद-पलक, उत्तर पद-मारना,
विग्रह वाक्य- पलक को मारना

**III. रिक्त स्थान भरिए:**

| | **समस्त पद** | **विग्रह वाक्य** | **समास का भेद** |
|---|---|---|---|
| उदा: | बेहोश | होश जिसमें न हो | अव्ययीभाव समास |
| 1. | सुविधानुसार | ________ | तत्पुरुष समास |
| 2. | दुबला-पतला | ________ | ________ |
| 3. | ________ | नीले रंगवाला परदा | ________ |
| 4. | पंद्रह मिनट | ________ | ________ |
| 5. | ________ | टूटे हैं पैर जिसके | ________ |

**पाठ से आगे -**

- 'बसंत की सच्चाई' एकांकी का मंचन अपनी कक्षा में कीजिए।
- प्रेमचंद की कोई एक कहानी पढ़िए और कक्षा में सुनाइए।
- 'यू ट्यूब' में 'ईमानदार लड़का' वीडियो देखिए और कक्षा में चर्चा कीजिए।

# 7. तुलसी के दोहे

A7B8G1

**गोस्वामी तुलसीदास -**

**इन दोहों के द्‌वारा छात्र अच्छे कर्म करने और नैतिकता से जीवन बिताने की सीख प्राप्त कर सकते हैं।**



1. मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।
   पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।
2. जड़ चेतन, गुण-दोषमय, विस्व कीन्ह करतार ।
   संत-हंस गुण गहहिं पय, परिहरि वारि विकार ।।
3. दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
   तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ।।



4. तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।
   साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।
5. राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।
   तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

*******

**दोहों का आशय :**

तुलसीदास जी ने इन दोहों में मुखिया के लक्षण, संत का स्वभाव आदि पर प्रकाश डाला है। साथ ही उन्होंने दया-धर्म का महत्व, अभिमान, त्याग, विवेकयुत व्यवहार, राम पर विश्वास, राम नाम जाप इत्यादि का बखान करते हुए सुझाव दिया है कि इनसान को नीतियुत जीवन बिताना चाहिए।

## कवि परिचयः

## गोस्वामी तुलसीदास(सन्1532-1623)

गोस्वामी तुलसीदास हिंदी साहित्य के भक्तिकाल की रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि हैं। तुलसीदास का जन्म सन् 1532 में उत्तर प्रदेश के राजापुर में हुआ था। उनके पिता का नाम आत्माराम और माता का हुलसी था। कहा जाता है कि जब तुलसीदास जी का जन्म हुआ, तब उन्होंने राम नाम का उच्चारण किया था। इसलिए उनके बचपन का नाम 'रामबोला' पड़ा। तुलसीदास भगवान राम के अनन्य भक्त थे।



उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं - रामचरित मानस, विनय-पत्रिका, गीतावली, दोहावली, कवितावली आदि। सन् 1623 को काशी में उनका देहांत हुआ।

**शब्दार्थ :**

मुखिया-नेता, सकल-संपूर्ण, विस्व-संसार, कीन्ह-किया, करतार-सृष्टिकर्ता, पय-दूध, परिहरि-त्यागना, वारि-पानी, घट-शरीर, विपत्ति-संकट, सुकृति-अच्छे कार्य, जीह-जीभ, चाहसी-चारों ओर।

**भावार्थ :**

1. प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास मुख अर्थात् मुँह और मुखिया दोनों के स्वभाव की समानता दर्शाते हुए लिखते हैं कि मुखिया को मुँह के समान होना चाहिए। मुँह खाने-पीने का काम अकेला करता है, लेकिन वह जो खाता-पीता है उससे शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण करता है। तुलसी की राय में मुखिया को भी ऐसे ही विवेकवान होना चाहिए कि वह काम अपनी तरह से करें लेकिन उसका फल सभी में बाँटे।

2. प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास हंस पक्षी के साथ संत की तुलना करते हुए उसके स्वभाव का परिचय देते हैं - सृष्टिकर्ता ने इस संसार को जड़-चेतन और गुण-दोष मिलाकर बनाया है। अर्थात्, इस संसार में अच्छे-बुरे (सार-निस्सार), समझ-नासमझ के रूप में अनेक गुण-दोष भरे हुए हैं, लेकिन हंस रूपी साधु लोग विकारों को छोड़कर अच्छे गुणों को अपनाते हैं ।

3. प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास ने स्पष्टतः बताया है कि दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का । इसलिए कवि कहते हैं कि जब तक शरीर में प्राण हैं, तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए।

4. प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी कह रहे हैं कि मनुष्य पर जब विपत्ति पड़ती है तब विद्‌या, विनय तथा विवेक ही उसका साथ निभाते हैं। जो राम पर भरोसा करता है, वह साहसी, सत्यव्रती और सुकृतवान बनता है।

5. प्रस्तुत दोहे के द्‌वारा तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्‌य शुद्धि होती है।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. तुलसीदास मुख को क्या मानते हैं ?
2. मुखिया को किसके समान रहना चाहिए ?
3. हंस का गुण कैसा होता है ?
4. मुख किसका पालन-पोषण करता है?
5. दया किसका मूल है?

6. तुलसीदास किस शाखा के कवि हैं?

7. तुलसीदास के माता-पिता का नाम क्या था?

8. तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था?

9. पाप का मूल क्या है?

10. तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन हैं?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। कैसे?

2. मनुष्य को हंस की तरह क्या करना चाहिए?

3. मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फैलता है?

**III. अनुरूपता:**

1. दया : धर्म का मूल :: पाप : ____________

2. परिहरि : त्यागना :: करतार : ____________

3. जीह : जीभ :: देहरी : ____________

**IV. भावार्थ लिखिए :**

1. मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।
   पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

2. तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।
   साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।

**V. दोहे कंठस्थ कीजिए ।**

**VI. जोड़कर लिखिए :**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. विश्व कीन्ह | विकार |
| 2. परिहरि वारि | करतार |
| 3. जब लग घट | राम भरोसो एक |
| 4. सुसत्यव्रत | में प्राण |

**VII. पूर्ण कीजिए:**

1. मुखिया मुख सों चाहिए, ______ ______ ______।
2. पालै पोसै सकल अंग, ______ ______ ______।
3. राम नाम मनि दीप धरु, ______ ______ ______।
4. तुलसी भीतर बाहिरौ, ______ ______ ______।

**VIII. उचित विलोम शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विवेक | सेवक | ☐ | अविवेक | ☐ |
| 2. | दया | निर्दया | ☐ | शुभोदया | ☐ |
| 3. | धर्म | मर्म | ☐ | अधर्म | ☐ |
| 4. | विकार | अविकार | ☐ | संस्कार | ☐ |
| 5. | विनय | सविनय | ☐ | अविनय | ☐ |

**दोहे से आगे -**

- रहीम के दोहे पढ़कर उनमें निहित नीति तत्व की कक्षा में चर्चा कीजिए।
- बिहारी के दस दोहों का संग्रह कीजिए ।

# 8. इंटरनेट-क्रांति

D4W5C4

**संकलित-**

**आज के संदर्भ में इंटरनेट-क्रांति से होनेवाले लाभ तथा हानि के बारे में छात्र जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और सचेत रह सकते हैं।**



आज का युग इंटरनेट युग है। बड़े बूढ़ों से लेकर छोटे बच्चों तक सब पर इस इंटरनेट-क्रांति का असर पड़ा है। एक दिन रोहन स्कूल से लौटते ही इंटरनेट के संबंध में अपने दोस्तों के बीच हुई चर्चा के बारे में अपने बाबूजी से कहने लगा। तब उन्होंने कहा कि इंटरनेट के उपयोग से इनसानी सोच का दायरा बढ़ गया है और उन्होंने बदली तकनीक के कारण ज़िंदगी के बदले नज़रिये को भी उसे समझाया। लेकिन रोहन इतने से संतुष्ट नहीं हुआ। वह इंटरनेट के बारे में विस्तृत जानकारी पाना चाहता था। बाबूजी इतना ही जानते थे कि इंटरनेट एक तरह से विश्वव्यापी कंप्यूटरों का अंतर्जाल (नेटवर्क) है, जिसकी वजह से पूरे विश्व का विस्तार एक गाँव का-सा छोटा हो गया है। इसलिए उन्होंने रोहन को सुझाव दिया कि वह अपने कंप्यूटर शिक्षक से पूछ-ताछ करे।

दूसरे दिन रोहन अपने कंप्यूटर शिक्षक से इसके बारे में क्लास में प्रश्न पूछता है।

रोहन : सर! इंटरनेट का मतलब क्या है? इससे किस प्रकार की क्रांति हुई है?

शिक्षक : बड़ा अच्छा सवाल है ! सुनो, इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है। आज इनसान के लिए खान-पान जितना ज़रूरी है, इंटरनेट भी उतना ही आवश्यक हो गया है।

अजित : वह कैसे सर ?



शिक्षक : कुछ साल पहले दूर रहते रिश्तेदार या दोस्तों को कोई खबर देनी पड़ती तो हमें चिट्ठी लिखनी पड़ती थी या दूरभाष का उपयोग करना पड़ता था। इससे समय और पैसे दोनों का अधिक व्यय होता था। लेकिन इंटरनेट द्वारा पल भर में, बिना ज्यादा खर्च

किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है। तुम चाहो तो पूरे एक पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते हो। इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। शायद इसके बिना संचार व सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं।

नेहा : सर, इंटरनेट द्‌वारा और कौन-सी मदद मिलती है ?

शिक्षक : इंटरनेट द्‌वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं। इससे दूकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है। इंटरनेट-बैंकिंग द्‌वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है।

अजय : और ?



शिक्षक : और 'वीडियो कान्फरेन्स' द्वारा एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8-10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं। एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं।

अंजली : सर, क्या इंटरनेट की सहायता से बेरोज़गारी को मिटा सकते हैं?

शिक्षक : हाँ, ज़रूर ! भारत में आई.टी (इनफारमेशन टैक्नोलाजी) और आई.टी.ई.एस (इनफारमेशन टैक्नोलाजी एनेबल्ड सर्विसेस) संस्थाओं का प्रवेश इंटरनेट से संभव हुआ है। इनसे अनगिनत लोगों को रोज़गार मिला है और सिर्फ हमारे देश में ही नहीं, कई देशों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है।

आमोद : सर, मैंने 'सोशल नेटवर्किंग' (Social Networking) शब्द कहीं पढ़ा था। इसका अर्थ क्या है ?

शिक्षक : 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है, जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है। सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं, जैसे - फेसबुक, आरकुट, ट्विट्टर, लिंकडइन आदि। इन साइटों के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है।

बच्चो, इतना ही नहीं, भारत जैसे प्रगतिशील राष्ट्र ई-गवर्नेन्स (ई-प्रशासन) द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं।

रजत : ई-गवर्नेन्स क्या होता है, सर ?

शिक्षक : ई-गवर्नेन्स द्वारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि को यथावत् लोगों को सूचित किया जाता है। इससे प्रशासन पारदर्शी बन सकता है।

आदेश : सर, तब तो इंटरनेट समाज के लिए एक बहुत बड़ा वरदान साबित हुआ।



शिक्षक : इंटरनेट सचमुच एक वरदान है। उसने जीवन के हर क्षेत्र में अपना कमाल दिखाया है। जैसे-चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा आदि। यहाँ तक कि देश के रक्षादलों की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है।

पूजा : सर, क्या इंटरनेट का कोई दुष्परिणाम भी है ?

शिक्षक : हाँ हाँ, है। इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर वह अभिशाप भी है। इंटरनेट की वजह से पैरसी, बैंकिंग फ्रॉड, हैकिंग (सूचना/खबरों की चोरी) आदि बढ़ रही हैं। मुक्त वेब साइट, चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी ही नहीं बच्चे भी इंटरनेट की कबंध बाँहों के पाश में फँसे हुए हैं। इससे वक्त का दुरुपयोग होता है और बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी हासिल कर रहे हैं। इसलिए आप लोगों को इंटरनेट से सचेत रहना चाहिए।

रोहन : सर, आपने हमें इंटरनेट क्रांति के बारे में बहुत सारी जानकारी दी। इसके लिए सबकी तरफ से बहुत धन्यवाद।

शिक्षक : एक बात याद रखना कि इस क्षेत्र की क्रांति निरंतर चलती रहेगी।

*******

**पाठ का आशय :**

वैज्ञानिक आविष्कारों ने मानव-जीवन को सुविधाजनक बनाया है। इंटरनेट से मानव की जीवनशैली और उसकी सोच में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। आज इंटरनेट के बिना संचार व सूचना दोनों क्षेत्र कमजोर हो जाते हैं। इंटरनेट ने पूरी दुनिया को एक जगह ला खड़ा कर दिया है। जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। इंटरनेट वरदान है तो अभिशाप भी है ।

**शब्दार्थ :**

दायरा-क्षेत्र, सीमा; तकनीकी-प्रौद्योगिकी, Technology; नज़रिया-दृष्टिकोण, सुझाव-सलाह, अनगिनत-असंख्य, खबर-समाचार, व्यय-खर्च करना, सूचना-जानकारी, Information; ठप पड़ना-बंद होना, रकम-धनराशि, खोज-शोध, अन्वेषण; अभिलेख-लिखित विवरण, Record; यथावत्-जैसे के वैसे, पैरसी-चुराकर नकली प्रतियाँ बनाना, Piracy; फ्रॉड-धोखा, fraud; पाश-बंधन, फंदा; हासिल करना-प्राप्त करना, इनफारमेशन टैक्नोलाजी-सूचना प्रौद्योगिकी।

**टिप्पणी :**

1. संचार माध्यम - समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, दूरभाष, दूरदर्शन, इंटरनेट आदि साधन जिनका उपयोग सूचनाओं के संदेशवहन के लिए किया जाता है।
2. वीडियो कान्फरेन्स - Video Conference - एक सभागार जिसमें कई लोगों के साथ 8-10 टी.वी. के परदे पर एक साथ चर्चा होती है।

3. इनफारमेशन टैक्नोलाजी एनेबल्ड सर्विसेस - सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा संभाव्य सेवाएँ-सूचना प्रौद्योगिकी के द्वारा प्राप्त करायी जानेवाली सेवाएँ, जैसे - बी.पी.ओ.।

4. कबंध बाँहें - कबंध नामक एक राक्षस था जिसकी बाँहें लंबी होकर कहीं भी पहुँच सकती थीं। कहा जाता है कि जब उसने अपनी बाँहों में श्रीराम तथा लक्ष्मण को फँसाया था, तब श्रीराम ने उसकी बाँहों को काट दिया था। प्रस्तुत पाठ में इंटरनेट के व्यापक प्रभाव को दिखाने के लिए इन शब्दों का प्रयोग किया गया है।

5. दिन-प्रतिदिन तकनीकी-परिवर्तन होता रहेगा। उसके अनुरूप इंटरनेट क्षेत्र में भी परिवर्तन होते रहेंगे।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?
2. इंटरनेट बैंकिंग द्वारा क्या भेजा जा सकता है ?
3. प्रगतिशील राष्ट्र किसके द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं?
4. समाज के किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है ?
5. इंटरनेट-क्रांति का असर किस पर पड़ा है?
6. आई.टी.ई.एस का विस्तृत रूप क्या है?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. इंटरनेट का मतलब क्या है?
2. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है?
3. ई-गवर्नेंस क्या है?

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है?
2. 'वीडियो कान्फरेन्स' के बारे में लिखिए ।
3. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे ?
4. इंटरनेट से कौन-सी हानियाँ हो सकती हैं ?

**IV. अनुरूपता :**

1. कंप्यूटर : संगणक यंत्र :: इंटरनेट : ________
2. आई.टी : इनफारमेशन टैक्नोलाजी : आई.टी.ई.एस. ________
3. फेसबुक : वरदान :: हैकिंग : ________
4. वीडियो कान्फरेन्स : विचार-विनिमय :: ई-प्रशासन : ________

**V. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. इंटरनेट ने पूरे विश्व को | 1. बहुत बड़ा वरदान साबित हुआ। |
| 2. इंटरनेट द्वारा कोई भी | 2. सचेत रहना चाहिए। |
| 3. इंटरनेट समाज के लिए | 3. बिल भर सकते हैं । |
| 4. इंटरनेट की वजह से | 4. एक छोटे गाँव का रूप दे दिया है। |
| 5. इंटरनेट से सबको | 5. पैरसी, हैकिंग आदि बढ़ रही हैं। |

**VI. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए:**

1. इंटरनेट एक तरह से विश्वव्यापी कंप्यूटरों का ___________ है। (अंतर्जाल, बहिर्जाल)
2. आई. टी और आई. टी. ई. एस से अनगिनत लोगों को ___________ मिला है। (कपड़ा, रोज़गार)
3. सोशल नेटवर्किंग के कई ___________ हैं। (साइड्स, साइट्स)
4. ई-गवर्नेंस से प्रशासन ___________ बन सकता है । (पारदर्शी, अपारदर्शी)
5. इंटरनेट सचमुच एक ___________ है। (अभयदान, वरदान)
6. देश के ___________ की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। (रक्षादलों, पुलिसदलों)
7. इंटरनेट एक ओर वरदान है तो वह ___________ भी है। (अपहास, अभिशाप)

**VII. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

1. इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है।
2. इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं।
3. इंटरनेट की सहायता से बेरोज़गारी को मिटा सकते हैं ।

**VIII. सही विलोम शब्दों को चुनकर लिखिए :**

(नामुमकिन, अभिशाप, उपयुक्त, घटना, सदुपयोग, अस्थिर)

| | |
|---|---|
| 1. बढ़ना × | 2. स्थिर × |
| 3. मुमकिन × | 4. वरदान × |
| 5. दुरुपयोग × | 6. अनुपयुक्त × |

**IX अन्य वचन रूप लिखिए : (उदाहरण के अनुसार)**

**उदा : पैसा – पैसे**

1. परदा -
2. कमरा -
3. दायरा -

**उदा : खबर – खबरें**

1. किताब -
2. जगह -
3. कोशिश -

**उदा : युग – युग**

1. दोस्त -
2. कंप्यूटर -
3. रिश्तेदार -

**उदा : ज़िंदगी – जिंदगियाँ**

1. जानकारी -
2. चिट्ठी -
3. जीवनशैली -

**X. इन वाक्यों में प्रयुक्त विराम चिह्नों का नाम लिखिए :**

1. आज का युग इंटरनेट युग है _।_
2. इंटरनेट का मतलब क्या है _?_
3. बड़ा अच्छा सवाल है _!_
4. लोगों के साथ विचार _-_ विनिमय कर सकते हैं ।
5. हाँ हाँ _,_ दुष्परिणाम हैं ।

**XI. परियोजना :**

संचार व सूचना के विभिन्न माध्यमों की चित्रसहित सूची बनाइए और हर एक से होनेवाले लाभ तथा हानि का चार-पाँच वाक्यों में विवरण लिखिए ।

**XII. शब्द खोज :** कन्नड, हिंदी और अंग्रेज़ी समाचार-पत्रों के नाम नीचे दिए गए हैं। उनको ढूँढ़कर लिखिए :

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | डे | सं | रा | इं | प्र | अ | सा | टा |
| जा | क | प्ता | व | क्क | डि | इ | न्न | म |
| र | यु | म्स | वि | ज | भा | य | हि | ड |
| क | उ | र | न | क्त | हि | न | स्था | ऑ |
| क | फ | हे | य | त | न | ए | हिं | प्र |
| वा | क्स | दु | प | इं | रा | टा | र्ना | वा |
| डि | इ | णी | ज | प्रे | स्ता | त्रि | भा | ट |
| णी | या | ल्ड | न | का | स | ला | क | म्स |

**हिंदी**

**उदा : 1. नवभारत टाइम्स**

**2.** ____________________

**3.** ____________________

**कन्नड**

**1.** ____________________

**2.** ____________________

**अंग्रेज़ी**

**1.** ____________________

**2.** ____________________

**भाषा ज्ञान**

**I. निर्देशानुसार वाक्यों का काल परिवर्तन करके लिखिए :**

1. सब पर इंटरनेट-क्रांति का असर पड़ा है। (भविष्यत्काल में)
2. रोहन विस्तृत जानकारी पाना चाहता था। (वर्तमानकाल में)
3. रोहन कंप्यूटर शिक्षक से प्रश्न पूछेगा। (भूतकाल में)

**II. काल पहचानकर लिखिए :**

1. इनसानी सोच का दायरा बढ़ रहा है। ____________
2. पिताजी ने रोहन को समझाया । ____________
3. इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। ____________
4. इंटरनेट सचमुच एक वरदान है। ____________
5. ई-गवर्नेंस से प्रशासन पारदर्शी बनेगा। ____________

**पाठ से आगे -**

- इंटरनेट द्वारा होनेवाले और भी अनेक लाभ और हानियों के बारे में कक्षा में चर्चा कीजिए ।
- ऑनलाइन बैंकिंग, ऑनलाइन शाप्पिंग, ऑनलाइन टिकट बुकिंग जैसे अन्य ऑनलाइन सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए ।

# 9. ईमानदारों के सम्मेलन में

Y5H7S5

**हरिशंकर परसाई -**

**प्रस्तुत व्यंग्य रचना में एक सामाजिक असंगति की ओर संकेत किया गया है। इसमें हास्य और व्यंग्य का सुंदर सम्मिश्रण है। इस रचना के माध्यम से परसाई जी ने ईमानदार कहलानेवाले लोगों की बेईमानी का पर्दाफाश किया है।**

मैंने कतई ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे ईमानदार माना जाऊँ। न जाने उन्हें कैसे यह भ्रम हो गया कि मैं ईमानदार हूँ। मुझे पत्र मिला, ''हम लोग इस शहर में एक ईमानदार सम्मेलन कर रहे हैं। आप देश के प्रसिद्ध ईमानदार हैं। हमारी प्रार्थना है कि आप इस सम्मेलन का उद्घाटन करें। हम आपको आने-जाने का पहले दर्जे का किराया देंगे तथा आवास, भोजन आदि की उत्तम व्यवस्था करेंगे। आपके आगमन से ईमानदारों तथा उदीयमान ईमानदारों को बड़ी प्रेरणा मिलेगी।'' मैं गया। लेकिन हलफिया कहता हूँ कि ईमानदारी के लिए नहीं गया। ईमान से मुझे कुछ लेना-देना नहीं है। मैं यह हिसाब लगाकर गया कि दूसरे दर्जे में जाऊँगा और पहले का किराया लूँगा। इस तरह एक सौ पचास रुपये बचेंगे। यह बेईमानी कहलायेगी। पर उन लोगों ने मुझे राष्ट्रीय स्तर का ईमानदार माना ही क्यों ?



स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ। लगभग दस बड़ी फूल-मालाएँ पहनायी गयीं। सोचा, आस-पास कोई माली होता तो फूल-मालाएँ भी बेच लेता।

मुझे होटल के एक बड़े कमरे में ठहराया गया। मेरे कमरे के बायें और सामने दो हॉल थे, जिनमें लगभग तीस-पैंतीस प्रतिनिधि ठहरे थे। मेरे दो ईमानदार साथी भी मेरे ही कमरे में आ गये। मैंने सोचा ताला लगाया जायेगा, तो इन्हें तकलीफ होगी। मैंने ताला नहीं लगाया। उद्घाटन शानदार हुआ। मैंने लगभग एक घंटे तक भाषण दिया।




लोग जा चुके थे। मैं था मुख्य अतिथि। मुझसे लोग बातें कर रहे थे। मैं चलने लगा, तो चप्पल पहनने गया। देखा, मेरी चप्पलें गायब थीं। नयी और अच्छी चप्पलें थीं। अब वहाँ एक जोड़ी फटी-पुरानी चप्पलें बची थीं। मैंने उन्हें ही पहन लिया। यह बात फैल गयी कि मेरी नयी चप्पलें कोई पहन गया।

एक ईमानदार डेलीगेट मेरे कमरे में आये। कहने लगे, ''क्या आपकी चप्पलें कोई पहन गया ?''

मैंने कहा, ''हाँ, इतने बड़े जलसे में चप्पलों की अदला-बदली हो ही जाती है।'' फिर मैंने ध्यान से देखा, उनके पाँवों में मेरी ही चप्पलें थीं। वह भी मेरी चप्पलें देख रहे थे। वे बहुत करके उनकी ही थीं।

पर वह बेहिचक मुझे समझाने लगे, ''देखिए, चप्पलें एक जगह नहीं उतारनी चाहिए। एक चप्पल यहाँ उतारिये, तो दूसरी दस फीट दूर। तब चप्पलें चोरी नहीं होतीं। एक ही जगह जोड़ी होगी, तो कोई भी पहन लेगा। मैंने ऐसा ही किया था।''

मैं देख रहा था कि वह मेरी ही चप्पलें पहने हैं और मुझे समझा रहे हैं।

मैंने कहा, ''कोई बात नहीं। सुबह दूसरी खरीद लूँगा। आपकी चप्पलें नहीं गयीं, यह गनीमत है।''

फिर मैंने देखा कि एक बिस्तर की चादर गायब है। मैंने आयोजनकर्ताओं से कहा, तो उन्होंने जवाब दिया, ''होटलवाले ने धुलाने को भेज दी होगी। दूसरी आ जायेगी।'' पर दूसरी आयी नहीं।

दूसरे दिन गोष्ठियाँ शुरू हो गयीं। रात को गोष्ठियों से लौटा। देखा कि दो और चादरें गायब हैं। तीनों चली गयीं।

दूसरे दिन बैठक में जाने के लिए धूप का चश्मा खोजने लगा, तो नहीं मिला, शाम को तो था।

मैंने एक-दो लोगों से कहा, तो बात फैल गयी।

इसी समय बगल के कमरे में हल्ला हुआ, ''अरे मेरा ब्रीफकेस कहाँ चला गया? यहीं तो रखा था।''

मैंने पूछा, ''उसमें पैसे तो नहीं थे ?''

जवाब मिला, ''पैसे तो नहीं थे। कागज़ात थे।''

मैंने कहा, ''तो मिल जायेगा।''

मैं बिना धूप का चश्मा लगाये बैठक में पहुँचा।

बैठक में पंद्रह मिनट चाय की छुट्टी हुई। लोगों ने सहानुभूति प्रकट की। एक सज्जन आये। कहने लगे, ''बड़ी चोरियाँ हो रही हैं। देखिए, आपका धूप का चश्मा ही चला गया।''

वह धूप का चश्मा लगाये थे। मुझे याद था, एक दिन पहले वह धूप का चश्मा नहीं लगाये थे। मैंने देखा, जो चश्मा वह लगाये थे, वह मेरा ही था।



कहने लगे, ''आपने चश्मा लगाया नहीं था ?''

मैंने कहा, ''रात को क्या चाँदनी में धूप का चश्मा लगाया जाता है? मैंने कमरे की टेबुल पर रख दिया था।''

वह बोले, ''कोई उठा ले गया होगा।''

मैं उन्हें देख रहा था और वह मेरा चश्मा लगाये इतमीनान से बैठे थे।

तीसरे दिन रात को लौटा, तो कुछ हरारत थी थोड़ी ठण्ड भी थी। मैंने सोचा, बिस्तर से कम्बल निकाल लूँ। पर कम्बल भी गायब था।

फिर हल्ला हुआ। स्वागत समिति के मंत्री आये। कई कार्यकर्ता आये। मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटने लगे, ''तुम लोग क्या करते हो ? तुम्हारी ड्यूटी यहाँ है। तुम्हारे रहते चोरियाँ हो रही हैं। यह ईमानदार सम्मेलन है। बाहर यह चोरी की बात फैली, तो कितनी बदनामी होगी ?''

कार्यकर्ताओं ने कहा, ''हम क्या करें ? अगर सम्माननीय डेलीगेट यहाँ-वहाँ जायें, तो क्या हम उन्हें रोक सकते हैं ?''

मंत्री ने गुस्से से कहा, ''मैं पुलिस को बुलाकर यहाँ सबकी तलाशी करवाता हूँ।''

मैंने समझाया, ''ऐसा हरगिज़ मत करिये। ईमानदारों के सम्मेलन में पुलिस ईमानदारों की तलाशी लें, यह बड़ी अशोभनीय बात होगी। फिर इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी गड़बड़ी होगी ही।''

एक कार्यकर्ता ने कहा, ''तलाशी किनकी करवायेंगे, आधे के लगभग डेलीगेट तो किराया लेकर दोपहर को ही वापस चले गये।''

रात को पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर सोया। नयी चप्पलें और शेविंग का डिब्बा बिस्तर के नीचे दबाया।

सुबह मुझे लौटना था। मुझे उन लोगों ने अच्छा पैसा दिया। मैंने सामान बाँधा।

मंत्री ने कहा, ''परसाई जी, गाड़ी आने में देर है। चलिये, स्वागत समिति के साथ अच्छे होटल में भोजन हो जाये। अब ताला लगा देते हैं।''

पर ताला भी गायब था। ताला तक चुरा लिया। गजब हो गया।

मैंने कहा, ''रिक्शा बुलवाइये। मैं सीधा स्टेशन जाऊँगा। यहाँ नहीं रुकूँगा।''

मंत्री हैरान थे। बोले, ''ऐसी भी क्या नाराज़गी है ?''

मैंने कहा, ''नाराज़गी कतई नहीं है। बात यह है कि चीज़ें तो सब चुरा ली गयीं। ताला तक चोरी में चला गया। अब मैं बचा हूँ। अगर रुका तो मैं ही चुरा लिया जाऊँगा।''

*******

**पाठ का आशय :**

इस जगत् में अच्छाई-बुराई दोनों दिखाई देती हैं। हंस-क्षीर न्याय की तरह इनमें हमें सिर्फ अच्छाई को अपनाकर बुराई को छोड़ देना चाहिए। बेईमानी भी एक अवगुण है। बेईमानों पर व्यंग्य करते हुए प्रस्तुत रचना द्वारा लेखक ने सचेत किया है कि हम बेईमानी से दूर रहें ।

**लेखक परिचय :**



कलम को लेखक की तलवार माननेवाले श्री हरिशंकर परसाई हिन्दी साहित्य जगत् की एक बेजोड़ निधि हैं। इनका जन्म मध्यप्रदेश के जमानी गाँव में 22 अगस्त 1924 को हुआ था। इनकी कुछ प्रमुख रचनाएँ हैं - हँसते हैं रोते हैं, भूत के पाँव पीछे, सदाचार का तावीज़, वैष्णव का फिसलन आदि। हिन्दी के व्यंग्य साहित्य के विकास में इनका योगदान अद्‌वितीय है।

**शब्दार्थ :**

पर्दाफाश-अनावरण, कतई-हरगिज़, कभी भी; हलफिया-कसम से, तकलीफ-कष्ट, शानदार-वैभवयुत, डेलीगेट-Delegate, प्रतिनिधि; जलसा-समारोह, उत्सव; हिचक-संकोच, गनीमत-खुशी की बात, चश्मा-ऐनक, कागज़ात-कागज-पत्र, हल्ला-शोर, इतमीनान-भरोसा, विश्वास; हरारत-हल्का ज्वर; हरगिज़-बिल्कुल, किसी दशा में भी; सिरहाना-तकिया।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. प्रस्तुत कहानी के लेखक कौन हैं ?
2. लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?
3. लेखक की चप्पलें किसने पहनी थीं ?
4. स्वागत समिति के मंत्री किसको डाँटने लगे ?
5. लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ?
6. सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से किन-किन को प्रेरणा मिल सकती थी?
7. लेखक को कहाँ ठहराया गया?

8. ब्रीफकेस में क्या था?

9. लेखक ने धूप का चश्मा कहाँ रखा था?

10. तीसरे दिन लेखक के कमरे से क्या गायब हो गया था?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया था?
2. फूल मालाएँ मिलने पर लेखक क्या सोचने लगे?
3. लेखक ने मंत्री को क्या समझाया?
4. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलीगेट ने क्या सुझाव दिया?
5. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया?
6. मुख्य अतिथि की बेईमानी कहाँ दिखाई देती है?

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए।
2. मंत्री तथा कार्यकर्ताओं के बीच में क्या वार्तालाप हुआ?
3. सम्मेलन में लेखक को कौन-से अनुभव हुए? संक्षेप में लिखिए।

**IV. अनुरूपता:**

1. पहला दिन : चप्पलें गायब थीं :: दूसरे दिन : ________
2. तीसरे दिन : कम्बल गायब था :: चौथे दिन : ________
3. रिक्शा : तीन पहियों का वाहन :: साइकिल : ________
4. रेलगाड़ी : पटरी :: हवाईजहाज : ________

**V. रिक्त स्थान भरिए :**

1. हम लोग इस शहर में एक __________ सम्मेलन कर रहे हैं ।
2. मेरी चप्पलें __________ थीं।
3. वह मेरा चश्मा लगाये __________ से बैठे थे।
4. फिर इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी __________ होगी ही ।

**VI. विलोम शब्द लिखिए :**

1. आगमन × ______________
2. रात × ______________
3. जवाब × ______________
4. बेचना × ______________
5. सज्जन × ______________

**VII. बहुवचन रूप लिखिए :**

1. कपड़ा - ______________
2. चादर - ______________
3. बात - ______________
4. डिब्बा - ______________
5. चीज़ - ______________

## VIII. प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :

1. ठहरना ______________ ______________
2. धोना ______________ ______________
3. देखना ______________ ______________
4. लौटना ______________ ______________
5. उतरना ______________ ______________
6. पहनना ______________ ______________

## IX. संधि-विच्छेद करके संधि का नाम लिखिए :

1. स्वागत
2. सहानुभूति
3. सज्जन
4. परोपकार
5. निश्चिंत
6. सदैव

## X. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

1. हम आपको आने-जाने का पहले दर्जे का किराया देंगे।
2. स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ ।
3. देखिए, चप्पलें एक जगह नहीं उतारनी चाहिए।
4. अब मैं बचा हूँ। अगर रुका तो मैं ही चुरा लिया जाऊँगा ।

**XI. ईमान गुण के सामने सही चिह्न (√) और बेईमान गुण के सामने गलत चिह्न (×) लगाइए :**

1. दूसरे लोगों की वस्तुओं को वापिस पहुँचाना ।
2. चोरी करना ।
3. रास्ते में मिली वस्तुओं को पुलिस स्टेशन पहुँचाना ।
4. कामचोरी करना ।
5. बगल में छुरी मुँह में राम-राम करना ।
6. झूठ बोलना ।
7. नेक मार्ग पर चलना ।
8. जानबूझकर गलती करना ।
9. बहाना बनाना ।
10. सच बोलना ।
11. समय पर काम पूरा करना ।
12. धोखा देना ।
13. जालसाज़ी करना ।
14. चोर बाज़ारी और मिलावट करना ।
15. निष्ठा से कार्य करना ।
16. भ्रष्टाचार में शामिल होना ।
17. सेवाभाव से दूसरों की सहायता करना ।
18. देश के प्रति सच्चा अभिमान रखना ।
19. सच्चे भाव से बड़ों का आदर करना ।
20. अपने सहपाठियों के साथ भाईचारे का व्यवहार करना ।

**XII.** चित्र देखकर कहानी रचिए और उसके लिए एक उचित शीर्षक दीजिए :









**भाषा ज्ञान**

**I. दिए गए निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :**

1. मेरे पास चप्पल नहीं थी। (वर्तमानकाल में)

______________________________

2. एक बिस्तर की चादर गायब है। (भूतकाल में)

______________________________

3. उसमें पैसे तो नहीं थे। (भविष्यत्काल में)

______________________________

4. कोई उठा ले गया होगा। (वर्तमानकाल में)

______________________________

5. वह धूप का चश्मा लगाये थे। (भविष्यत्काल में)

______________________________

6. सुबह मुझे लौटना था। (भविष्यत्काल में)

______________________________

**II. निम्नलिखित वाक्यों के आगे काल पहचानकर लिखिए :**

1. मैंने सामान बाँधा। ______________
2. बड़ी चोरियाँ हो रही हैं। ______________
3. पहले दर्जे का किराया लूँगा। ______________
4. डेलीगेट दोपहर को ही वापस चले गये। ______________
5. मेरी चप्पलें देख रहे थे। ______________

**III. इन कहावतों का अर्थ समझकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

**जैसे : कहावत - जहाँ चाह वहाँ राह।**

अर्थ - इच्छा होने पर उसे पाने का मार्ग स्वयं मिल जाता है।

वाक्य - यदि मनुष्य चाहे तो कठिन से कठिन कार्य को भी पूरा कर सकता है, क्योंकि जहाँ चाह वहाँ राह।

1. गुरु गुड़ ही रहे, चेले शक्कर हो गये।
2. जैसा देश, वैसा भेस।
3. निर्बल के बल राम।
4. बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद।
5. हाथी के दाँत खाने के और, दिखाने के और।

**पाठ से आगे -**

- विद्यार्थियों की समस्याओं पर अपनी पाठशाला में एक विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन कीजिए।
- किसी सम्मेलन में भाग लेकर वहाँ के अनुभवों पर कक्षा में चर्चा कीजिए।

# 10. दुनिया में पहला मकान

W2P4X2

**डॉ. विजया गुप्ता-**

**मानव को सतत प्रयत्नशील होना चाहिए। दूसरों की सहायता से वह नवीन वस्तुओं को बनाना भी सीख सकता है। न केवल लोगों से अपितु प्राणियों से भी हमें सीख मिलती है।**

पूर्वोत्तर भारत में बसनेवाले सिंगफो आदिवासियों में जो कहानी कही जाती है, उसके अनुसार सबसे पहले आदमी को मकान बनाना बहुत-से पशुओं ने सिखाया।



उन दिनों आदमी गुफाओं में और पेड़ों के नीचे रहता था। उस समय किन्द्रू लालिम और किंचा लालीदाम नामक दो दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे। मुश्किल यह थी कि वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाए जाते हैं, इसलिए वे पशुओं से पूछ-ताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े।

उनकी मुलाकात सबसे पहले हाथी से हुई। दोनों दोस्तों ने हाथी को नमस्कार किया, फिर कहा, ''हाथी भाई, हम लोग मकान बनाना चाहते हैं। आप बता सकते हैं कि मकान कैसे बनाए जाते हैं?''

हाथी बोला, ‘‘इसमें क्या कठिनाई है? पेड़ों से लकड़ी के इतने मोटे और मजबूत गोले काट लो, जितने मेरे पैर हैं।’’

दोनों दोस्तों ने आगे पूछा, ‘‘इसके बाद क्या करना पड़ेगा?’’

हाथी ने उत्तर दिया, ‘‘आगे की बात तो मैं नहीं जानता। मुझे रत्ती-भर भी पता नहीं।’’

दोनों दोस्त आगे बढ़े। रास्ते में उन्हें साँप मिला। दोस्तों ने साँप को रोका। उसे नमस्कार किया। बोले, ‘‘साँप भाई, हम लोग घर बनाना चाहते हैं। आप बता सकते हैं कि कैसे बनाया जाए? हाथी ने हमसे कहा है कि उसके पैर जैसे मजबूत और मोटे लकड़ी के गोले पेड़ से काट लो। उसे बस इतना ही मालूम है। आगे की बात वह नहीं जानता।’’

साँप ने कहा, ‘‘ऐसा करो कि लकड़ी ऐसी पतली और लंबी काटो, जैसा मैं हूँ।’’

दोनों दोस्तों ने पूछा, ‘‘इसके बाद फिर क्या करना पड़ेगा?’’

साँप ने कहा, ‘‘आगे की बात मैं नहीं जानता। मुझे रत्ती-भर पता नहीं।

दोनों दोस्त और आगे बढ़े। रास्ते में सड़क-किनारे उन्हें एक भैंस खड़ी मिली। भैंस का भैंसा मर गया था। भैंसे का मांस दूसरे जानवर खा गए थे। खाली पंजर पड़ा था। भैंस उसीके पास खड़ी दुःख मना रही थी। दोनों दोस्त भैंस के सामने पहुँचे। उसे नमस्कार किया और बोले, ‘‘भैंस बहन, हम लोग मकान बनाना चाहते हैं। आप बता सकती हैं कि कैसे बनाया जाए? हाथी ने बताया कि इतने मोटे और मजबूत गोले पेड़ों से काट लो जितने उसके पैर हैं। साँप ने कहा कि ऐसी लंबी और पतली लकड़ियाँ काट लो, जैसा वह खुद है। इसके आगे की बात न हाथी बता पाया, न साँप। बेचारे दोनों को रत्ती-भर पता नहीं।’’

भैंस ने दोनों दोस्तों को अपने भैंसे का पंजर दिखाया। बोली, ‘‘जैसे इस पंजर में चार पैरों पर हड्डियाँ पड़ी हैं, उसी तरह चार मोटे गोले ज़मीन में गाड़कर उन पर पतली और लंबी लकड़ियों से छप्पर का पंजर बना लो।’’

दोनों ने पूछा, ''इसके बाद क्या करना होगा?''

भैंस ने उत्तर दिया, ''आगे की बात मैं नहीं जानती। मुझे रत्ती-भर पता नहीं।''



तब दोनों दोस्त आगे बढ़े। रास्ते में एक तालाब मिला। तालाब में एक बहुत बड़ी मछली तैर रही थी। दोनों दोस्त वहीं ठहर गए। फिर दोनों ने मछली के पास जाकर नमस्कार किया और बोले, ''हम लोग मकान बनाना चाहते हैं। हाथी कहता है कि उसके पैरों जैसे मोटे और मजबूत लकड़ी के गोले पेड़ों से काट लो। साँप ने बताया कि जैसा वह है, वैसी पतली और लंबी लकड़ियाँ काट लो। भैंस ने यह दिखला दिया कि इन दोनों किस्म की लकड़ियों को कैसे जमाया जाए। इसके आगे की बात उन लोगों में से किसी को पता नहीं। कोई रत्ती-भर भी नहीं जानता।''

मछली ने कहा, ''आप लोग ज़रा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो। फिर पेड़ों से बहुत-सी पत्तियाँ तोड़ लो। इन पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा दो, जैसी मेरी पीठ पर पट्टियाँ हैं।

मछली की बात सुनकर दोस्तों की समझ में आ गया कि अब वे मकान बना सकते हैं। मकान बनाने का पूरा तरीका उन्हें मालूम हो गया। अब और कुछ जानने की ज़रूरत नहीं थी। दोनों दोस्त जंगल से लौटकर आए और एक जगह मकान बना लिया। यह दुनिया में आदमी के हाथों बना पहला मकान था।



*******

**पाठ का आशय :**

अनादिकाल से मानव पशु-पक्षियों से अपने परिसर और वातावरण से कुछ-न-कुछ सीखता आ रहा है। चींटियों से गिरकर उठने का साहस सीखा है तो मुर्गी ने उसे सुबह जल्दी उठने की सीख दी है। इसी प्रकार विभिन्न पशु-पक्षियों की ध्वनियों का अनुकरण करते-करते उसने अपनी भाषा को समृद्ध बनाया है। प्रस्तुत कहानी में यही दिखाया गया है कि इन्सान ने मकान बनाना भी पशु-प्राणियों से सीखा। उसका सरल निरूपण इस कहानी में किया गया है।

**लेखिका परिचय : डॉ. विजया गुप्ता**

डॉ. विजया गुप्ता जी का जन्म 21 दिसंबर सन् 1946 को हुआ। आपने लाइब्रेरी साइंस में स्नातकोत्तर तथा पीएच.डी की उपाधि प्राप्त की है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्‌यालय में हिंदी प्राध्यापक के रूप में काम करने के बाद गांधी नेशनल म्यूसियम तथा दिल्ली विश्वविद्‌यालय में लाइब्रेरियन का काम किया है। सेवा से निवृत्त होने के बाद आप लेखन कार्य में व्यस्त हैं।

आपकी प्रकाशित पुस्तकें हैं - हमारे बहादुर बच्चे (सूचना और प्रसारण मंत्रालय), दोस्ती किताबों से (Children's Literature and Reading Habbit), बाल कहानी संग्रह, दुनिया में पहला मकान, टेलीफोन की मरम्मत, फीस की जिम्मेदारी, बुद्‌धिमान न्यायाधीश आदि।

**शब्दार्थ :**

मकान - घर, गृह ; रत्ती - थोड़ा , खुद - स्वयं , हड्डी - ಮೂಳೆ, Bone; मुश्किल - कष्ट , तय करना - निश्चय करना , मजबूत - दृढ़ , गाड़ना - गड्ढ़ा खोदकर उसमें कोई वस्तु रखकर मिट्टी से ढकना , पतली - दुबली, जो मोटा न हो ; तालाब - सरोवर , किस्म - प्रकार, भाँति, ढंग, तर्ज; तरीका - रीति, ढंग; गोले - वृत्त, गोलाकृति।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे?
2. सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया?
3. मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त कहाँ चल पड़े?
4. दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई?
5. दोस्तों ने क्या-क्या तय किया?
6. हाथी से उत्तर पाकर दोस्त किससे मिले?
7. सब जानवरों की बातें सुनकर दोस्तों ने क्या किया?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े?
2. दोस्तों ने हाथी के साथ किसकी चर्चा की?
3. हाथी ने दोस्तों को क्या उत्तर दिया?
4. दोस्तों ने किन-किन जानवरों से मुलाकात की?

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. साँप ने दोस्तों को क्या सुझाव दिया?
2. भैंस के पंजर से दोस्तों को क्या जानकारी मिली?
3. मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया?

**IV. अनुरूपता:**

1. हाथी : जंगली जानवर :: भैंस : ________
2. मछली : पानी :: साँप : ________
3. मछली : तैरना :: साँप : ________
4. हाथी : सूँड़ :: भैंस : ________

**V. अन्य वचन रूप लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. कहानी | - ________ | 6. मछली | - ________ |
| 2. गुफा | - ________ | 7. लकड़ी | - ________ |
| 3. पेड़ | - ________ | 8. पट्टी | - ________ |
| 4. पत्ती | - ________ | 9. लोग | - ________ |
| 5. हड्डी | - ________ | 10. घर | - ________ |

## VI. अन्य लिंग रूप लिखिए:

1. आदमी - ________ 4. शेर - ________

2. हाथी - ________ 5. मोर - ________

3. भैंस - ________ 6. बहन - ________

## VII. विलोम शब्द लिखिए :

1. बहुत × ________ 6. मजबूत × ________

2. दिन × ________ 7. लंबी × ________

3. नीचे × ________ 8. पास × ________

4. मुश्किल × ________ 9. दोस्त × ________

5. आगे × ________ 10. काटना × ________

## VIII. जोड़कर लिखिए:

| | अ | आ |
|---|---|---|
| 1. | तालाब | पैर |
| 2. | हाथी | मछली |
| 3. | भैंस | आदिवासी |
| 4. | पहला | हड्डियाँ |
| 5. | सिंगफो | मकान |

**IX. रिक्त स्थान भरिए:**

1. भैंस ने दोस्तों को अपने भैंसे का _________ दिखाया।
2. दोस्तों की मुलाकत अंत में _________ से हुई।
3. आप लोग ज़रा मेरी पीठ की _________ ध्यान से देख लो।
4. भैंस बहन, हम लोग _________ बनाना चाहते हैं।

**X. पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

1. मकान   2. पेड़   3. दोस्त   4. भेंट

**XI. प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए:**

1. बनना -
2. गिरना -
3. लगना -
4. सीखना -
5. करना -
6. ठहरना -

**XII. सही शब्द चुनकर लिखिए :**

(पानी, पालतू जानवर, गाँव, आसमान, बिल, पेड़, जंगल)

1. हाथी _____________
2. साँप _____________
3. भैंस _____________
4. मछली _____________
5. पक्षी _____________
6. बैलगाड़ी _____________

**XIII. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए:**

1. भैंस ने दोस्तों को पंजर दिखाया।
2. साँप ने कहा, 'आगे की बात मैं नहीं जानता।'
3. हाथी बोला, 'इसमें क्या कठिनाई है?'
4. तालाब में एक बहुत बड़ी मछली तैर रही थी।

**पाठ से आगे -**

**I. पालतू और जंगली जानवरों की सूची तैयार कीजिए:**

| | पालतू जानवर | | जंगली जानवर |
|---|---|---|---|
| 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | |

**II. नीचे लिखे शब्दों के आधार पर लिखिए कि कौन क्या काम करता है? -**

| | | |
|---|---|---|
| **उदा :** | **बढ़ई** | **लकड़ी का काम** |
| 1. | कुम्हार | |
| 2. | लुहार | |
| 3. | सुनार | |
| 4. | जुलाहा | |
| 5. | दूकानदार | |
| 6. | हलवाई | |
| 7. | डॉक्टर | |
| 8. | अध्यापक | |
| 9. | सैनिक | |
| 10. | किसान | |

# 11. समय की पहचान

W4S7B8

**-सियारामशरण गुप्त**

**समय बहुत अनमोल है। उसका महत्व धन से भी ज्यादा है। इस कविता द्वारा छात्र समय की महत्ता समझेंगे।**



उद्योगी को कहाँ नहीं सुसमय मिल जाता,
समय नष्ट कर कहीं सौख्य कोई भी पाता।
आलस ही यह करा रहा है सभी बहाने,
जो करना है, करो अभी, कल हो क्या जाने?

पा सकते फिर नहीं कभी तुम इसको खोके
चाहो तुम क्यों नहीं चक्रवर्ती भी होके।
कर सकता कब कौन द्रव्य है इसकी समता,
फिर भी तुमको नहीं ज़रा है इसकी चिंता।।



समय ईश का दिया हुआ अति अनुपम धन है,
यही समय ही अहो तुम्हारा शुभ जीवन है।
तुच्छ कभी तुम नहीं एक पल को भी जानो,
पल-पल से ही बना हुआ जीवन को मानो।।

करना है जो काम, उसी में चित्त लगा दो,
आत्मा पर विश्वास करो, संदेह भगा दो।।
ऐसा सुसमय भला और कब तुम पाओगे,
खोकर पीछे इसे सर्वथा पछताओगे।।

*******

**पाठ का आशय :**

'समय' अधिक महत्वपूर्ण तथा उपयोगी होता है। समय को जो अपना सच्चा साथी बना लेगा, वह अपने काम में सफल होगा। इस कविता में यह संदेश दिया गया है कि हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त होता है, उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए।

**कवि परिचय:**



कवि सियारामशरण गुप्त का जन्म 4 सितंबर 1895 को मध्यप्रदेश के झाँसी के चिरगाँव में हुआ था। पिता का नाम सेठ रामचरण कनकने और माता का नाम कौशल्या बाई था। ये हिंदी के राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के अनुज थे। प्रारंभिक शिक्षा के बाद घर पर ही उन्होंने गुजराती, अंग्रेज़ी तथा उर्दू भाषा सीखी। 1929 में महत्मा गांधीजी के संपर्क में आकर वर्धा में रहे। उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं- मौर्यविजय, अनाथ, विषाद, आर्द्रा, आत्मोत्सर्ग, मृण्मयी, बापू, नकुल आदि। दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए उन्हें नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी द्वारा 'सुधाकर पदक' प्रदान किया गया। लंबे समय की बीमारी के कारण 29 मार्च 1963 में इनका निधन हुआ।

**शब्दार्थ :**

उद्योगी - परिश्रमी, मेहनती; सौख्य-सुख , आलस - आलस्य, कामचोरी ; बहाना - बात टालना, नाम मात्र का कारण ; द्रव्य-धन, पदार्थ, सामग्री; अनुपम - अनोखा, बेजोड़, उपमाविहीन ; तुच्छ-छोटा, क्षुद्र, निस्सार, अल्प; पल-क्षण, चित्त-मन, ध्यान, अंतःकरण ; विश्वास-भरोसा, यकीन; सुसमय - अच्छा समय, उत्तम अवसर; खोना - गँवाना, सर्वथा - सदा, हमेशा।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. कवि के अनुसार मनुष्य को सुख कब नहीं मिलता?
2. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है?
3. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है?
4. कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं?
5. समय के खोने से क्या होता है?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है?
2. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए?
3. कविता की अंतिम चार पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहते हैं?

**III. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(सर्वथा, चक्रवर्ती, करो अभी, शुभ)

1. जो करना है, ____________, कल हो क्या जाने?
2. चाहो तुम क्यों नहीं ____________ भी होके।
3. यही समय ही अहो तुम्हारा ____________ जीवन है।
4. खोकर पीछे इसे ____________ पछताओगे।

**IV. अनुरूपता :**

1. आलस : परिश्रम :: नष्ट : ____________
2. जानो : मानो :: लगा दो : ____________
3. धन : निर्धन :: दिया : ____________
4. जीवन : मरण :: खोना : ____________

**V. जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. उद्योगी | सुख |
| 2. आलस | अनुपम धन |
| 3. जीवन | समता |
| 4. समय | बहाना |
| 5. द्रव्य | पल-पल |
| | सुसमय |

**VI. उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :**

**उदा : जाता - पाता**

1. बहाने - ________________
2. समता - ________________
3. धन - ________________
4. लगा दो - ________________
5. जानो - ________________
6. पाओगे - ________________

**VII. नीचे दिये गए शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए :**

1. चकरवरती - ________________
2. चींता - ________________
3. नश्ट - ________________
4. अलास - ________________

5. सरवथा - ________________

6. सयम - ________________

**VIII. उदाहरण के अनुसार शब्द लिखिए:**

**उदा : समय - सुसमय**

1. पुत्र - ________________
2. फल - ________________
3. मन - ________________
4. योग्य - ________________
5. यश - ________________
6. नाद - ________________
7. मति - ________________

**IX. समय के महत्व से संबंधित निम्नलिखित दोहा और कविताओं को पढ़िए और लिखिए। कक्षा में चर्चा कीजिए :**

1. काल करै सो आज कर, आज करै सो अब,
   पल में परलय होवेगा, बहुरि करेगा कब।

2. उठ जाग मुसाकिर भोर भई,
   अब रैन कहाँ जो सोवत है।
   जो सोवत है सो खोवत है,
   जो जागत है सो पावत है।

3. जो आज करना सो अब कर ले।

4. जब चिड़िया चुग गयी खेत,
तब पछताये क्या होता है।

**X. अपने अध्यापक की सहायता से इसे पूर्ण कीजिए :**

एक पहर = ____________ घंटे

एक दिन = ____________ घंटे

एक सप्ताह = ____________ दिन

एक पक्ष = ____________ दिन

एक मास = ____________ दिन

एक साल = ____________ दिन

**XI. तालिका में महीनों का नाम लिखिए और 30 दिन आनेवाले महीनों में हरा रंग, 31 आनेवाले महीनों में पीला रंग, 28/29 आनेवाले महीने में लाल रंग भरिए :**

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

**पाठ से आगे -**

'समय का महत्व' विषय पर दस वाक्यों का एक निबंध लिखिए।

# 12. रोबोट

S8R3Q3

डॉ. प्रदीप मुखोपाध्याय 'आलोक' -

**छात्रों को इस पाठ के द्वारा समझाया जाता है कि मशीन कभी भी मनुष्य का स्थान नहीं ले सकता और मनुष्य का महत्व कभी कम नहीं हो सकता।**



वर्षों से सक्सेना परिवार में काम कर रहा था साधोराम। अचानक एक दिन चलती बस से गिरकर उसे खतरनाक चोट आ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सक्सेना परिवार बड़ा था। बेटे-बेटियों, नाती-पोतों से घर में हमेशा रौनक और चहल-पहल बनी रहती। साधोराम के अस्पताल पहुँच जाने से सभी की तकलीफें बढ़ गईं। धीरज सक्सेना से परिवारवालों का यह दुःख नहीं देखा गया। तभी परिवार के मुखिया के नाते उन्होंने कोई फैसला किया। इस फैसले के तहत अगले रोज़ वे 'रोबोटोनिक्स कॉरपोरेशन' के कार्यालय जा पहुँचे।

वर्ष 2030 के नवंबर का महीना था। दफ्तर अभी खुला ही था। एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से दफ्तर के फर्श को साफ कर रहा था। कंप्यूटरविद् कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफीशियल इंटैलीजेंस) का समावेश रोबोट में करने में सफल हो गए थे। कुछ रोबोटों में तो मानवीय संवेदना के गुण पैदा करने में भी कंप्यूटरविदों एवं रोबोटिकी वैज्ञानिकों को सफलता मिली थी।

काउंटर पर बैठे एक रोबोट ने ही धीरज सक्सेना का स्वागत किया, 'जी श्रीमान्! मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ?' जवाब में धीरज सक्सेना बोले, 'मुझे घरेलू कामकाज करने के लिए एक बुद्धिमान रोबोट की ज़रूरत है।' यह सुनकर काउंटर पर बैठा रोबोट बोला, 'लेकिन घरेलू कामकाज के लिए बुद्धिमान रोबोट क्यों? आप साधारण रोबोट से भी काम चला सकते हैं।'

'दरअसल मुझे बुद्धिमान रोबोट चाहिए। मेरे नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर मेरा काम सँभालने के लिए भी...।'



'ठीक है, जैसी आपकी मर्जी। जब आप ज़्यादा कीमत चुकाकर बुद्धिमान रोबोट की सेवाएँ लेने के लिए तैयार ही हैं तो हमें भला क्या एतराज हो सकता है।''

धीरज सक्सेना को यह रोबोट बहुत ही व्यवहार-कुशल और चालाक लगा। सचमुच ग्राहक की नब्ज़ पकड़ने की कला में वह पारंगत लगता था।

उस दिन दोपहर को ही कंपनी का एक कार्मिक, जो एक रोबोट ही था, सक्सेना परिवार में काम करने के लिए रोबोनिल को छोड़ गया। जिस रोबोट का ऑर्डर धीरज सक्सेना ने दिया था उसीका नाम रोबोनिल था।

रोबोनिल के घर में आ जाने से सभी ने राहत की साँस ली। सुबह नाश्ता कराने, मेहमानों के स्वागत में द्वार खोलने, घर के छोटे बच्चों को कहानियाँ

सुनाने, बच्चों को होमवर्क में मदद करने तथा धीरज सक्सेना के वर्ड प्रोसेसर पर काम करने के अलावा शाम को वह परिवार के पालतू कुत्ते शेरू को घुमाने का काम भी पूरी मुस्तैदी के साथ करने लगा था।

रोबोनिल रोज़ शाम को शेरू को टहलाने के लिए ले जाता था। ऐसे में एक दिन उसकी मुलाकात रोबोदीप से हो गई। रोबोदीप उसी मोहल्ले में रहने वाले शर्मा परिवार के कुत्ते झबरू को घुमाने आया करता था। दोनों रोबोटों के बीच दोस्ती हुई तो शेरू और झबरू भी आपस में हिल-मिल गए।

रोबोनिल की तरह रोबोदीप भी एक बुद्धिमान रोबोट था। बातों-बातों में एक दिन रोबोदीप ने रोबोनिल को बताया, 'जानते हो रोबोनिल, तुम्हारे आने से पहले सक्सेना परिवार में कौन काम करता था?'



रोबोनिल को इस बारे में कुछ पता नहीं था। वह बोला, 'नहीं तो, मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। पर तुम्हें किसने बताया?'

'मैंने शर्मा परिवार को तुम्हारे सक्सेना परिवार के बारे में बातचीत करते सुना है। साधोराम नाम का सेवक एक बस दुर्घटना में घायल होकर किसी अस्पताल में है।'

‘सो तो ठीक है, पर इसमें खास बात क्या है? ठीक होकर वह दुबारा सक्सेना परिवार से आ जुड़ेगा।’

‘नहीं रोबोनिल! यहीं तुम गलत हो। तुम्हारे परिवार के मुखिया धीरज सक्सेना की शर्मा साहब से मुलाकात हुई थी। उन्होंने बताया कि वह अब साधोराम की छुट्टी करनेवाले हैं।’

सुनकर रोबोनिल चौंक गया। बोला, ‘क्या कहा तुमने! वे लोग साधोराम की छुट्टी करनेवाले हैं! पर क्यों?’

‘इसलिए कि तुम उन्हें बहुत भा गए हो। बूढ़े साधोराम को थोड़ा मुआवज़ा देकर वे उसको गाँव भिजवा देंगे।’

‘मगर रोबोदीप, यह तो रोबोटिकी के नियम के विरुद्ध है। कोई रोबोट किसी इंसान को कैसे नुकसान पहुँचा सकता है! यह तो साधोराम के पेट पर लात मारना हुआ। नहीं, हमें कुछ और करना होगा।’

रोबोनिल की बात सुनकर रोबोदीप बोला, ‘वैज्ञानिक एवं विज्ञान लेखक आइज़क आसिमोव के रोबोटिकी के नियम के खिलाफ तो यह है ही कि कोई रोबोट किसी इंसान के नुकसान का कारण बने, साथ-साथ मानवीय नज़रिये से भी यह गलत है कि हमारे कारण किसी भी इंसान की नौकरी को खतरा पहुँचे।’

दोनों के बीच कुछ गुप्त मंत्रणा हुई। फिर दोनों अपने-अपने पालतू कुत्तों के साथ अपने मालिकों के घर लौट गए।

अगले रोज़ रोबोनिल और रोबोदीप ‘रोबोटोनिक्स कॉरपोरेशन’ के दफ्तर में हाज़िर हुए। कंपनी के मालिक रोबोजीत से उन्होंने भेंट की। सारी बातें विस्तार से समझाईं। सुनकर रोबोजीत बोला, ‘मगर मैं क्या करूँ! मैं तो अनुबंध की शर्तों से बँधा हूँ। व्यापार में अगर मैं नियम को देखने लगूँ तो कर लिया मैंने धंधा। मैं तुम लोंगों की कोई मदद नहीं कर सकता।’

रोबोनिल और रोबोदीप ने बहुत समझाने की कोशिश की। रोबोजीत टस से मस नहीं हुआ। उसे आसिमोव के नियमों से बढ़कर धंधे की चिंता थी। निराश होकर दोनों वापस लौट आए।

कुछ दिन और गुज़र गए। सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर फूला नहीं समा रहा था। पर रोबोनिल साधोराम के कारण बहुत चिंतित था। उसके कारण साधोराम की नौकरी को आँच आए, यह उसे किसी भी सूरत में मंजूर नहीं था। रोबोनिल सोचता कि इंसान अपने स्वार्थ और लालच के तहत नियम और कानूनों को अँगूठा दिखा देता है, पर लगता है, रोबोटों में भी अब वही कमी पैदा हो गई है।

उसी रात रोबोनिल को धीरज सक्सेना ने एक विज्ञान कथा वर्ड प्रोसेसर पर टाइप करने के लिए दी। कथा संक्षेप में इस प्रकार थी- एक घर में नौकर को, जो किसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित था, निकालकर उसकी जगह पर एक रोबोट को रख दिया जाता है। किसी तरह रोबोट को इस बात की जानकारी मिल जाती है तो वह 'रोबोटिक संघ' से संपर्क साधकर संघ को सारी बातों से अवगत कराता है। संघ रोबोटों की हड़ताल की घोषणा कर देता है। अंततः समझौता इस बात पर होता है कि उस नौकर को घर में फिर से रख लिया जाएगा।

कहानी टाइप करके रोबोनिल की धात्विक और तारों भरे परिपंथवाली खोपड़ी में यकायक मानो नीली रोशनी हो गई।

अगले रोज़ ही रोबोदीप के साथ वह संघ के कार्यालय जा पहुँचा। सब बातें सुनकर अध्यक्ष ने संघ की कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में तय हुआ कि सभी रोबोटिक कंपनियों के काम करनेवाले रोबोटों की हड़ताल का आह्वान कर दिया जाए।

रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच इस आह्वान से हलचल मच गई। उन्होंने रोबोजीत पर सक्सेना परिवार के साथ हुए अनुबंध को तुरंत रद्द कर

देने का दबाव डाला। रोबोजीत अकेला पड़ गया। मजबूरन उसे  धीरज सक्सेना के साथ अपने अनुबंध को तुरंत रद्द करके रोबोनिल को वापस बुलाने की बात माननी पड़ी।

धीरज सक्सेना को जब यह सब पता चला तो उनके हाथों के तोते उड़ गए। यह सच था कि उन्होंने साधोराम को नौकरी से निकालने का फैसला कर लिया था, पर बदले हुए हालात में उन्हें मजबूर होकर 'रोबोटिक संघ' के अध्यक्ष के पास जाकर यह गुजारिश करनी पड़ी कि जब तक साधोराम पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाता है, तब तक रोबोनिल उसके पास काम करता रहेगा। साधोराम के ठीक होते ही वह उसे दोबारा काम पर रख लेंगे। संघ को यह बात मानने में कोई आपत्ति नहीं थी।

शाम को रोबोनिल और रोबोदीप मिले। रोबोदीप बोला, 'मुझे खुशी है कि हमारे कारण किसी इंसान को नुकसान नहीं झेलना होगा।'

*******

**पाठ का आशय :**

सक्सेना परिवार नौकर साधोराम को निकालकर रोबोनिल को नियुक्त करते हैं। रोबोनिल और दूसरे रोबोट रोबोदीप की मुलाकात होने पर उन्हें पता चलता है कि साधोराम की अब छुट्टी कर दी जाएगी। उसकी नौकरी चली जाएगी। रोबोनिल और रोबोदीप अपने संघर्ष के द्वारा धीरज सक्सेना को मजबूर करते हैं कि साधोराम को दोबारा नौकरी पर रखी जाए। अंत में रोबोदीप खुश होता है कि उनसे इंसानों को कोई नुकसान नहीं झेलना होगा।

**शब्दार्थ :**

खतरनाक - खतरे का, भयजनक; मुखिया - घर का प्रधान , नाते - संबंध से, तहत - अंतर्गत , वैक्यूम क्लीनर - सफाई करने का एक मशीन, समावेश - शामिल करना, एतराज़ - आपत्ति, दोष निकालना; नब्ज़ - नाड़ी, पारंगत-निपुण , कार्मिक - कर्मचारी, मुस्तैदी - तत्परता, मुआवज़ा - हर्ज़ाना, किसी कार्य या हानि के बदले में दिया गया धन; नज़रिया - सोचने का तरीका,

मंत्रणा - विचार-विमर्श, सलाह ; अनुबंध - लिखित समझौता, Contract; सूरत - शक्ल, चेहरा; मंजूर - स्वीकार , संपर्क - मेल, संयोग ; अवगत - जाना हुआ, धात्विक - धातु से बना, धातु संबंधी; परिपंथ-वह जो रास्ता रोके हुए हो, यकायक - अचानक, एकाएक; आपातकालीन - संकट काल का, आह्वान - पुकारना, बुलाना।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था?
2. धीरज सक्सेना किस कार्यालय में जा पहुँचे?
3. एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से क्या साफ कर रहा था?
4. रोबोनिल की मुलाकात किससे हुई?
5. शर्मा परिवार के कुत्ते का नाम लिखिए।
6. रोबोनिल और रोबोदीप किससे मिलने गए?
7. वैज्ञानिक लेखक का नाम लिखिए।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. साधोराम को क्या हुआ था?
2. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की ज़रूरत क्यों थी?
3. रोबोदीप ने रोबोनिल से क्या कहा?
4. रोबोनिल ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की?
5. कहानी को टाइप करते समय रोबोनिल को क्या हुआ?

**III. पाँच-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. धीरज सक्सेना ने घरेलू कामकाज के लिए रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया?
2. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए।

3. विज्ञान कथा का सार लिखिए।

4. रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल क्यों मच गई?

**IV. निम्नलिखित कारकों को चुनकर लिखिए :**

(का, के, में, से, की)

1. वर्ष 2030 _________ नवंबर का महीना था।
2. आप साधारण रोबोट _________ भी काम चला सकते हैं।
3. रोबोनिल _________ घर में आ जाने से सभी ने राहत की साँस ली।
4. रोबोटों _________ हड़ताल की घोषणा हुई ।
5. संघ को यह बात मानने _________ कोई आपत्ति नहीं थी।

**V. जोड़कर लिखिए :**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. यह सुनकर काउंटर पर | गुप्त मंत्रणा हुई। |
| 2. मगर, रोबोदीप, यह तो | पाकर फूला नहीं समा रहा था। |
| 3. शाम को रोबोनिल | बैठा रोबोट बोला। |
| 4. दोनों के बीच कुछ | रोबोटिकी के नियम के विरुद्ध है। |
| 5. सक्सेना परिवार रोबोनिल को | और रोबोदीप मिले। |

**VI. अन्य वचन रूप लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. बेटा - ___________ | 5. बेटियाँ - ___________ |
| 2. नाती - ___________ | 6. पोता - ___________ |
| 3. कुत्ता - ___________ | 7. कंपनियाँ - ___________ |
| 4. छुट्टी - ___________ | 8. नौकरियाँ - ___________ |

**VII. अनुरूपता :**

1. शेरू को टहलाना : रोबोनिल :: झबरू को घुमाना : ________
2. मुखिया : धीरज सक्सेना :: सेवक : ___________
3. टस से मस न होना : अटल रहना :: फूले न समाना : ___________

**भाषा ज्ञान**

**मुहावरेः**

जो वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को प्रकट करता है, वह मुहावरा कहलाता है।

**उदाहरण** : आँखें चुराना - अपने आप को छिपाना

आँखें दिखाना - धमकाना, डराना, गुस्सा करना

अक्ल का अंधा - मूर्ख

आस्तीन का साँप - कपटी मित्र

कान भरना - चुगली करना

**I. उदाहरण के अनुसार मुहावरे लिखिएः**

1. शरीर के अंगों से संबंधित - **उदाः** अँगूठा दिखाना - साफ इनकार करना

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

2. अंकों से संबंधित - **उदाः** नौ दो ग्यारह होना - भाग जाना

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

**II. मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

1. आँख खुलना -
2. ईद का चाँद होना -
3. कान खड़े होना -
4. हवा से बातें करना -
5. बात का धनी -

**III. मुहावरों को सही अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :**

| | |
|---|---|
| 1. राहत की साँस लेना | - विचलित न होना |
| 2. पेट पर लात मारना | - चैन की साँस लेना/तसल्ली करना |
| 3. टस से मस न होना | - आश्चर्यचकित होना |
| 4. फूला नहीं समाना | - नौकरी या सहूलियत छीनना |
| 5. आँच आना | - वक्त आने पर इनकार करना |
| 6. अँगूठा दिखा देना | - हानि पहुँचना |
| 7. हलचल मचाना | - बहुत खुश होना |
| 8. हाथों के तोते उड़ना | - शोर मचाना |

**IV. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य पूरा कीजिए :**

(साँस रोके हुए, नौ दो ग्यारह हो जाना, गुस्सा हवा हो जाना, चिंगारियाँ सुलगना, दाँतों तले उँगली दबाना, भूचाल आ जाना)

1. मास्टर साहब की आँखों में ________ रही थीं।

2. मालिक को देखकर ड्राइवर का ________ हो गया।

3. अपने सामने शेर को देख मैं काफी देर तक ________ खड़ा रहा।

4. अध्यापिका की अनुपस्थिति में बच्चों ने कक्षा में इतना शोर मचा रखा था, ऐसा लग रहा था, मानो कक्षा में ________ हो।

5. एक व्यक्ति को अपने मुँह से ट्रक खींचते देख हम ________ दबाकर रह गए।

6. बिल्ली को सामने से आता देख चूहा ________ हो गया।

**पाठ से आगे –**

रोबोट एक मशीन है, पर उसमें मानवता का भाव भरा हुआ है। मानव भी इस प्रकार की मानवता का भाव कहाँ और कैसे प्रकट कर सकता है - इसके बारे में चर्चा कीजिए।

# 13. महिला की साहसगाथा

M1K4Q3

**-संकलित**

**इस लेख द्‌वारा छात्र यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि महिलाएँ भी साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कुछ कम नहीं हैं। बिछेंद्री पाल इस विचार का एक निदर्शन है। ऐसी महीलाओं से प्रेरणा पाकर छात्र साहसी भाव अपना सकते हैं।**



पहली महिला एवरेस्ट विजेता बिछेंद्री पाल को एवरेस्ट की चोटी पर चढ़नेवाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त है। बिछेंद्री का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था। पिता किशनपाल सिंह और माँ हंसादेई नेगी की पाँच संतानों में यह तीसरी संतान हैं। बिछेंद्री के बड़े भाई को पहाड़ों पर जाना अच्छा लगता था। भाई को देखकर उन्होंने निश्चय कर लिया कि वे भी वही करेंगी जो उनका भाई करते हैं। वे किसी से पीछे नहीं रहेंगी, उनसे बेहतर करके दिखलाएँगी। इसी जज़्बे से उन्होंने पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया।

बिछेंद्री को बचपन में रोज़ पाँच किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जाना पड़ता था। बाद में पर्वतारोहण-प्रशिक्षण के दौरान उनका कठोर परिश्रम बहुत काम आया। सिलाई का काम सीख लिया और सिलाई करके पढ़ाई का खर्च जुटाने लगीं। इस तरह उन्होंने संस्कृत में एम.ए तथा बी.एड तक की शिक्षा प्राप्त की।

पढ़ाई के साथ-साथ बिछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने के अपने लक्ष्य को भी हमेशा अपने सामने रखा। इसी दौरान उन्होंने ने 'कालानाग' पर्वत की चढ़ाई की। सन् 1982 में उन्होंने 'गंगोत्री ग्लेशियर'(6672 मी) तथा 'रूड गेरो' (5819 मी) की चढ़ाई की जिससे उनमें आत्मविश्वास और बढ़ा।

अगस्त 1983 में जब दिल्ली में हिमालय पर्वतारोहियों का सम्मेलन हुआ तब वे पहली बार तेनजिंग नोर्गे (एवरेस्ट पर चढ़नेवाले पहले पुरुष) तथा जुंके ताबी (एवरेस्ट पर चढ़नेवाली पहली महिला) से मिलीं। तब उन्होंने संकल्प लिया कि वे भी उनकी तरह एवरेस्ट पर पहुँचेंगी और वह दिन भी आया, जब 23 मई 1984 को एवरेस्ट पहुँचकर भारत का झंडा फहरा दिया। उस समय उनके साथ पर्वतारोही अंग दोरजी भी थे।

भारत की इस महिला द्वारा लिखित यह इतिवृत्तांत बहुत प्रेरणादायक तथा रोचक है। इसमें उन्होंने इस बात का वर्णन किया है कि वे एवरेस्ट के शिखर पर कैसे पहुँचीं -

कर्नल खुल्लर ने साउथ कोल तक की चढ़ाई के लिए तीन शिखर दलों के दो समूह बना दिए। मैं सुबह चार बजे उठ गई, बर्फ पिघलाई और चाय बनाई। कुछ बिस्कुट और आधी चॉकलेट का हल्का नाश्ता करने के पश्चात् मैं लगभग साढ़े पाँच बजे अपने तंबू से निकल पड़ी। अंग दोरजी ने मुझसे पूछा क्या मैं उनके साथ चलना चाहूँगी। मुझे उन पर विश्वास था। साथ ही साथ मैं अपनी आरोहण क्षमता और कर्मठता के बारे में भी आश्वस्त थी।

सुबह 6.20 पर जब अंग दोरजी और मैं साउथ कोल से बाहर निकले तो दिन ऊपर चढ़ आया था। हल्की-हल्की हवा चल रही थी और ठंड बहुत अधिक थी। हमने बगैर रस्सी के ही चढ़ाई की। अंग दोरजी एक निश्चित गति से ऊपर चढ़ते गए। मुझे भी उनके साथ चलने में कोई कठिनाई नहीं हुई। जमी हुई बर्फ की सीधी व ढलाऊ चट्टानें इतनी सख्त और भुरभुरी थीं, मानो शीशे की चादर बिछी हो। हमें बर्फ काटने के लिए फावड़े का इस्तेमाल करना पड़ा।

दो घंटे से कम समय में ही हम शिखर कैंप पर पहुँच गए। अंग दोरजी ने पीछे मुड़कर पूछा, ''क्या तुम थक गई हो?'' मैंने जवाब दिया, ''नहीं'' यह सुनकर वे बहुत अधिक आश्चर्यचकित और आनंदित हुए। थोड़ी चाय पीने के बाद हमने पुनः चढ़ाई शुरू कर दी। ल्हाटू एक नायलॉन की रस्सी लाया था इसलिए अंग दोरजी और मैं रस्सी के सहारे चढ़े, जबकि ल्हाटू एक हाथ से रस्सी पकड़े हुए बीच में चला। तभी ल्हाटू ने गौर किया कि मैं इन ऊँचाईयों के लिए आवश्यक चार लीटर ऑक्सीजन की अपेक्षा लगभग ढाई लीटर

ऑक्सीजन प्रति मिनट की दर से लेकर चढ़ रही थी। मेरे रेगुलेटर पर जैसे ही उसने ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाई मुझे कठिन चढ़ाई आसान लगने लगी।



दक्षिणी शिखर के ऊपर हवा की गति बढ़ गई थी। उस ऊँचाई पर तेज़ हवा के झोंके भुरभुरे बर्फ के कणों को चारों तरफ उड़ा रहे थे जिससे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। मैंने देखा कि थोड़ी दूर तक कोई ऊँची चढ़ाई नहीं है। ढलान एकदम सीधी नीची चली गई है। मेरी साँस मानो एकदम रुक गई थी। मुझे लगा कि सफलता बहुत नज़दीक है। 23 मई, 1984 के दिन दोपहर के 1 बजकर 7 मिनट पर मैं एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी। एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचनेवाली मैं प्रथम भारतीय महिला थी।

एवरेस्ट की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ हज़ारों मीटर लंबी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने मुख्य प्रश्न सुरक्षा का था। हमने फावड़े से पहले बर्फ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद मैं अपने घुटनों के बल बैठी। बर्फ पर अपने माथे को लगाकर मैंने सागरमाथे के ताज का चुंबन किया। बिना उठे ही मैंने अपने थैले से हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला। मैंने इन्हें अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा और छोटी-सी पूजा करके इनको बर्फ में दबा दिया। उठकर मैं अपने रज्जु नेता अंग दोरजी के प्रति आदर भाव से झुकी। उन्होंने मुझे गले लगाया। कुछ देर बाद सोनम पुलजर पहुँचे और उन्होंने फोटो लिए।

इस समय तक ल्हाटू ने हमारे नेता को एवरेस्ट पर पहुँचने की सूचना दे दी थी। तब मेरे हाथ में वॉकी-टॉकी दिया गया। कर्नल खुल्लर ने मुझे बधाई दी और बोले, ''देश को तुम पर गर्व है।'' हमने शिखर पर 43 मिनट व्यतीत किए और अपनी वापसी यात्रा 1 बजकर 55 मिनट पर आरंभ की। अंग दोरजी और मैं साउथ कोल पर सायं पाँच बजे तक पहुँच गए। सबने साउथ कोल से शिखर तक और वापस साउथ कोल तक की यात्रा (चोटी पर रुकने सहित) पूरे 10 घंटे 40 मिनट के अंदर पूरी करने पर बधाई दी। मैं जब तंबू में घुस रही थी, मैंने मेजर कुमार को कर्नल खुल्लर से वायरलैस पर बात करते सुना, ''आप विश्वास करें या न करें श्रीमान, बिछेंद्री पाल केवल तीन घंटे में ही वापिस आ गई है और वह उतनी ही चुस्त दिख रही है जितनी वह आज सुबह चढ़ाई शुरू करने से पहले थी।''

मुझे पर्वतारोहण में श्रेष्ठता के लिए भारतीय पर्वतारोहण संघ का प्रतिष्ठित स्वर्ण-पदक तथा अन्य अनेक सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए गए। पद्मश्री और प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार की घोषणा की गई। सबके आकर्षण और सम्मान का केंद्र होना मुझे बहुत अच्छा लगा।

इस तरह बिछेंद्री को एवरेस्ट पर पहुँचनेवाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त हुआ।

(बिछेंद्री पाल द्वारा लिखित 'एवरेस्ट-मेरी शिखर यात्रा' पर आधारित)

*******

**पाठ का आशय :**

इस पाठ से बच्चे साहस गुण, दृढ़ निश्चय, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना इत्यादि आदर्श गुण सीखते हैं। इसके साथ हिमालय की ऊँची चोटियों की जानकारी भी प्राप्त करते हैं। यह पाठ सिद्ध करता है कि 'मेहनत का फल अच्छा होता है।'

**शब्दार्थ :**

चोटी - शिखर, जज़्बा - हौसला, दौरान - उस समय, झंडा - पताका, ध्वज; तंबू - शामियाना, आरोहण - चढ़ना, कर्मठता - काम करने की शक्ति का भाव, बगैर - बिना, फावड़ा - खुदाई का साधन, इस्तेमाल - उपयोग, नज़दीक - पास, रज्जु - रस्सी।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. बिछेंद्री पाल को कौन-सा गौरव प्राप्त हुआ है?
2. बिछेंद्री के माता-पिता कौन थे?
3. बिछेंद्री ने क्या निश्चय किया?
4. बिछेंद्री ने किस ग्लेशियर पर चढ़ाई की?
5. सन् 1983 में दिल्ली में कौन-सा सम्मेलन हुआ था?
6. एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ कौन थे?
7. कर्नल का नाम क्या था?
8. ल्हाटू कौन-सी रस्सी लाया था?
9. बिछेंद्री ने थैले से कौन-सा चित्र निकाला?
10. कर्नल ने बधाई देते हुए बिछेंद्री से क्या कहा?
11. मेजर का नाम क्या था?
12. बिछेंद्री का भारतीय पर्वतारोहण संघ ने कौन-सा पदक देकर सम्मान किया?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. बिछेंद्री पाल के परिवार का परिचय दीजिए।
2. बिछेंद्री का बचपन कैसे बीता?
3. बिछेंद्री ने पर्वतारोहण के लिए किन-किन चीज़ों का उपयोग किया?
4. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने क्या किया?

**III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. बिछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की?
2. दक्षिणी शिखर पर चढ़ते समय बिछेंद्री के अनुभव के बारे में लिखिए।
3. प्रस्तुत पाठ से क्या संदेश मिलता है?

**IV. जोड़कर लिखिए :**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. गंगोत्री ग्लेशियर की चढ़ाई | सन् 1984 |
| 2. पर्वतारोहियों का सम्मेलन | सन् 1985 |
| 3. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचना | सन् 1982 |
| | सन् 1983 |

**V. अनुरूप शब्द लिखिए :**

1. पहाड़ : गिरि :: चोटी : ________
2. कालानाग : पर्वत :: गंगोत्री : ___________
3. कर्नल : खुल्लर :: मेजर : ___________
4. चाय : गरम :: बर्फ : ___________
5. पहले हिमालय पर्वतारोही पुरुष : तेनजिंग नोर्गे :: पहली एवरेस्ट पर्वतारोही महिला : ___________

**VI. स्त्रीलिंग शब्द लिखिए :**

| पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1. बाप | - | ____________ |
| 2. पुरुष | - | ____________ |
| 3. भाई | - | ____________ |
| 4. बेटा | - | ____________ |
| 5. श्रीमान | - | ____________ |

**VII. उदाहरण के अनुसार लिखिए :**

1. पढ़ + आई = पढ़ाई
2. चढ़ + आई = ____________
3. कठिन + आई = ____________
4. ऊँचा + आई = ____________
5. बड़ + आई = ____________

**VIII. अन्य वचन लिखिए :**

1. चट्टान - ____________
2. रस्सी - ____________
3. शीशा - ____________
4. चोटी - ____________
5. चादर - ____________

**IX. विलोम शब्द लिखिए :**

1. आरोहण x ____________
2. चढ़ना x ____________
3. ठंडा x ____________
4. परिश्रम x ____________
5. सामने x ____________

**X. समानार्थक शब्द लिखिए :**

**उदाः पहाड़ = गिरि पर्वत**

चोटी = ____________, ____________

सुबह = ____________, ____________

महिला = ____________, ____________

नज़दीक = ____________, ____________

**XI. निम्न शब्दों में विशेषण तथा संज्ञा शब्दों को अलग-अलग कीजिए :**

| शब्द | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| उदाः ऊँचा पर्वत - | पर्वत | ऊँचा |
| 1. मधुर स्वर - | ____________, | ____________ |
| 2. कर्कश आवाज़ - | ____________, | ____________ |
| 3. बड़ा साधु - | ____________, | ____________ |
| 4. ठंडी हवा - | ____________, | ____________ |
| 5. नायलॉन रस्सी - | ____________, | ____________ |

**XII. अनेक शब्द के लिए एक शब्द दिये गये हैं, ढूँढ़कर लिखिए :**

**उदा : जो पढ़ा लिखा न हो - अनपढ़**

| |
|---|
| मासिक |
| सच्चरित्र |
| अक्षम्य |
| अमर |
| वनचर |
| पाश्चात्य |
| प्रत्यक्ष |
| स्थाई |
| दुर्गम |
| कृतज्ञ |

1. जहाँ पहुँचा न जा सके - ___________
2. मास में एक बार आनेवाला -___________
3. जो कभी न मरे - ___________
4. अच्छे चरित्रवाला - ___________
5. जो आँखों के सामने हो - ___________
6. जो स्थिर रहे - ___________
7. जिसे क्षमा न किया जा सके - ___________
8. जो वन में घूमता हो - ___________
9. जिसका संबंध पश्चिम से हो - ___________
10. जो उपकार मानता हो - ___________

**XIII. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

1. बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था।
2. बिछेंद्री को रोज़ पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था।
3. दक्षिणी शिखर के ऊपर हवा की गति बढ़ गई थी।
4. मुझे लगा कि सफलता बहुत नज़दीक है।
5. मैं एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचनेवाली प्रथम भारतीय महिला थी।

**परियोजना :** साहसी महिलाओं के नाम तथा क्षेत्र की सूची बनाइए।

**पाठ से आगे –**

अपने किसी दोस्त की अथवा अपनी ही कोई साहस गाथा कक्षा में सुनाइए।

# 14. सूर-श्याम

I7M3I4

**सूरदास -**

**प्रस्तुत पद में कवि सूरदास ने कृष्ण की बाल-लीला का वर्णन करते हुए उसके स्वभाव, भोलेपन एवं माता यशोदा के वात्सल्य का सुंदर चित्रण किया है।**



मैया मोहिं दाऊ बहुत खिझायो।
मोसों कहत मोल को लीनो, तोहि जसुमति कब जायो।।
कहा कहौं इहि रिस के मारे, खेलन हौं नहिं जात।
पुनि पुनि कहत कौन है माता, को है तुमरो तात।।
गोरे नंद जसोदा गोरी, तुम कत स्याम सरीर।
चुटकी दै दै हँसत ग्वाल, सब सिखै देत बलबीर।।
तू मोहिं को मारन सीखी, दाउहि कबहुँ न खीझै।
मोहन को मुख रिस समेत लखि, जसुमति सुनि सुनि रीझै।।
सुनहु कान्ह बलभद्र चबाई, जनमत ही को धूत।
'सूर' स्याम मोहिं गोधन की सौं, हौं माता तू पूत।।

*******

**पद का आशय :**

बच्चे स्वभाव से भोले होते हैं। वे हमेशा अपने माता-पिता से अपने भाई, बहन और मित्रों की कुछ-न-कुछ शिकायत करते रहते हैं। उनका बाल सहज स्वभाव देखकर बड़ों को हँसी आती है और उन्हें पुचकारकर सांत्वना देते हैं। माँ और बेटे के ऐसे सहज संबंध की कल्पना कर सूरदास जी ने अपने इस पद में उसका मार्मिक चित्रण किया है।

**कवि परिचय :**

**सूरदास (सन् 1540-1642)**



भक्त कवि सूरदास हिंदी साहित्याकाश के सूर्य माने जाते हैं। इन्हें भक्तिकाल की सगुण भक्तिधारा की कृष्णभक्ति-शाखा के प्रवर्तक माना जाता है। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के रुनकता गाँव में सन् 1540 को हुआ था। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं- 'सूर सागर', 'सूर सारावली' एवं 'साहित्यलहरी'। इनकी मृत्यु सन् 1642 को हुई। इनके काव्यों में वात्सल्य, श्रृंगार तथा भक्ति का त्रिवेणी संगम हुआ है।

**शब्दार्थ :**

मैया-माँ, मोहिं-मुझे, दाऊ-भैय्या (बलराम), खिझाना-चिढ़ाना, मोसों-मुझसे, मोल-मूल्य, दाम; तोहि-तुझे, जसुमति-जसोदा, यशोदा; जायो-जन्म दिया, रिस- क्रोध, के मारे-के कारण, तुमरो-तुम्हारे, तात-पिता, कत- क्यों, स्याम-काला, ग्वाल-गोपालक, सिखै-सिखाना, बलभद्र-बलबीर, बलराम; रीझै-मोहित होना, सुनहु-सुनो, कान्ह-कृष्ण, चबाई-पीठ पीछे बुराई करनेवाला, चुगलखोर; जनमत ही को-जन्म से ही, धूत-दुष्ट, लखि-देखकर, सौं-कसम, सौगंध; हौं-मैं, पूत-पुत्र।

**भावार्थ :**

प्रस्तुत पंक्तियों में भाई बलराम के प्रति कृष्ण की शिकायत का मोहक वर्णन किया गया है। कृष्ण अपनी माँ यशोदा से शिकायत करता है कि भाई मुझे बहुत चिढ़ाता है। वह मुझसे कहता है कि तुम्हें यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है बल्कि मोल लिया है। इसी गुस्से के कारण उसके साथ मैं खेलने नहीं जाता। वह मुझसे बार-बार पूछता है कि तुम्हारे माता-पिता कौन हैं? वह यह भी कहता है कि नंद और यशोदा तो गोरे हैं, लेकिन तुम्हारा शरीर क्यों काला है? उसकी ऐसी हँसी-मज़ाक सुनकर मेरे सब ग्वाल मित्र चुटकी बजा-बजाकर हँसते हैं। उन्हें बलराम ने ही ऐसा करना सिखाया है। माँ, तुमने केवल मुझे ही मारना सीखा है और भाई पर कभी गुस्सा नहीं करती। (अपने भाई के प्रति क्रोधित और सखाओं द्वारा अपमानित) कृष्ण के क्रोधयुत मुख को देखकर और उसकी बातों को सुनकर यशोदा खुश हो जाती है। वह कहती है - हे कृष्ण! सुनो । बलराम जन्म से ही चुगलखोर है। मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो।

इस पद में सूरदास ने बालकृष्ण के भोलेपन और यशोदा के वात्सल्य का मार्मिक चित्रण किया है।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. सूर-श्याम पद के रचयिता कौन हैं?
2. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है?
3. यशोदा और नंद का रंग कैसा था?
4. चुटकी दे-देकर हँसनेवाले कौन थे?
5. यशोदा किसकी कसम खाती है?
6. बालकृष्ण किससे शिकायत करता है ?
7. बलराम के अनुसार किसे मोल लिया गया है ?
8. बालकृष्ण का रंग कैसा था ?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता?
2. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है?
3. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज़ है?
4. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है?
5. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है?

**III. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. पद का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए ।

**IV. पद्यभाग पूर्ण कीजिए :**

1. गोरे नंद ____________ सरीर ।

   __________________ बलबीर ॥

2. सुनहु कान्ह _______________ ।

   ___________________ तू पूत ॥

**V. अनुरूपता :**

1. बलभद्र : बलराम :: कान्ह : ________________
2. जसोदा : माता :: नंद : ________________
3. रीझना : मोहित होना :: खिजाना : ________________
4. बलबीर : बलराम :: जसोदा : ________________

**VI. जोड़कर लिखिए :**

| अ | ब |
|---|---|
| 1. सूरदास का जन्म | कृष्ण भक्ति शाखा |
| 2. सगुण भक्तिधारा की | सन् 1540 को हुआ |
| 3. उत्तर प्रदेश का रुनकता | सन् 1642 को हुई |
| 4. सूरदास जी की मृत्यु | सूर का जन्मस्थान |

**VII. सही शब्द चुनकर लिखिए:**

(चुगलखोर, गोरी, श्याम, चुटकी, बाल-लीला)

1. जसोदा ______________
2. कृष्ण ______________
3. ग्वाल मित्र ______________
4. बलराम ______________
5. कृष्ण की ______________

**VIII. आधुनिक रूप लिखिए:**

जैसे : मैया - माता

1. मोहिं ______________
2. मोसों ______________
3. रिस ______________
4. सरीर ______________
5. सिखै ______________
6. जसुमति ______________
7. धूत ______________
8. कान्ह ______________
9. पूत ______________
10. जनमत ______________

**पद से आगे -**

- भक्त कवयित्री मीराबाई का परिचय पाइए और कक्षा में चर्चा कीजिए।
- कन्नड के कवि पुरंदरदास और कनकदास की जानकारी प्राप्त कीजिए।
- चित्र देखकर एक कहानी रचिए और उसके लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।



# 15. कर्नाटक-संपदा

H3A7D3

**संकलित-**

**प्रस्तुत निबंध द्‌वारा छात्र कर्नाटक के अतीत वैभव, वर्तमान प्रौद्योगिकी-विकास तथा प्रकृति-संपदा के साथ-साथ इस राज्य के महान् व्यक्तियों की साधना का परिचय प्राप्त करते हैं।**

कर्नाटक राज्य भारत देश का प्रगतिशील राज्य है। यहाँ की आबादी लगभग छः करोड़ से ऊपर है। प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्‌ध बनाया है। कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है। इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं। इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है। दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं।

कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरु है। यहाँ देश-विदेश के लोग आकर बस गये हैं। बेंगलूरु शिक्षा का ही नहीं, बल्कि बड़े-बड़े उद्‌योग-धंधों का भी केंद्र है। यहाँ प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान, एच.ए.एल, एच.एम.टी, आइ.टी.आइ, बी.एच.ई.एल, बी.ई.एल जैसी बृहत् संस्थाएँ हैं। इसे 'सिलिकॉन सिटी' भी कहा जाता है।

सर.सी.वी.रामन,सर.एम.विश्वेश्वरय्या,डॉ.सी.एन.आर.राव, डॉ.शकुंतला देवी जैसे दिग्गजों ने वैज्ञानिक तथा प्रौद्‌योगिकी के क्षेत्र में नारायण मूर्ति ने अपनी महत्तर उपलब्धियों से कर्नाटक को विश्व पटल पर अंकित किया है। सन् 2013 में डॉ. सी.एन.आर. राव को सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' प्राप्त हुआ है ।

यहाँ सोना, ताँबा, लोहा आदि कई प्रकार की उपयोगी धातुएँ मिलती हैं। भद्रावती में कागज़, लोहे और इस्पात के बड़े कारखाने हैं। इसके अलावा कर्नाटक में चीनी, सिमेंट, रेशम और कागज़ उत्पादन के अनेक कारखाने हैं।

कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं। इसलिए कर्नाटक को 'चंदन का आगार' कहते हैं। यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं।



गोलगुंबज़

कर्नाटक में कावेरी, कृष्णा, तुंग-भद्रा आदि अनेक नदियाँ बहती हैं। इन नदियों पर बाँध बनाये गये हैं। इनसे हज़ारों एकड़ ज़मीन सींची जाती है। इसके अलावा इन नदियों के जलाशयों की सहायता से ऊर्जा-उत्पादन केंद्र भी स्थापित किये गये हैं। जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात मनमोहक हैं।

कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है। बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं। ये सुंदर मूर्तियाँ हमें रामायण, महाभारत, पुराणों की कहानियाँ सुनाती हैं। श्रवणबेलगोला में 57 फुट ऊँची गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है, जो दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है। विजयपुरा के गोलगुंबज़ की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है। मैसूरु का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है। प्राचीन सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल (आर्ट गैलरी) का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय हैं।



मैसूरु का राजमहल

गंग, कदंब, राष्ट्रकूट, चालुक्य, होय्सल, ओडेयर आदि राजवंशजों ने तथा कृष्णदेवराय, मदकरिनायक, रानी अब्बक्का देवी, कित्तूरु चेन्नम्मा, टीपू सुल्तान, आदिलशाह जैसे शासकों ने कर्नाटक राज्य की श्रीवृद्धि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की कीर्ति फैलायी है। वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे। अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने अपने अनमोल 'वचनों' द्‌वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है। पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये हैं। पंपा, रन्ना, पोन्ना, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि ने महान् काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है।



आधुनिक काल के साहित्यकार कुवेम्पु, द.रा. बेंद्रे, शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेश अय्यंगार, वि.कृ. गोकाक, यू.आर. अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत हैं। यह कन्नड भाषा, संस्कृति तथा कर्नाटक के लिए गौरव का विषय है।

*******

**पाठ का आशय :**

'जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसि'। प्रत्येक व्यक्ति का अपनी जन्मभूमि से अनुराग और उस पर अभिमान करना सहज है। कर्नाटक हमारी जन्मभूमि है। यहाँ की प्राकृतिक सुषमा, साहित्यिक वैभव और ज्ञान-विज्ञान क्षेत्र की प्रगति अपार है। देश-विदेश के लोग यहाँ की तकनीकी के विकास की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हैं। इस संदर्भ में प्रस्तुत पाठ अत्यंत प्रासंगिक एवं सार्थक है।

**टिप्पणी :**

**व्हिस्परिंग गैलरी**

यह विजयपुरा के विश्व विख्यात गोलगुंबज़ में है। इसकी वास्तुकला अनोखी है। इस गुंबज़ के एक छोर से धीमी आवाज़ में बातें करें तो वह विरुद्ध छोर में स्पष्ट सुनाई देती है। इस गुंबज़ की एक और विशेषता यह है कि यहाँ एक बार आवाज़ निकालने से यह सात बार प्रतिध्वनित होती है।

**शब्दार्थ :**

आबादी - जनसंख्या, सँवारना - सजाना, सुषमा - अत्यधिक सुंदरता, लहराना - तरंगित होना, छोर - किनारा, अंतिम सिरा; घाट - Ghats, चढ़ाव-उतार का पहाड़ी मार्ग; आवली - कतार, पंक्ति; दिग्गज - महान् व्यक्ति, प्रौद्योगिकी - तकनीकी, उपलब्धि - प्राप्ति, सिद्धि; पटल - परदा, धातु - खनिज पदार्थ, इस्पात - फौलाद, Steel ; विपुल - अधिक, आगार - घर, सींचना - भिगोना, पानी देना; ऊर्जा - शक्ति, Energy; वास्तुकला - इमारत-मकान आदि बनाने की कला, प्रतिमा - मूर्ति, अद्वितीय - जिसके समान दूसरा न हो, दृष्टांत - उदाहरण, श्रीवृद्धि - उन्नति, प्रगति; योगदान - सहयोग देना, अनमोल - अमूल्य, बेजोड़।

**विस्तृत रूप :**

एच.ए.एल - हिंदुस्तान एरोनॉटिकल लिमिटेड

एच.एम.टी - हिंदुस्तान मशीन टूल्स

आइ.टी.आइ - इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीस

बी.ई.एल - भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

बी.एच.ई.एल - भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. पश्चिमी घाट किसे कहते हैं?
2. कर्नाटक में कौन-कौन-से जलप्रपात हैं?
3. श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊँचाई कितनी है?
4. किस नगर को सिलिकॉन सिटी कहा जाता है?
5. भद्रावती के दो प्रमुख कारखानों के नाम लिखिए ।
6. सेंट फिलोमिना चर्च किस नगर में है?
7. विजयपुरा नगर का प्रमुख आकर्षक स्थान कौन-सा है?
8. अरबी समुद्र कर्नाटक की किस दिशा में है?
9. कर्नाटक की दक्षिण दिशा में कौन-सी पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन-कौन-से हैं?
2. कर्नाटक के किन साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है?
3. बाँध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं?
4. कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम लिखिए ।
5. बेंगलूरु में कौन-कौन-सी बृहत् संस्थाएँ हैं ?

**III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
2. कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए ।
3. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है?

**IV. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए :**

(गंग, त्याग, पुराण, वैभव, कीर्ति, साबुन, चंदन, शांति)

1. कर्नाटक को __________ का आगार कहते हैं ।
2. गोमटेश्वर की प्रतिमा दुनिया को त्याग और __________ का संदेश दे रही है ।
3. मैसूरु का राजमहल कर्नाटक के __________ का प्रतीक है।
4. कर्नाटक के अनेक साहित्यकारों ने सारे संसार में कर्नाटक की __________ फैलायी है।

**V. कन्नड या अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :**

1. कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरु है।
2. कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं।
3. जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है।
4. वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे।

**VI. नमूने के अनुसार इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

**उदा : पर्वत अद्रि पहाड़ गिरि**

1. सागर ________ ________ ________
2. आगार ________ ________ ________
3. जल ________ ________ ________
4. आकाश ________ ________ ________

**VII. विलोम शब्द लिखिए :**

1. सुंदर × ____________
2. विदेश × ____________
3. आदि × ____________
4. सजीव × ____________
5. सदाचार × ____________
6. आयात × ____________

**VIII. उदाहरण के अनुसार बहुवचन रूप बनाना सीखिए :**

**उदा : संधि - संधियाँ**

1. मूर्ति - ____________
2. उपलब्धि - ____________
3. कृति - ____________
4. नीति - ____________
5. संस्कृति - ____________
6. पद्धति - ____________

**IX. विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए :**

1. दिग्गज
2. पर्वतावली
3. संग्रहालय
4. जलाशय
5. जगनमोहन
6. सदाचार
7. अत्यंत

**X. विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए :**

1. देश-विदेश
2. जलप्रपात
3. राजवंश
4. राजमहल

**XI. परियोजना :**

- श्री कृष्णदेवराय, विष्णुवर्धन, इम्मडि पुलिकेशी आदि राजाओं के बारे में चित्र सहित विवरण लिखिए।
- कर्नाटक में बहनेवाली नदियों की सूची तैयार कीजिए। हर एक नदी के बारे में पाँच-पाँच वाक्य लिखिए।

**XII. सही विकल्प को रेखांकित कीजिए :**

1. तुंग-भद्रा नदी इन राज्यों में बहती है-
   अ) कर्नाटक-तमिलनाडु    आ) कर्नाटक-महाराष्ट्र
   इ) कर्नाटक-आंध्र प्रदेश    ई) कर्नाटक-केरल

2. श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर मूर्ति का निर्माण इन्होंने कराया था-
   अ) दीवान पूर्णय्या    आ) मिर्जा इस्माइल
   इ) श्री वीरेंद्र हेग्गडे    ई) चावुंडराया

3. ज्ञानपीठ से पुरस्कृत प्रथम कन्नड साहित्यकार ये हैं -

अ) चंद्रशेखर कंबार आ) कुवेंपु

इ) यू. आर. अनंतमूर्ति ई) गिरीश कार्नाड

4. कन्नड भाषा के प्रथम 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से अलंकृत साहित्यकार ये हैं -

अ) गोविंद पै आ) कुवेंपु

इ) जी.एस. शिवरुद्रप्पा ई) ती.नं.श्री

**XIII. अर्थ समझिए और वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

1. तक - थक
2. चोर - छोर
3. बात - भात
4. काल - खाल

**XIV. अनुरूपता :**

1. दक्षिण से उत्तर के छोर की पर्वतमाला : पश्चिमी घाट :: दक्षिण की पर्वतावलियाँ : ______________
2. कर्नाटक : चंदन का आगार :: बेंगलूरु : ______________
3. सी.वी.रामन : नोबेल पुरस्कृत :: सर.एम. विश्वेश्वरय्या : ______________
4. भद्रावती : लोहे और इस्पात :: मैसूरु : ______________
5. कावेरी : नदी :: जोग : ______________

6. बेलूरु : शिल्पकला :: गोलगुंबज़ : ______________

7. सेंट फिलोमिना : चर्च :: जगनमोहन राजमहल : ______________

8. कृष्णदेवराय : शासक :: राष्ट्रकूट : ______________

9. बसवण्णा : वचनकार :: कनकदास : ______________

10. पंपा : प्राचीन कवि :: कंबार : ______________

**पाठ से आगे**

**I. दिए-गए सही कारक चिह्न रिक्त स्थान में भरिए और इस अनुच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए :**

(ने, को, से, का, की, के, के लिए, में, पर)

कित्तूर ______ नौ मील दूरी ______ स्थित संगोल्ली नामक एक छोटा-सा गाँव है। इसी गाँव ______ एक गड़रिये परिवार ______ रायण्णा ______ जन्म 15 अगस्त सन् 1793 ई. ______ हुआ था। इनके पिताजी ______ नाम भरमण्णा था। रायण्णा ______ माता ______ नाम चंचोबा था। रायण्णा ______ अपने भाई सिद्दण्णा ______ संग कसरत ______ साथ-साथ शस्त्राभ्यास भी किया। परिश्रम ______ फलस्वरूप कित्तूर रानी चेन्नम्मा ______ राज्य ______ रायण्णा मुख्य सेनापति ______ पद ______ आरूढ़ हुए। उन्होंने अंग्रेजों ______ देश ______ भगाकर भारतमाता ______ स्वतंत्रता दिलाना ही अपना परम कर्तव्य माना था।

## II. वर्ग पहेली :




**बाएँ से दाएँ -**

1. रायचूरु जिले से विभक्त होकर उदित नया जिला - नाम पलट गया है। (3)
4. सोने का खान यहाँ है । (3)
5. प्रसिद्‌ध नाटक-अभिनेता वीरण्णा इस गाँव के थे । (2)
6. इसे कर्नाटक की सांस्कृतिक राजधानी कहा जाता है । (3)
7. बीदर जिला के समीप का जिला केंद्र । (3)
8. तुमकूरु जिले के सिद्‌धगंगा के साथ इस गाँव का नाम जुड़ा रहता है। (4)
10. यह केलदी संस्थान की राजधानी है । (3)
11. प्रसिद्‌ध मारिकांबा-मंदिर इस स्थान में है । (3)
13. प्रख्यात तेज़ गेंदबाज श्रीनाथ इस गाँव के हैं - नाम पलट गया है । (4)
14. कर्नाटक की राजधानी । (4)
15. मदकरि नायक ने यहाँ शासन किया था । (4)

16. रानी चेन्नम्मा का गाँव । (3)

18. कर्नाटक में अत्यधिक वर्षा होने का स्थान । यहाँ से सूर्यास्त का दृश्य मनमोहक लगता है - नाम पलट गया है। (3)

19. राजा, रानी, रोरर, रॉकेट को इस जलप्रपात में देख सकते हैं । (2)

21. गुफांतर शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण इस गाँव में देखा जा सकता है - नाम पलट गया है। (3)

22. हेमावती नदी पर यहाँ बाँध बनाया गया है । (3)

**ऊपर से नीचे -**

2. मूकांबिका मंदिर यहाँ है । (3)

3. मडिकेरी के पास का विख्यात जलप्रपात । (2)

4. कोडवा भाषा इस जिले में बोली जाती है । (3)

8. शिवप्पनायक की राजधानी, अब एक जिला केंद्र स्थान भी है । (4)

9. प्रख्यात जोग जलप्रपात इस गाँव में है । (4)

10. साड़ियों को बुननेवाला यह गाँव बागलकोट जिले में है । (4)

12. शरावती नदी को लाँच द्वारा पार कर इस गाँव की चौडेश्वरी देवी के दर्शन करना है । (4)

17. हासन जिले के इस गाँव में बड़े सुरंग द्वारा नदी का पानी बहाया गया है - गाँव का नाम पलट गया है । (3)

18. हलेबीडु के साथ जुड़ा हुआ यह गाँव शिल्पकला का जीता-जागता उदाहरण है । (3)

20. अणु ऊर्जा उत्पादन केंद्र यहाँ स्थापित है - नाम पलट गया है । (2)

**उत्तर. बाएँ से दाएँ**

1. कोप्पला
4. कोलार
5. गुब्बि
6. मैसूरु
7. गुल्बर्गा
8. शिवगंगे
10. इक्केरि
11. सिरसि
13. जावगल
14. बेंगलूरु
15. चित्रदुर्ग
16. कित्तूरु
18. आगुंबे
19. जोग
21. बादामी
22. गोरूरु

**ऊपर से नीचे**

2. कोल्लूरु
3. अब्बि
4. कोडगु
8. शिवमोग्गा
9. गेरुसोप्पा
10. इलकल
12. सिंगदूरु
17. बागूरु
18. बेलूरु
20. कैगा

# 16. बाल-शक्ति

R9I8V3

**जगतराम आर्य-**

**बच्चों में अच्छे और बुरे दोनों गुण होते हैं। अच्छी आदतों के द्वारा उनको गुणी बनाया जा सकता है। इस लघु नाटिका में बच्चों की संगठित शक्ति को उजागर किया गया है जो बहुत ही प्रेरणादायक है।**

**पात्र-परिचय**

रामू, श्यामू, मोहन, संजय, किशोर, मनोज - स्कूल के छात्र
गुरुजी - स्कूल के अध्यापक
कलेक्टर साहब
एक बुज़ुर्ग



**पहला दृश्य**

(रामू और श्यामू कंचे खेलने में व्यस्त हैं)

**रामू** : (श्यामू से) हरेवाले को मार।
(श्यामू मारता है)

**श्यामू** : लग गयी न? ला, अब सारे कंचे मेरे हो गये।

**रामू** : तेरे कैसे हो गये? निशाना तो नीलेवाले को लगा है। हरा कंचा तो अलग पड़ा है।

**श्यामू** : झूठ मत बोल। तू सदा खेल में बेईमानी करता है। दे-दे कंचे। वरना मार दूँगा । (रामू की कमीज़ का कॉलर पकड़ता है।)

**रामू** : छोड़, मेरी कमीज़ छोड़।

(तीसरे लड़के मोहन का प्रवेश)

**मोहन** : अरे, अरे! क्यों झगड़ रहे हो?

**श्यामू** : यह मेरे कंचे नहीं देता। खेल में बेईमानी करता है।

**रामू** : यह झूठ बोल रहा है।

**मोहन** : देखो, अब तो स्कूल का समय हो रहा है। घंटी बजनेवाली है। यह फैसला बाद में कर लेना।

**श्यामू** : अच्छा, अब तो छोड़ता हूँ, पर शाम को दे देना।

**रामू** : चल चल, अपना रास्ता पकड़। बड़ा आया कंचे लेनेवाला।

**मोहन** : अरे भाई, स्कूल नहीं चलना है क्या?

**रामू** : तुम जाओ स्कूल, मैं नहीं जाऊँगा। एक दिन स्कूल नहीं जाने से क्या होता है?

**श्यामू** : मोहन भैया, यह तो कई दिन स्कूल नहीं जाता। जिस दिन भी गृह-कार्य नहीं करता, उस दिन स्कूल से छुट्टी कर लेता है। आज गणित का काम दिखाना है न?

**मोहन** : रामू! दिखाओ तो गणित की कॉपी।

**रामू** : वह तो मैं घर भूल आया।

**मोहन** : देखो रामू, यह ठीक नहीं। एक झूठ को छिपाने के लिए कई झूठ बोलने पड़ते हैं।

**श्यामू** : चलो मोहन भैया, इसे रहने दो। स्कूल चलने में देर हो रही है, चलो। (दोनों चले जाते हैं। रामू कंचे खेलने लगता है।)

## दूसरा दृश्य

(स्कूल में भोजनावकाश का वक्त है। पाँच बालक स्कूल के एक कोने में एकत्र होकर बातें कर रहे हैं।)

**श्यामू** : देखो न मोहन भैया, आज रामू ने खेल में फिर से मेरे साथ बेईमानी की।

**संजय** : वह तो बात-बात में झूठ बोलने लगा है।

**मनोज** : मैंने सुना है कि बारह साल से नीचे की उम्र के बच्चों को तो कोई पाप नहीं लगता। चाहे वह झूठ बोलना ही क्यों न हो।

**श्यामू** : अरे मूर्ख, यही तो उम्र है अच्छी आदतें डालने की, अब जो आदत पड़ जाएगी, वह सदा साथ रहेगी - हाँ।

**किशोर** : गुरुजी भी यही कहा करते हैं।

**मोहन** : हाँ, हमें अभी से अच्छी आदतें डालनी चाहिए। इसके लिए हमें मिलकर कुछ करना होगा।

**किशोर, संजय** : क्या करना होगा?

**श्यामू** : हमें एक टोली बनानी पड़ेगी।

**मोहन** : इस टोली में हम रामू को भी शामिल करेंगे और उसकी गंदी आदतें छुड़वाएँगे।

(टन-टन करके स्कूल की घंटी बजती है।)

**मोहन** : चलो, अब कक्षाओं में चलें। शाम को सब यहीं मिलना। हाँ, रामू को कौन लाएगा?

**संजय** : उसे मैं बुला लाऊँगा। वह मेरी बात मानता है।

## तीसरा दृश्य



(मोहन, संजय, किशोर, श्यामू, मनोज और रामू बैठे बातें कर रहे हैं।)

**मोहन** : आज से हम एक छोटी-सी टोली आरंभ कर रहे हैं। उस टोली का नाम होगा 'बाल-शक्ति'।

**रामू** : यह टोली क्या करेगी?

**संजय** : सबसे पहले तो हम अपने उन साथियों पर ध्यान देंगे जो नियमित रूप से स्कूल नहीं जाते तथा पढ़ाई से जी चुराते हैं।

**किशोर** : ठीक कहा। दूसरा काम होगा स्कूल के परिसर को स्वच्छ रखना। तीसरा कार्य होगा गाँव की गंदगी को दूर करना। हम रोज़ एक घंटा गाँव की सफाई में लगाएँगे।

**मनोज** : गाँव में कई गड्ढे हैं, उनको मिट्टी से ढाँपना होगा।

**श्यामू** : गाँव का कूड़ा डालने के लिए एक निश्चित जगह बनाएँगे तथा गाँव के सभी भाइयों से कहेंगे कि कूड़ा उसी जगह में डालें।

**मोहन** : टोली का अगला काम होगा गाँव को हरा-भरा रखना। हम गाँव के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाएँगे तथा अपने घरों में भी फलदार पेड़ लगाएँगे।

**रामू** : यह तो बड़ा नेक काम है। हमें कल से ही काम शुरू करना चाहिए।

**संजय** : पहले तू यह बता कि तू नियमित रूप से स्कूल जाएगा या नहीं।

**रामू** : जाऊँगा।

**मनोज** : हम सबको टोली के नियमों का पालन करना होगा।

**सब बच्चे** : हाँ, करेंगे।

**श्यामू** : अपनी टोली के मुखिया के रूप में मैं मोहन का नाम रखता हूँ। आपकी क्या राय है?

**सब बच्चे:** हमें मंजूर है।

## चौथा दृश्य



(एक साल बाद - गाँव में विशाल सभा का आयोजन किया गया है। जिले के कलेक्टर, विधायक तथा सरपंच आए हुए हैं। गाँव के सब लोग उपस्थित हैं।)

**कलेक्टर** : इस गाँव को साफ-सुथरा देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई है। गाँव को एक नया जीवन प्रदान किया गया है। इन बच्चों की जितनी बड़ाई की जाए उतनी ही थोड़ी है। इन सबने मिलकर गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है। बाल-शक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है।

(उपस्थित लोग तालियाँ बजाते हैं)

**कलेक्टर :** सरकार की तरफ से 'बाल-शक्ति' टोली को पाँच हज़ार रुपये दिए गए हैं। इस टोली का मुखिया आकर यह राशि स्वीकार करे।

(मोहन जाता है। कलेक्टर साहब मोहन को पाँच हज़ार रुपये का लिफ़ाफ़ा देते हैं।)

**मोहन :** ये रुपये हम प्राधानाध्यापक जी को दे देंगे। स्कूल के पुस्तकालय में गरीब बच्चों के लिए हम पुस्तकों का प्रबंध करेंगे।

**एक बुज़ुर्ग :** ये गाँव के सच्चे सपूत हैं।

सभी लोग बोलते हैं - बाल-शक्ति की जय!

*******

**पाठ का आशय :**

इस पाठ में पाँच-छः लड़के संगठित होकर अपनी बाल-शक्ति को प्रकट कर रहे हैं। कुछ लड़के एक साथ रहकर अच्छी आदतों को अपनाने का प्रयत्न करते हैं। इतना ही नहीं सब बच्चे मिलकर अपने गाँव को एक नया जीवन प्रदान करते हैं। इस पाठ द्वारा बाल-शक्ति का महत्व बताया जा रहा है।

**लेखक परिचय :**

**जगतराम आर्य (सन् 1910-सन् 1993) :** जगतराम आर्य जी का जन्म ऊना, हिमाचलप्रदेश में 16 दिसंबर सन् 1910 को हुआ। आपकी पढ़ाई निकट गाँव के डी.ए.वी. स्कूल में हुई। स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक पं.तुलसीराम जी की देखरेख में शिक्षा पाई। आप अमर शहीद भगतसिंह के साथ कई क्रांतिकारी घटनाओं से जुड़े रहे। आप स्वतंत्रता आंदोलन के समय भाई परमानंद के साथ भी रहे जो बहुत बड़े देशभक्त थे और उनके साथ कई-कई दिन अज्ञातवास भी किया। 4 अगस्त, सन् 1993 को जगतराम आर्य जी का देहांत हुआ।

**शब्दार्थ :**

कंचा - ಗೋಲಿ, Glass Marble; निशाना - लक्ष्य, बेईमानी - अप्रामाणिकता, धोखा; फैसला-निर्णय, गृह-कार्य- घर में करने के लिए दिया जानेवाला अभ्यास, Home Work ; उम्र-आयु, अवस्था; आदत - अभ्यास, स्वभाव ; टोली-मंडली, समूह, Group; शामिल करना - मिलाना, गंदगी - मैलापन, गड्ढ़ा - धरती में गहरा स्थान, ಹಳ್ಳ, Pit ; ढाँपना - ढाँकना, छिपाना; कूड़ा - घास-फूस आदि गंदी चीज़ें, फलदार - फल देनेवाला, उपयोगी ; नेक - अच्छा, आयोजन - प्रबंध, इंतज़ाम ; विधायक - व्यवस्था करनेवाला, निर्णय करनेवाला, विधानसभा के सदस्य ; सरपंच - गाँव का मुखिया, बड़ाई - प्रशंसा, लिफ़ाफ़ा - पत्र आदि भरकर भेजने की थैली, सपूत - अच्छा बेटा, अच्छा लड़का।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. कौन-कौन कंचे खेल रहे थे?
2. खेल में कौन सदा बेईमानी करता है?
3. रामू को स्कूल जाने के लिए कौन कहता है?
4. रामू ने किस विषय का गृह-कार्य नहीं किया था?
5. हमें किस उम्र में अच्छी आदतें डालनी है?
6. रामू को टोली में लाने की जिम्मेदारी किसने ली?
7. टोली का मुखिया कौन बना?
8. बच्चों की तारीफ किसने की?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. रामू में कौन-कौन-सी बुरी आदतें थीं?
2. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं?
3. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है?

4. कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई में क्या कहा?
5. पाँच हज़ार रुपये मिलने पर मोहन क्या सोचता है?

**III. मिलान कीजिए :**

| | |
|---|---|
| 1. बेईमानी करनेवाला | मोहन |
| 2. टोली का नाम | पाँच हज़ार |
| 3. इनाम के रुपये | बुज़ुर्ग |
| 4. टोली का मुखिया | रामू |
| 5. ये गाँव के सपूत हैं | बाल-शक्ति |

**IV. खाली जगह भरिए :**

1. रामू और श्यामू __________ खेल रहे थे।
2. __________ की कॉपी घर पर भूल आया हूँ।
3. अभी से अच्छी __________ डालनी चाहिए।
4. __________ की गंदी आदतें छुड़वाएँगे।
5. रोज़ एक घंटा गाँव की __________ में लगाएँगे।
6. कूड़ा डालने के लिए एक __________ जगह बनाएँगे।
7. आपका गाँव एक __________ गाँव बन गया है।

**V. शब्द लड़ी बनाइए :**

**जैसे :** कंचा→चारु→रुपया→यार→रमा (अंतिम वर्ण से एक नया शब्द)

1. बालक → __________ __________ __________ __________
2. गाँव → __________ __________ __________ __________
3. टोली → __________ __________ __________ __________
4. फलदार → __________ __________ __________ __________
5. इनाम → __________ __________ __________ __________

**VI. विलोम शब्द लिखिए :**

उदा : अपना x पराया

1. रात x ______________ 6. हानि x ______________

2. आदि x ______________ 7. तोड़ x ______________

3. आयात x ______________ 8. थोड़ा x ______________

4. आय x ______________ 9. उतार x ______________

5. उल्टा x ______________

**VII. 'बेईमानी' ईमानी का विलोम शब्द है। 'ईमानी' शब्द से पहले 'बे' उपसर्ग जोड़ने से यह शब्द बना है। इसी तरह अप, अन, कु, बद उपसर्गों (प्रत्यय) को जोड़कर पाँच-पाँच शब्द बनाइए।**

**VIII.**




**'न' को अंतिम अक्षर के रूप में प्रयोग कर शब्द रचिए:**

**नमूना:** | जन | | मन |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**IX. अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:**

| | | |
|---|---|---|
| श्यामू | | देते हैं। |
| कलेक्टर साहब | इनाम | बनती है। |
| मोहन | टोली | खेलते हैं। |
| बालकों की | कंचा | बनाते हैं। |
| बालक | | लेता है। |
| | | खेलता है। |

**जैसे :** श्यामू कंचा खेलता है।

**भाषा ज्ञान**

**I. व्यक्तिवाचक और जातिवाचक संज्ञाओं को पहचानिए:**

मुखिया, कलेक्टर, गाँव, बाल-शक्ति, श्यामू, रामू, बालक, गणित, मोहन, गुरुजी, मनोज, कमीज़

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

**II. इस नाटिका में मार, छोड़, पकड़, बोल, डाल, दे, लगा, मान जैसे अनेक धातुओं का प्रयोग हुआ है। नीचे दिये गये शब्दों को उचित धातुओं के साथ लिखिए:**

| | |
|---|---|
| 1. कमीज़ - | 5. गुस्सा - |
| 2. पेड़ - | 6. सच - |
| 3. रुपये - | 7. बात - |
| 4. कंचा - | 8. कूड़ा - |

**विशेष सूचना :** 'क्रिया' का मूल रूप 'धातु' है।

**III. इस नाटिका में 'संयुक्त क्रिया'ओं का प्रयोग हुआ है जैसे-खेलने लगा, बन गया इत्यादि। इस तरह के क्रिया-युग्मों को ढूँढ़कर सूची बनाइए।**

सूचना: संयुक्त क्रिया/क्रिया-युग्म = 'दो क्रियाओं का एक साथ प्रयोग।'

**पाठ से आगे -**

- सोचिए, अगर आपका कोई साथी रामू जैसे होता तो उसे सुधारने के लिए आप क्या योजना बनाते?
- अपना गाँव, अपना जिला, अपना परिसर - सब कुछ अपना है। इन्हें सुधारने के लिए आपने क्या किया है? क्या करना चाहते हैं? अपने मित्रों से चर्चा कीजिए।
- स्कूल के वार्षिकोत्सव पर इस नाटिका का अभिनय कीजिए।
- इस नाटिका का अपनी मातृभाषा में अनुवाद कर स्कूल की वार्षिक पत्रिका में प्रकाशित करें।
- साहस प्रदर्शन या सेवा-कार्य के लिए पुरस्कार प्राप्त बच्चों की कथाओं का चार्ट बनाकर प्रदर्शनी का आयोजन करें।

# 17. कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती

Y9X8L5

**सोहनलाल द्विवेदी-**

**इस कविता में कवि ने यह संदेश दिया है कि सतत प्रयत्नशील व्यक्ति की निश्चित रूप से जीत होती है। समस्याओं से मुँह न मोड़कर आगे बढ़ना चाहिए।**



लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

*******

**कविता का आशय :**

इस कविता में कोशिश करने से सफलता प्राप्त करने का संदेश मिलता है। कवि कहते हैं कि जीवन की प्रतियोगिता में असफलता से विमुख न होते हुए अपनी कमियों को खुद पहचानकर स्वप्रयत्न से लगातार आगे बढ़ने से हार कभी नहीं होती है।

**कवि परिचय :**



**सोहनलाल द्विवेदी (सन् 1906 - सन् 1988)**

सोहनलाल द्विवेदी जी हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि हैं। आपका जन्म 23 फरवरी सन् 1906 को हुआ। आपने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से एम.ए., एल.एल.बी. की डिग्री ली और आजीविका के लिए जमींदारी तथा बैंकिंग का काम करते रहे। सन् 1938 से सन् 1942 तक आप राष्ट्रीय पत्र 'दैनिक अधिकार' के संपादक थे। कुछ वर्षों तक आपने अवैतनिक (बिना वेतन के) बाल पत्रिका 'बाल-सखा' का संपादन भी किया। आप महात्मा गांधी से अत्यधिक प्रभावित थे।

स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए देशभक्ति व ऊर्जा से ओतप्रोत आपकी रचनाओं की विशेष सराहना हुई तथा आपको 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से अलंकृत किया गया। सन् 1988 में राष्ट्रकवि द्विवेदी जी का देहांत हो गया। आपकी प्रमुख कृतियाँ हैं- भैरवी, वासवदत्ता, कुणाल, पूजागीत, विषपान, युगाधार और जय गांधी।

बाँसुरी, झरना, बिगुल, बच्चों के बापू, दूध बताशा, बाल भारती, शिशु भारती, नेहरू चाचा, सुजाता, प्रभाती आदि आपका प्रमुख बाल-साहित्य है।

**शब्दार्थ :**

लहर-तरंग, बहाव; नौका-नाव , कोशिश-प्रयास, प्रयत्न ; हार-पराजय, विफलता; नन्हीं-छोटी, लघु; दाना-धान्य, अनाज, कण (Grain); दीवार-भित्ति (Wall), विश्वास-भरोसा, यकीन; रग-नस, स्नायु, नाड़ी (Nerve); साहस-धैर्य, हिम्मत, हौसला (Courage); अखरना-बुरा लगना, मेहनत-परिश्रम, बेकार-व्यर्थ, निरर्थक; सिंधु-सागर, समुद्र, अंबुधि; गोताखोर-तैराक, हैरान होना-आश्चर्यचकित होना, चुनौती-दावा, ललकार; कमी-अभाव, न्यूनता; चैन-आराम, सुख; संघर्ष-टकराव।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. किससे डरकर नौका पार नहीं होती?
2. किनकी हार नहीं होती है?
3. दाना लेकर कौन चलती है?
4. चींटी कहाँ चढ़ती है?
5. किसकी मेहनत बेकार नहीं होती?
6. सागर में डुबकियाँ कौन लगाता है?
7. मोती कहाँ मिलता है?
8. किसकी मुट्ठी खाली नहीं होती?
9. कहाँ से भागना नहीं चाहिए?
10. कुछ किये बिना ही क्या नहीं होती है?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

1. चींटी के बारे में कवि क्या कहते हैं?
2. गोताखोर के बारे में कवि के विचार क्या हैं?
3. असफलता से सफलता की ओर जाने के बारे में कवि क्या संदेश देते हैं?

**III. जोड़कर लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. लहर | - | डुबकियाँ |
| 2. चींटी | - | चुनौती |
| 3. गोताखोर | - | सुधार |
| 4. असफलता | - | दाना |
| 5. कमी | - | नौका |
| | | सहज |

**IV. भावार्थ लिखिए :**

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

**V. उदाहरण के अनुसार तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :**

**उदा : पार - हार**

1. चलती - ________________
2. भरता - ________________
3. लगाता - ________________
4. बार - ________________
5. स्वीकार - ________________

**VI. सफलता प्राप्त करने से संबंधित शब्दों पर गोला लगाइए :**

सार्थक परिश्रम, आत्मविश्वास, आराम से सोना, सतत अभ्यास, हैरान होना, बेकार का काम करना, पराजय का स्वीकार, सार्थक काम करना, कुछ करके देखना, शिक्षा प्राप्ति, भटकना, भाग जाना, भला करना।

**VII दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 'परिश्रम' पर लघु लेख तैयार कीजिए:**

| | |
|---|---|
| | कोशिश |
| | मेहनत |
| | उत्साह |
| | साहस |
| | गिरना-चढ़ना |
| | सहजता |
| | खाली हाथ |
| | चुनौती |
| | संघर्ष |
| | नींद-चैन |

**VIII. कविता की अंतिम पंक्तियों को कंठस्थ करके लिखिए:**

असफलता ________________________________

________________________________

________________________________

________________________________

________________________________

________________________________ हार नहीं होती।

**IX. अनुरूपता :**

1. मेहनत : परिश्रम :: कोशिश : __________
2. चढ़ना : उतरना :: हारना : __________
3. स्वीकार : इन्कार :: चैन : __________
4. सिंधु : समुद्र :: हाथ : __________

**कविता से आगे -**

**✲ प्रस्तुत कविता की निम्नलिखित कविता की पंक्तियों से तुलना कीजिए :**

पर्वत की चोटी छूने को
पर्वत पर चढ़ना पड़ता है।
सागर से मोती लाने को
गोता लगाना ही पड़ता है।।

उद्यम किए बिना तो चींटी
भी अपना घर बना न पाती।
उद्यम किए बिना तो सिंह को
भी अपना शिकार मिल न पाता।।

* **खेल, कला, सिनेमा, चिकित्सा, विज्ञान इत्यादि कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त किए हुए व्यक्तियों की सूची तैयार कीजिए:**

| | क्र.सं. | कार्यक्षेत्र | सफलता प्राप्त व्यक्तियों के नाम |
|---|---|---|---|
| जैसे- | 1. | क्रिकेट | सचिन तेंडूलकर |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

* **सफलता, अच्छे काम, उत्साह बढ़ानेवाली प्रेरक सूक्तियों का संग्रह करके लिखिए:**

**जैसे :** हमारी सबसे बड़ी शान कभी गिरने में नहीं है, अपितु जब हम गिरे, हर बार उठने में है। - कनफ्यूशियस

* **निम्नलिखित शब्दों की सहायता से अपने सहपाठियों से, अध्यापकों से चर्चा करके कविता रचने की कोशिश कीजिए:**

नाम, धाम, मान, शान, राग, त्याग, योग, शोक, रोक, साहस, प्रयास, दूर, कसूर, बुद्धि, सिद्धि, ध्यान, सम्मान

* **यू ट्यूब में 10 से भी अधिक इस कविता से संबंधित चित्र सहित उदाहरण मिलेंगे। उनका संग्रह कीजिए और कक्षा में इस विषय पर चर्चा कीजिए।**

# परिशिष्ट

## (अ) पूरक वाचन

(1) शनि : सबसे सुंदर ग्रह

(2) सत्य की महिमा

(3) नागरिक के कर्तव्य

## (आ) निबंध-लेखन

(1) निबंध का नमूना

- जनसंख्या की समस्या
- नारी तुम केवल श्रद्धा हो

(2) निबंधों की रूपरेखा

## (इ) पत्र-लेखन

(1) व्यक्तिगत/घरेलू पत्र

(2) व्यावहारिक पत्र

## (ई) व्याकरण

1. प्रेरणार्थक क्रिया
2. संधि
3. समास
4. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
5. मुहावरे
6. कहावतें
7. विराम चिह्न
8. काल
9. लिंग
10. कारक
11. 'कि' और 'की' का प्रयोग
12. विरुद्धार्थक शब्द

# पूरक वाचन

## 1. शनि : सबसे सुंदर ग्रह

- गुणाकर मुले



सौर-मंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है। शनि सौर-मंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है। यह हमारी पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है। शनि के गोले का व्यास 116 हज़ार किलोमीटर है ; अर्थात्, पृथ्वी के व्यास से करीब नौ गुना अधिक। हमारी पृथ्वी सूर्य से करीब 15 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर है। तुलना में शनि ग्रह दस गुना अधिक दूर है। इसे दूरबीन के बिना कोरी आँखों से भी आकाश में पहचाना जा सकता है।

हमारी पौराणिक कथाओं के अनुसार शनि महाराज सूर्य के पुत्र हैं।

शनि को 'शनैश्चर' भी कहते हैं। आकाश के गोल पर यह ग्रह बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता है । इसीलिए प्राचीन काल के लोगों ने इसे 'शनैःचर' नाम दिया था। 'शनैःचर' का अर्थ होता है - धीमी गति से चलनेवाला ।

लेकिन बाद के लोगों ने इस शनैश्चर को 'सनीचर' बना डाला ! सनीचर का नाम लेते ही अंधविश्वासियों की रूह काँपने लगती है ! एक बार यदि यह ग्रह किसी की राशि में पहुँच जाये, तो फिर साढ़े सात साल तक उसकी खैर नहीं!

शनि को यदि दूरबीन से देखा जाये, तो इस ग्रह के चहुँ ओर वलय (गोल) दिखाई देते हैं। प्रकृति ने इस ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं।

शनि के इन वलयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौर-मंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है। वस्तुतः शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है।

ताज़ी जानकारी के अनुसार बृहस्पति, युरेनस और नेपच्यून के इर्द-गिर्द भी वलय हैं, परंतु शनि के वलय ज्यादा विस्तृत और स्पष्ट हैं। शनि के अद्भुत वलयों और इसकी अन्य अनेक विशेषताओं के बारे में विस्तृत जानकारी हमें आधुनिक काल में ही मिली है।

शनि ग्रह अत्यंत मंद गति से करीब तीस वर्षों में सूर्य का एक चक्कर लगाता है । इसलिए साल-भर के अंतर के बाद भी आकाश में शनि की स्थिति में कोई विशेष परिवर्तन नहीं दिखाई देता। यह एक राशि में करीब ढाई साल तक रहता है।

शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए बहुत कम सूर्यताप उस ग्रह तक पहुँचता है - पृथ्वी का मात्र सौवाँ हिस्सा। इसलिए शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे $150^0$ सेंटीग्रेड के आसपास रहता है। शनि एक अत्यन्त ठंडा ग्रह है।

बृहस्पति की तरह शनि का वायुमंडल भी हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है। शनि की सतह के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। हम केवल इसके चमकीले बाहरी वायुमंडल को ही देख सकते हैं। शनि के केंद्रभाग में ठोस गुठली होनी चाहिए। लेकिन चंद्रमा, मंगल या शुक्र की तरह शनि की सतह पर उतर पाना आदमी के लिए संभव नहीं होगा।

अभी दो दशक पहले तक शनि के दस उपग्रह खोजे थे। लेकिन अब शनि के उपग्रहों की संख्या 17 पर पहुँच गई है। धरती से भेजे गये स्वचालित अंतरिक्षयान पायोनियर तथा वायजर शनि के नज़दीक पहुँचे और इन्हींके ज़रिए इस ग्रह के सात नए उपग्रह खोजे गये। शनि के और भी कुछ चंद्र हो सकते हैं।

शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाइटन सौर-मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है। टाइटन हमारे चंद्र से भी काफी बड़ा है। इसका व्यास 5150 किलोमीटर है। अभी कुछ साल पहले तक टाइटन को ही सौर-मंडल का सबसे बड़ा उपग्रह समझा जाता था, परंतु वायजर यान की खोजबीन से पता चला है कि बृहस्पति का गैनीमीड उपग्रह सौर-मंडल का सबसे बड़ा उपग्रह है। शनि की सतह पर अंतरिक्षयान को उतारना तो संभव नहीं है, परंतु टाइटन की सतह पर अंतरिक्षयान को उतारा जा सकता है।

शनि हमारे सौर-मंडल का एक अद्‌भुत और सुंदर ग्रह है। किसी भी ग्रह को शुभ या अशुभ समझने का कोई भौतिक कारण नहीं है। शनि तो हमारे सौर-मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह है।

*******

**उत्तर लिखिए :**

1. सौर-मंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है ?
2. सौर-मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?
3. पृथ्वी और सूर्य में कितना फासला है ?
4. शनि किसका पुत्र है ?
5. 'शनैःचर' का अर्थ क्या है ?
6. सूर्य का एक चक्कर लगाने में शनि को कितना समय लगता है ?
7. शनि एक राशि में कितने सालों तक रहता है ?
8. बहुत कम सूर्यताप किस ग्रह पर होता है ?
9. शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?
10. सौर-मंडल का सबसे बड़ा उपग्रह कौन-सा है ?

# 2. सत्य की महिमा

**- संकलित**

सत्य ! बहुत भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा ! जो कुछ भी अपनी आँखों से देखा, बिना नमक-मिर्च लगाए बोल दिया - यही तो सत्य है। कितना सरल ! सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है, ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्मा की वाणी है।

सत्यवादिता के लिए साफ-सुथरा मन चाहिए। एक झूठ साबित करने के लिए हज़ारों झूठ बोलने पड़ते हैं। और, कहीं पोल खुली, तो मुँह काला करना पड़ता है, अपमानित होना पड़ता है। किसी को परेशान करने, दुखी करने के उद्देश्य से सत्य बोलना नहीं चाहिए। काने को 'काना' कहकर पुकारना या लंगड़े को उस जैसी नकल कर दिखाना सच बोलना नहीं होता। यह तो सिर्फ छेड़ना हुआ। इस बात को शास्त्र में यों समझाया गया है -

'सत्यं ब्रूयात्, प्रियं ब्रूयात्, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्' अर्थात्, 'सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो।'

संसार में जितने महान् व्यक्ति हुए, सबने सत्य का सहारा लिया है। सत्य का पालन किया है। राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा विश्वविख्यात है। उन्हें सत्य के मार्ग पर चलते अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी कीर्ति आज भी सूरज की रोशनी से कम प्रकाशमान नहीं है। राजा दशरथ ने सत्य वचन निभाने के लिए अपने प्राण त्याग दिए। महात्मा गांधी ने सत्य की शक्ति से ही विदेशी शासन को झकझोर दिया।

उनका कथन है - ''सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता।'' सत्य बोलने की आदत बचपन से ही डालनी चाहिए। कभी-कभी झूठ बोल देने से कुछ क्षणिक लाभ अवश्य होता है, पर उससे अधिक हानि ही होती है। क्षणिक लाभ विकास के मार्ग के लिए बाधा बन जाता है। व्यक्तित्व कुंठित

होता है। झूठ बोलनेवालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है। उनकी उन्नति के द्‌वार बंद हो जाते हैं।

सत्य की महिमा अपार है। सत्य महान् और परम शक्तिशाली है। संस्कृत की सूक्ति है - 'सत्यमेव जयते, नानृतम्' अर्थात्, 'सत्य की ही विजय होती है, असत्य की नहीं'। जॉन मेन्सफील्ड की धारणा है कि सत्य की नाव से ही हम भवसागर का संतरण कर सकते हैं। सत्य वह चिनगारी है जिससे असत्य पल भर में भस्म हो जाता है। अतः हमें हर स्थिति में सत्य बोलने और पालन करने का अभ्यास करना चाहिए।

*******

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. 'सत्य' क्या होता है ? उसका रूप कैसे होता है ?
2. झूठ का सहारा लेते हैं तो क्या-क्या सहना पड़ता है ?
3. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?
4. ''संसार के महान् व्यक्तियों ने सत्य का सहारा लिया है'' - सोदाहरण समझाइए।
5. महात्मा गांधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?
6. झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?
7. हर स्थिति में सत्य बोलने का अभ्यास क्यों करना चाहिए ?

# 3. नागरिक के कर्तव्य

गर्मी की छुट्टियाँ। हिंदी शिक्षिका मीना मैडम ने समुदाय भवन में 15 दिवसीय एक कार्यशिबिर आयोजित किया है। कविता-वाचन, कविता-रचना, नाटक-प्रदर्शन, संभाषण-कौशल, टेराकोटा गुड़िया बनाना इत्यादि कार्यक्रम यहाँ आयोजित हैं।

शुक्रवार का दिन। आज का संभाषण-'कौशल विकसन' है। इसमें भाग लेने के लिए छात्र बड़ी तत्परता से मीना मैडम की प्रतीक्षा में बैठे हैं।

मीना मैडम आकर बोर्ड पर लिखती हैं- संभाषण का विषय : 'नागरिकों के मूल कर्तव्य'।

सभी छात्र-छात्रा एक साथ हाथ उठाते हैं और कहते हैं - 'मैं बोलूँगा, मैं बोलूँगी।'

मीना : ठहरो, एक-एक करके मैं पूछँगी, तब बताओ।

अकुल : मैडम, एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए।

मीना : सही कहा, सलमा अब तुम बताओ।

सलमा : प्रकृति हमारी माता है। इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए। अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है।

मीना : नीलिमा, तुम क्या कहना चाहती हो?

नीलिमा : मैडम, देश के प्रति गौरव का भाव रखना एवं देश की एकता और अखंडता को कायम रखना हमारा कर्तव्य है।

मीना : तुम्हारा विचार बिलकुल सही है। अन्वर, तुम कुछ कहने को उतावले दिख रहे हो।

अन्वर : हाँ मैडम, मैं कहना चाहता हूँ कि समस्त देशवासियों के प्रति भाई-चारे का भाव रखना और जाति, धर्म, भाषा, प्रदेश, वर्ग पर आधारित सभी भेद-भावों से दूर रहना चाहिए।

मीना : सौ फीसदी सही बात अन्वर। कोई और कुछ कहना चाहता है?

जार्ज : वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सुधार की भावना का विकास करना भी नागरिक का कर्तव्य होता है न मैडम?

मीना : हाँ जार्ज, इतना ही नहीं, देश की रक्षा के लिए कटिबद्ध रहना, सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना, व्यक्तिगत और सामूहिक दृष्टि से देश के उत्कर्ष के लिए सतत प्रयत्नशील रहना इत्यादि भी हमारे कर्तव्य हैं।

स्टेला : हमें अपनी संस्कृति और गौरवशाली परंपरा का सम्मान करना है, संविधान के नियमों का पालन भी करना चाहिए।

बिंदु : धन्यवाद टीचर, आपने हमें इतना कुछ समझाया।

मीना : आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। विद्‌यार्थियो! आज से, नहीं नहीं; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो। इससे आपका हित तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा।

*******

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. मीना मैडम ने कितने दिनों के कार्यशिबिर का आयोजन किया था?
2. संभाषण का विषय क्या था?
3. अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा?
4. सलमा ने क्या कहा?
5. अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा?
6. मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा?

# निबंध-1

## जनसंख्या की समस्या

**विषय प्रवेश -** जनसंख्या की समस्या सामान्य रूप से विश्व की समस्या है। प्रति तीन सेकंड में दो बालक जन्म लेते हैं। परंतु भारत में यह समस्या विशेष रूप से विकट बन गई है। भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सातवाँ देश है, परंतु जनसंख्या की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है। यह केवल चीन से पीछे है। इस समय भारत की जनसंख्या 125 करोड़ से अधिक है। जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान गति से अनुमान है कि सन् 2020 ई. तक भारत की जनसंख्या 125 करोड़ से कई गुना अधिक होगी।

**जनसंख्या में वृद्धि के कारण -**

जनसंख्या में वृद्धि के कई कारण हैं; यथा -

1. विज्ञान की उन्नति के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति हुई है। फलतः जन्म लेनेवाले शिशुओं की मृत्यु दर में कमी हुई है तथा औसत आयु में वृद्धि हुई है, यानी आजकल एक भारतवासी पहले की अपेक्षा अधिक समय तक जीवित रहता है।

2. प्राचीन मान्यताओं के अनुसार बच्चे भगवान की देन हैं। अतएव परिवार नियोजन जैसे उपायों को सामान्यतः अच्छी नज़र से नहीं देखा जाता है।

3. यह भी एक दृष्टिकोण है कि अधिक बच्चे होने से काम करने के लिए तथा परिवार की रक्षा करने के लिए अधिक हाथ उपलब्ध होते हैं। उत्पादन की वृद्धि में जनशक्ति के महत्व को कौन नकार सकता है ?

4. जनसंख्या वृद्धि को रोकने में सबसे अधिक बाधक तत्त्व है - अशिक्षा। अशिक्षित लोगों को इस बात का ज्ञान नहीं है कि छोटे परिवार के क्या फायदे हैं। दूसरा कारण है - अन्धविश्वास तथा रूढ़िवादिता। इसके

अतिरिक्त भारतीय लोग सन्तान को ईश्वरीय देन समझते हैं तथा संतान को भाग्य के साथ जोड़ देते हैं।

5. जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा किये जानेवाले उपायों के असफल होने का कारण ही यह है कि परिवार नियोजन अपनाने वाला वह वर्ग है, जिसके कम बच्चे होते हैं। जिनके अधिक बच्चे होते हैं, वे परिवार-नियोजन को अपनाते नहीं हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत के लोग सामान्यतः परिवार-नियोजन सदृश उपचारों को अपनाने के प्रति विशेष उत्साह नहीं दिखाते हैं।

**परिणाम -** जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणाम कई रूपों में दिखाई देते हैं। जनसंख्या के विस्फोट के कारण देश की प्रगति कुंठित होती है। कितने ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बनाए जाएँ, वे अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं। पिछली बारह पंचवर्षीय योजनाएँ भी अधिक जनसंख्या के कारण बौनी साबित हुई हैं। कितनी भी सुनियोजित एवं सुविचारित योजना बनाई जाए, वह कारगर नहीं होती है, क्योंकि जब तक योजना की अवधि पूरी होती है, तब तक जनसंख्या इतनी अधिक हो जाती है कि योजना का सुफल उभर कर नहीं आ पाता है।

जनसंख्या विस्फोट के कारण बेकारी की समस्या में भी वृद्धि हुई है, क्योंकि जिस गति से जनसंख्या बढ़ी है उस गति से रोज़गार के साधनों में वृद्धि नहीं हुई है। नौकरियों की संख्या सीमित रहती है। अतः हमारे अनेक युवक-युवतियाँ बेरोज़गार बने रहते हैं।

जनसंख्या की वृद्धि के कारण अपराधों में वृद्धि हुई है तथा पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। पर्यावरण प्रदूषण के फलस्वरूप बीमारियाँ फैलती हैं और समाज को स्वस्थ रखने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वस्तुओं की मूल्य वृद्धि का एक प्रमुख कारण भी बढ़ती हुई जनसंख्या है। उत्पादन की तुलना में जब किसी वस्तु की माँग अधिक हो तो उस वस्तु के मूल्य में वृद्धि हो जाती है। जनसंख्या वृद्धि के कारण दिन-प्रति दिन महँगाई बढ़ रही है।

**उपचार -** हम सबका यह कर्त्तव्य है कि इस समस्या के निराकरण में पूरा योगदान दें। व्यक्तिगत रूप में परिवार को छोटे से छोटा रखने का प्रयास करें। हमें यह समझ लेना चाहिए कि अधिक बच्चों का पालन-पोषण बहुत कठिन होता है। बच्चों की संख्या जितनी कम होगी, उनकी देखभाल अधिक अच्छी तरह से कर सकेंगे।

हमारी सरकार तथा सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि सभाओं, गोष्ठियों, संचार-माध्यमों द्वारा छोटे परिवार से होनेवाले फायदों का प्रचार-प्रसार करें। कहने का तात्पर्य यह है कि परिवार को सीमित रखने की मानसिकता का प्रचार हर स्तर पर किया जाए, जिससे जनसंख्या-नियंत्रण को जीवन का एक आवश्यक अंग मान लिया जाये।

**उपसंहार -** हमारे देश के विकास में जनसंख्या की वृद्धि एक बहुत बड़ी बाधा है। यातायात, शिक्षा, रोज़गार आदि विविध क्षेत्रों में जनसंख्या की वृद्धि सिरदर्द बन गई है । इस समस्या से छुटकारा पाने का एक ही उपाय है - देश का प्रत्येक नागरिक इस समस्या का हल करने में सहायक हो। हमें निम्न पंक्तियाँ जन-जन तक पहुँचानी चाहिए -

''सुखमय जीवन का यह सार
दो बच्चों का हो परिवार।''

# निबंध–2

## नारी तुम केवल श्रद्धा हो

**विषय प्रवेश –** भारत में नारी का स्थान पूजनीय है। इसलिए प्राचीन काल में यहाँ नारी के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति की भावना थी। पुरुष के जीवन में वह माता के रूप में, बहन के रूप में तथा पत्नी के रूप में अपना योगदान देती है। नारी के बिना पुरुष का जीवन अधूरा माना जाता है। कहा गया है - ''यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः'' अर्थात्, ''जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ भगवान का निवास होता है।'' वेद-उपनिषद काल से नारी ने शास्त्र, गणित, खगोल विज्ञान आदि क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रमाणित किया है।

**विषय विस्तार –** अनादिकाल से भारत में बहनेवाली पवित्र नदियों को गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा जैसे स्त्रियों के नाम दिए गए हैं। मातृ प्रधान परिवार की स्वीकृति इस बात को प्रमाणित करती है कि सामाजिक क्षेत्र में भी नारी को मान-सम्मान प्राप्त हुआ है। लेकिन कालांतर में अज्ञान और रूढ़िग्रस्त अंधविश्वासों के कारण नारी का अनादर होने लगा। सुरक्षा के नाम पर उसकी स्वतंत्रता का हरण हुआ। उसे मात्र विलास की वस्तु माना जाने लगा। बचपन में नारी को पिता के आश्रय में, उसके बाद पति के अधीन तथा अंत में अपने बच्चों के सहारे जीवन बिताना पड़ता था। लेकिन अब समय बदल गया है। नारी की स्थिति में बहुत बदलाव आये हैं। आज की नारी स्वतंत्र रूप से आगे बढ़कर पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, साहित्य, संगीत और राजनीति आदि सभी क्षेत्रों में गणनीय प्रगति कर रही है।

भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद सरोजिनी नायडू ने प्रथम महिला राज्यपाल बनकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री बनकर भारत देश को प्रगति के पथ पर अग्रसित किया। अंतरिक्ष में प्रवेश करनेवाली प्रथम भारतीय महिला कल्पना चावला ने संसार को यह सिद्ध कर दिखाया है कि स्त्री अंतरिक्ष तक पहुँच सकती है। इसी प्रकार सुनिता विलियम्स ने भी अंतरिक्ष की यात्रा कर अपने साहस का परिचय दिया है। पी.टी. उषा, अश्विनी नाचप्पा, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल, मेरी कोम, ज्वाला गुट्टा आदि ने खेल-कूद के क्षेत्र में संसार भर में भारत का नाम रोशन किया है।

अनेक महिलाएँ मुख्यमंत्री, जिलाध्यक्ष और उच्च अधिकारियों के रूप में प्रशासन का कार्य संभाल रही हैं।

**उपसंहार –** आज केंद्र तथा राज्य सरकारों ने महिलाओं के लिए अनेक योजनाएँ बनाई हैं। उनके लिए आरक्षण दिया है। राज्य सरकार ने दसवीं कक्षा तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा की योजना बनाई है। इसके अलावा अन्य कई सुविधाएँ भी दी जा रही हैं। आशा कर सकते हैं कि भारतीय नारी इन सुविधाओं से लाभान्वित होगी और अपने देश के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

## निबंधों की रूपरेखा

### 1. पर्यटन का महत्व

1. विषय प्रवेश - पर्यटन का अर्थ 2. पर्यटन-एक उद्योग 3. विकास का सूत्रधार 4. पर्यटन से लाभ 5. पर्यटन-एक शौक 6. उपसंहार।

### 2. नागरिक के कर्तव्य

1. विषय प्रवेश - 'नागरिक' के विभिन्न अर्थ, 'नागरिक' का रूढ़ अथवा व्यावहारिक अर्थ 2. नागरिक - समाज और राष्ट्र 3. नागरिक के कर्तव्य अथवा नागरिकता के लक्षण 4. नागरिक की पहचान 5. नागरिक के अधिकार 6. नागरिक और सरकार 7. उपसंहार।

### 3. बेरोज़गारी

1. विषय प्रवेश - बेरोज़गारी का तात्पर्य 2. बेरोज़गारी के प्रकार - (क) पूर्ण (ख) आंशिक (ग) शिक्षित (घ) अशिक्षित वर्ग 3. बेरोज़गारी के दुष्परिणाम-अपराधों की वृद्धि, देश की प्रतिभा की अनुपयोगिता, राष्ट्रीय साधनों का अपव्यय 4. बेरोज़गारी के कारण - (i) जनसंख्या में वृद्धि (ii) दोषपूर्ण शिक्षा-पद्धति (iii) उद्योग-धंधों का अभाव 5. बेरोज़गारी दूर करने के उपाय 6. उपसंहार ।

### 4. महँगाई

1. विषय प्रवेश - महँगाई-एक व्यापक समस्या 2. जीवन की मूल आवश्यकताएँ-रोटी, कपड़ा, मकान की पूर्ति में कठिनाई 3. महँगाई के कारण 4. महँगाई से उत्पन्न अपराध-चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार आदि 5. महँगाई को दूर करने के उपाय 6. उपसंहार ।

## 5. वन महोत्सव

1. विषय प्रवेश - वन प्रकृति के आवश्यक अंग तथा मनुष्य के सहचर 2. वृक्षों का उपयोग 3. वृक्षों की उपयोगिता के बारे में वैज्ञानिकों का मत 4. वनों से प्राप्त होने वाली विभिन्न वस्तुएँ, राष्ट्रीय आय के साधन 5. वनों का नाश 6. वृक्षारोपण अथवा वन महोत्सव की परंपरा का सन् 1950 में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्यकार कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी द्वारा आरंभ, तदुपरांत चिप्को आंदोलन 7. उपसंहार।

## 1. व्यक्तिगत पत्र

## पिता को पत्र

दि : 12-11-2017

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम।

मैं यहाँ आपके आशीर्वाद से कुशल हूँ। आपका पत्र मिला, पढ़कर अत्यंत खुशी हुई। मेरी पढ़ाई ठीक चल रही है। आपकी आज्ञानुसार मन लगाकर दिन-रात पढ़ाई में व्यस्त रहता हूँ। खेल-कूद या गपशप में ज्यादा समय गवाँ नहीं रहा हूँ।

हमारे स्कूल की ओर से अगले महीने 10 से 13 तारीख तक शैक्षिक-यात्रा का आयोजन हुआ है। उसमें मेरे सारे मित्र जा रहे हैं। उनके साथ मैं भी जाना चाहता हूँ। इसलिए मुझे रु. 2000 भेजने की कृपा करें।

माताजी को मेरा प्रणाम, छोटी बहन प्रिया को ढेर सारा प्यार।

आपका आज्ञाकारी बेटा,
हर्ष

सेवा में,
श्री प्रभाकर बी. एम.,
घर नं. 521, भरत निवास,
कर्नाटक स्कूल के समीप,
राजेश्वरी नगर, बीदर जिला

# 2. व्यावहारिक पत्र

## प्रमाण पत्र के लिए पत्र

दिनांक : 07-05-2017

प्रेषक,

सचिन,
नौवीं कक्षा, 'बी' विभाग,
सरकारी हाईस्कूल,
राजाजीनगर, बेंगलूरु-560 010.

सेवा में,

प्राचार्या,
सरकारी हाईस्कूल,
राजाजीनगर, बेंगलूरु-560 010.

विषय : प्रमाण पत्र हेतु

महोदया,

आपसे निवेदन है कि मेरे पिताजी का तबादला मैसूरु में हो गया है। उनके साथ मुझे भी जाना होगा।

अतः अनुरोध करता हूँ कि मुझे नौवीं कक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र तथा चरित्र प्रमाण पत्र देने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

आपका आज्ञाकारी छात्र,
सचिन

# पत्र-लेखन के पारिभाषिक शब्द

| पद | संबोधन | अभिवादन | समापन |
|---|---|---|---|
| बड़े तथा गुरु-जन के लिए | श्रद्धेय, माननीय, मान्यवर, आदरणीय, पूज्य, पूजनीय, पूज्यपाद, पूज्य चरण | चरण स्पर्श, चरण वंदन, दंडवत् प्रणाम, कृपाकांक्षी, सादर नमस्कार | आपका आज्ञाकारी, स्नेह-भाजन, चरण सेवक,विनीत |
| बराबरवालों के लिए | प्रियवर, प्रिय भाई, प्रिय मित्र, बंधुवर | सप्रेम नमस्ते/ नमस्कार | तुम्हारा मित्र/ स्नेही, तुम्हारा ही, तुम्हारा सदैव |
| छोटों के लिए | प्रिय, चिरंजीव | चिरंजीव रहो, आशीर्वाद, प्रसन्न रहो, शुभाशीष | तुम्हारा हितैषी, शुभचिंतक, शुभेच्छु |
| परिचितों के लिए | प्रिय बंधु/बंधुवर, श्री/प्रिय | नमस्ते, नमस्कार | भवदीय, भवदीया, आपका, आपकी |
| अपरिचितों के लिए | महोदय, श्रीमान्, मान्यवर | नमस्ते, जय हिंद | भवदीय, आपका भवदीया, आपकी |

## व्याकरण

# 1. प्रेरणार्थक क्रिया

क्रिया का वह रूप जिससे कर्ता स्वयं कार्य न कर, किसी दूसरे को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं।

**उदाहरण :**

1. मोहन खाता है। (क्रिया)
2. मोहन खिलाता है। (प्रेरणार्थक क्रिया)

प्रेरणार्थक क्रिया के दो रूप मिलते हैं:

1. प्रथम प्रेरणार्थक रूप
2. द्वितीय प्रेरणार्थक रूप

**उदाहरण :**

1. आदमी उतरा। (क्रिया)
2. कंडक्टर ने आदमी को उतारा। (प्रथम प्रेरणार्थक रूप)
3. लोगों ने कंडक्टर से आदमी को उतरवाया। (द्वितीय प्रेरणार्थक रूप)

प्रेरणार्थक क्रियाओं के कुछ और उदाहरण:

| **क्रिया** | **प्रथम प्रेरणार्थक रूप** | **द्वितीय प्रेरणार्थक रूप** |
|---|---|---|
| हँसना | हँसाना | हँसवाना |
| उड़ना | उड़ाना | उड़वाना |
| पढ़ना | पढ़ाना | पढ़वाना |
| उठना | उठाना | उठवाना |
| करना | कराना | करवाना |

प्रेरणार्थक क्रिया बनाने के कुछ नियम :

1. मूल क्रिया के अंत में 'आना' लगाकर प्रथम प्रेरणार्थक रूप तथा 'वाना' लगाकर द्वितीय प्रेरणार्थक रूप बना सकते हैं।

**उदाहरण :**

| **धातु** | **क्रिया** | **प्रथम प्रेरणार्थक रूप** | **द्वितीय प्रेरणार्थक रूप** |
|---|---|---|---|
| उठ | उठना | उठाना | उठवाना |
| चल | चलना | चलाना | चलवाना |
| लिख | लिखना | लिखाना | लिखवाना |
| दौड़ | दौड़ना | दौड़ाना | दौड़वाना |
| ओढ़ | ओढ़ना | ओढ़ाना | ओढ़वाना |

2. धातु के आरंभ में दीर्घ स्वर हो तो उसे ह्रस्व में बदलकर प्रेरणार्थक रूप बना सकते हैं।

**उदाहरण :**

| **धातु** | **क्रिया** | **प्रथम प्रेरणार्थक रूप** | **द्वितीय प्रेरणार्थक रूप** |
|---|---|---|---|
| जाग | जागना | जगाना | जगवाना |
| जीत | जीतना | जिताना | जितवाना |
| खेल | खेलना | खिलाना | खिलवाना |
| बैठ | बैठना | बिठाना | बिठवाना |

# 2. संधि

* संधि शब्द का अर्थ है - मेल।
* दो वर्णों या अक्षरों के मेल से होनेवाले विकार को संधि कहते हैं।
* जब दो वर्ण आपस में जुड़ते हैं तो एक नया रूप ग्रहण करते हैं, वर्ण-मेल की इस प्रक्रिया को संधि कहा जाता है।

**उदाहरण :**

धर्म + अधिकारी = धर्माधिकारी (अ + अ = आ)

शिव + आलय = शिवालय (अ + आ = आ)

* संधि के निम्नलिखित तीन भेद हैं :
  1) स्वर संधि
  2) व्यंजन संधि
  3) विसर्ग संधि

**1) स्वर संधि :** जब दो स्वर आपस में मिलकर एक नया रूप धारण करते हैं, तब उसे स्वर संधि कहते हैं।

स्वर संधि के निम्नलिखित पाँच भेद हैं:

* दीर्घ संधि
* गुण संधि
* वृद्धि संधि
* यण् संधि
* अयादि संधि

✻ **दीर्घ संधि :** दो सवर्ण स्वर मिलकर दीर्घ हो जाते हैं। यदि अ, आ, इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आयें, तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ और ऋ हो जाते हैं।

**उदाहरण :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | अ + अ = आ | समान + अधिकार | = समानाधिकार |
| | अ + आ = आ | धर्म + आत्मा | = धर्मात्मा |
| | आ + अ = आ | विद्या + अर्थी | = विद्यार्थी |
| | आ + आ = आ | विद्या + आलय | = विद्यालय |
| ख) | इ + इ = ई | कवि + इंद्र | = कवींद्र |
| | इ + ई = ई | गिरि + ईश | = गिरीश |
| | ई + इ = ई | मही + इंद्र | = महींद्र |
| | ई + ई = ई | रजनी + ईश | = रजनीश |
| (ग) | उ + उ = ऊ | लघु + उत्तर | = लघूत्तर |
| | उ + ऊ = ऊ | सिंधु + ऊर्जा | = सिंधूर्जा |
| | ऊ + उ = ऊ | वधू + उत्सव | = वधूत्सव |
| | ऊ + ऊ = ऊ | भू + ऊर्जा | = भूर्जा |
| (घ) | ऋ + ऋ = ऋ | पितृ + ऋण | = पितृण |

✻ **गुण संधि :** यदि अ या आ के बाद इ या ई, उ या ऊ और ऋ आये तो दोनों मिलकर क्रमशः ए, ओ और अर हो जाते हैं।

**उदाहरण :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | अ + इ = ए | गज + इंद्र | = | गजेंद्र |
| | अ + ई = ए | परम + ईश्वर | = | परमेश्वर |
| | आ + इ = ए | महा + इंद्र | = | महेंद्र |
| | आ + ई = ए | रमा + ईश | = | रमेश |
| (ख) | अ + उ = ओ | वार्षिक + उत्सव | = | वार्षिकोत्सव |
| | अ + ऊ = ओ | जल + ऊर्मि | = | जलोर्मि |
| | आ + उ = ओ | महा + उत्सव | = | महोत्सव |
| | आ + ऊ = ओ | महा + ऊर्मि | = | महोर्मि |
| (ग) | अ + ऋ = अर | सप्त + ऋषि | = | सप्तर्षि |
| | आ + ऋ = अर | महा + ऋषि | = | महर्षि |

✻ **वृद्धि संधि :** यदि अ या आ के बाद ए या ऐ आये तो दोनों के स्थान में ऐ तथा अ या आ के बाद ओ या औ आये तो दोनों के स्थान में औ हो जाता है।

**उदाहरण :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क) | अ + ए = ऐ | एक + एक | = | एकैक |
| | अ + ऐ = ऐ | मत + ऐक्य | = | मतैक्य |
| | आ + ए = ऐ | सदा + एव | = | सदैव |
| | आ + ऐ = ऐ | महा + ऐश्वर्य | = | महैश्वर्य |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ख) | अ + ओ = औ | परम + ओज | = | परमौज |
| | अ + औ = औ | वन + औषध | = | वनौषध |
| | आ + ओ = औ | महा + ओजस्वी | = | महौजस्वी |
| | आ + औ = औ | महा + औषधि | = | महौषधि |

✻ **यण् संधि :** यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इ-ई का य्, उ-ऊ का व् और ऋ का र हो जाता है।

**उदाहरण :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| इ + अ = य | अति + अधिक | = | अत्यधिक |
| इ + आ = या | इति + आदि | = | इत्यादि |
| इ + उ = यु | प्रति + उपकार | = | प्रत्युपकार |
| उ + अ = व | मनु + अंतर | = | मन्वंतर |
| उ + आ = व | सु + आगत | = | स्वागत |
| ऋ + अ = र | पितृ + अनुमति | = | पित्रनुमति |
| ऋ + आ = र | पितृ + आज्ञा | = | पित्राज्ञा |
| ऋ + उ = र | पितृ + उपदेश | = | पित्रुपदेश |

✻ **अयादि संधि :** यदि ए, ऐ और ओ, औ के बाद कोई भिन्न स्वर आए तो ए का अय्, ऐ का आय, ओ का अव् और औ का आव हो जाता है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उदाहरण :** क) | ए + अ = अय | चे + अन | = | चयन |
| | ए + अ = अय | ने + अन | = | नयन |
| ख) | ऐ + अ = आय | गै + अक | = | गायक |
| | ऐ + इ = आय | नै + इका | = | नायिका |

ग) ओ + अ = अव    भो + अन = भवन

औ + अ = आव    पौ + अन = पावन

घ) औ + इ = आव    नौ + इक = नाविक

**(2) व्यंजन संधि :** व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को व्यंजन संधि कहते हैं।

**उदाहरण :**

1) दिक् + गज = दिग्गज    4) षट् + दर्शन = षड्दर्शन

2) सत् + वाणी = सद्‌वाणी    5) वाक् + जाल = वाग्जाल

3) अच् + अंत = अजंत    6) तत् + रूप = तद्रूप

**(3) विसर्ग संधि :** स्वरों अथवा व्यंजनों के साथ विसर्ग (:) के मेल से विसर्ग में जो परिवर्तन होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं।

**उदाहरण :**

निः + चय = निश्चय

निः + कपट = निष्कपट

निः + रस = नीरस

दुः + गंध = दुर्गंध

मनः + रथ = मनोरथ

पुरः + हित = पुरोहित

# 3. समास

समास में दो स्वतंत्र शब्दों का योग होता है। कम से कम शब्दों के प्रयोग से अधिक से अधिक अर्थ बताने की संक्षिप्त विधि को समास कहते हैं। दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बननेवाला शब्द समस्त पद कहलाता है । समास के विभिन्न पदों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया को समास-विग्रह कहते हैं।

समास छः प्रकार के होते हैं:

1. अव्ययीभाव समास
2. कर्मधारय समास
3. तत्पुरुष समास
4. द्विगु समास
5. द्वंद्व समास
6. बहुव्रीहि समास

**1. अव्ययीभाव समास :**

अव्ययीभाव का शाब्दिक अर्थ है - अव्यय हो जाना। जिस समास में पहला पद अव्यय हो तथा उसके समस्तपद भी अव्ययी बन जाये, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। अव्ययीभाव समास में पहला पद प्रधान होता है।

**जैसे :**

| **विग्रह** | **सामासिक शब्द** | **पहला पद अव्यय** |
|---|---|---|
| जन्म से लेकर | आजन्म | आ |
| खटके के बिना | बेखटके | बे |

| | | |
|---|---|---|
| पेट भर | भरपेट | भर |
| जैसा संभव हो | यथासंभव | यथा |
| बिना जाने | अनजाने | अन |

**2. कर्मधारय समास :**

इस समास में बाद का शब्द (उत्तर पद) प्रधान होता है। इसमें विशेषण-विशेष्य (एक शब्द विशेषण, दूसरा विशेष्य) या उपमेय-उपमान का संबंध होता है। अर्थात्, दोनों में से एक शब्द की उपमा दूसरे से दी जाती है या तुलना की जाती है।

**जैसे :**

क) पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य

**उदाहरण :**

| **पहला पद** | **दूसरा पद** | **समस्त पद** | **विग्रह** |
|---|---|---|---|
| सत | धर्म | सद्धर्म | सत है जो धर्म |
| पीत | अंबर | पीतांबर | पीत (पीला) है जो अंबर |
| नील | कंठ | नीलकंठ | नील है जो कंठ |

ख) पहला पद उपमान तथा दूसरा पद उपमेय

**उदाहरण :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कनक | लता | कनकलता | कनक के समान लता |
| चंद्र | मुख | चंद्रमुख | चंद्र के समान मुख |

ग)पहला पद उपमेय तथा दूसरा पद उपमान

**उदाहरण :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मुख | चंद्र | मुखचंद्र | चंद्रमा रूपी मुख |
| कर | कमल | करकमल | कमल रूपी कर |

**3. तत्पुरुष समास :**

जिस समास में उत्तर पद (दूसरा पद) प्रधान हो, वह तत्पुरुष समास के नाम से जाना जाता है। इस समास में दोनों शब्दों के बीच आनेवाले परसर्गों (को, के द्वारा, के लिए, से, का, की, के, में, पर) का लोप हो जाता है।

**जैसे :**

जन्म की शती-जन्मशती, यहाँ परसर्ग 'की' का लोप हो गया है और समस्तपद बना है-जन्मशती।

कारकों की विभक्तियों के नाम के अनुसार तत्पुरुष समास के छः भेद किये गये हैं :

**क) कर्म तत्पुरुष**-कर्म कारक की विभक्ति 'को' का लोप

**जैसे :**

स्वर्ग को प्राप्त - स्वर्गप्राप्त

ग्रंथ को लिखनेवाला - ग्रंथकार

गगन को चूमनेवाला - गगनचुंबी

चिड़िया को मारनेवाला - चिड़ियामार

परलोक को गमन - परलोकगमन

**ख) करण तत्पुरुष -** करण कारक की विभक्ति 'से', 'के द्वारा' का लोप

**जैसे:**

अकाल से पीड़ित - अकालपीड़ित

सूर के द्वारा कृत - सूरकृत

| | | |
|---|---|---|
| शक्ति से संपन्न | - | शक्तिसंपन्न |
| रेखा के द्‌वारा अंकित | - | रेखांकित |
| अश्रु से पूर्ण | - | अश्रुपूर्ण |

**ग) संप्रदान तत्पुरुष -** संप्रदान कारक की विभक्ति 'के लिए' का लोप

**जैसे :**

| | | |
|---|---|---|
| सत के लिए आग्रह | - | सत्याग्रह |
| राह के लिए खर्च | - | राहखर्च |
| सभा के लिए भवन | - | सभाभवन |
| देश के लिए भक्ति | - | देशभक्ति |
| देश के लिए प्रेम | - | देशप्रेम |
| गुरु के लिए दक्षिणा | - | गुरुदक्षिणा |

**घ) अपादान तत्पुरुष -** अपादान कारक की विभक्ति 'से' का लोप

**जैसे :**

| | | |
|---|---|---|
| धन से हीन | - | धनहीन |
| जन्म से अंधा | - | जन्मांध |
| पथ से भ्रष्ट | - | पथभ्रष्ट |
| देश से निकाला | - | देशनिकाला |
| बंधन से मुक्त | - | बंधनमुक्त |
| धर्म से विमुख | - | धर्मविमुख |

**च) संबंध तत्पुरुष -** संबंध कारक की विभक्ति 'का, की, के' का लोप

**जैसे :**

| | | |
|---|---|---|
| प्रेम का सागर | - | प्रेमसागर |
| भू का दान | - | भूदान |
| देश का वासी | - | देशवासी |
| राजा की सभा | - | राजसभा |
| जल की धारा | - | जलधारा |
| राजा के पुत्र | - | राजपुत्र |

**छ) अधिकरण तत्पुरुष -** अधिकरण कारक की विभक्ति 'में', 'पर' का लोप

**जैसे :**

| | | |
|---|---|---|
| आप पर बीती | - | आपबीती |
| कार्य में कुशल | - | कार्यकुशल |
| दान में वीर | - | दानवीर |
| शरण में आगत | - | शरणागत |
| नर में श्रेष्ठ | - | नरश्रेष्ठ |

**4. द्विगु समास :**

इस समास में पहला पद संख्यावाची होता है। यह समस्त शब्द समूहवाची भी होता है।

**जैसे :**

| | |
|---|---|
| सात सौ (दोहों) का समूह | सतसई |
| तीन धाराएँ | त्रिधारा |

| | |
|---|---|
| पाँच वटों का समूह | पंचवटी |
| तीन वेणियाँ | त्रिवेणी |
| सौ वर्ष | शताब्दी |
| चार राहें | चौराहा |
| बारह मासों का समूह | बारहमासा |

**5. द्वंद्व समास :**

जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, कोई गौण पद नहीं होता, उसे द्वंद्व समास कहते हैं। इसमें दो शब्दों को मिलानेवाले समुच्चयबोधकों (और, तथा, या, अथवा, एवं) का लोप हो जाता है।

**जैसे :**

| **विग्रह** | **समस्तपद** |
|---|---|
| सीता और राम | सीता-राम |
| पाप अथवा पुण्य | पाप-पुण्य |
| सुबह और शाम | सुबह-शाम |
| सुख या दुख | सुख-दुख |
| दाल और रोटी | दाल-रोटी |
| इधर और उधर | इधर-उधर |
| दो और चार | दो-चार |
| भला या बुरा | भला-बुरा |

## 6. बहुव्रीहि समास :

जिस समास में समस्तपद में कोई भी पद प्रधान न होकर अन्य कोई पद प्रधान हो, उसे बहुव्रीहि समास के नाम से जाना जाता है। बहुव्रीहि समास में विग्रह करने पर अंत में जिसका, जिसके, जिसकी या वाला, वाले, वाली आते हैं।

**जैसे :**

घन के समान श्याम है जो (कृष्ण) - घनश्याम

श्वेत अंबर (वस्त्रों) वाली (सरस्वती) - श्वेतांबरी

लंबा है उदर जिसका (गणेश) - लंबोदर

चक्र है पाणि (हाथ) में जिसके (विष्णु) - चक्रपाणि

तीन हैं नेत्र जिसके (शिव) - त्रिनेत्र

दस हैं आनन (मुँह) जिसके (रावण) - दशानन

नील है कंठ जिसका (शिव) - नीलकंठ

## 4. एकल शब्द - अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

एक वाक्य या वाक्यांश के स्थान पर एक उपयुक्त शब्द रखा जा सकता है। ये संक्षिप्त शब्द संपूर्ण वाक्य या वाक्यांश को अपने में समेटे रहते हैं।

**उदाहरण:**

जो दूसरों की भलाई करता हो - परोपकारी

**वाक्य में प्रयोग :**

1. प्रसाद हमेशा दूसरों की भलाई करता रहता है।

**अर्थात्,**

2. प्रसाद परोपकारी है।

उपर्युक्त दूसरे वाक्य में एकल शब्द का प्रयोग किया गया है।

**कुछ अन्य उदाहरण :**

1. जो हर समय हँसता रहता हो - हँसमुख
2. जो सबसे प्रसन्नतापूर्वक मिलता-जुलता हो -मिलनसार
3. जो ईश्वर में विश्वास करता हो - आस्तिक
4. जो सब कुछ जानता हो- सर्वज्ञ
5. जो गीत गाता हो - गायक
6. जिसकी कल्पना की जा सके - काल्पनिक

**कुछ और उदाहरण :**

अपरिचित, मितभाषी, कवि, कवयित्री, अशक्त, पूजनीय, मांसाहारी, शाकाहारी, निर्दयी, कृपालु, निराकार, सर्वव्यापी, निरर्थक, सदाचारी, सहपाठी

# 5. मुहावरा

जिस वाक्यांश से प्रकट अर्थ से भिन्न अर्थ पाया जाता है, उसे मुहावरा कहते हैं।

**उदाहरण :**

अंगूठा दिखाना - देने से स्पष्ट इन्कार करना।

**कुछ और उदाहरण :**

अंगारे उगलना - क्रोध में कठोर वचन बोलना।

अपना उल्लू सीधा करना - काम निकालना /स्वार्थ पूरा करना।

आग बबूला होना - अत्यंत क्रोधित होना।

आसमान सिर पर उठाना - शोर करना।

कमर कसना - तैयार होना।

खून पसीना एक करना - बहुत मेहनत करना।

छक्के छुड़ाना - बुरी तरह हराना।

दाल न गलना - सफल न होना।

# 6. कहावत

संक्षेप में कही गयी अनुभवजन्य चमत्कारपूर्ण बात को कहावत या लोकोक्ति कहते हैं। ऐसी उक्तियाँ सुननेवाले पर गहरा प्रभाव डाल सकती हैं।

**उदाहरण :**

जो गरजते हैं वे बरसते नहीं - अधिक शोर मचाने वाले काम कम करते हैं।

**कुछ और उदाहरण :**

अधजल गगरी छलकत जाय - कम गुणोंवाला व्यक्ति अधिक दिखावा करता है।

आम के आम गुठलियों के दाम - दुगुना लाभ।

खोदा पहाड़ निकली चुहिया - बहुत प्रयत्न करने पर भी कम लाभ पाना।

चिराग तले अँधेरा - अपनी बुराइयाँ न दिखाई देना।

चोर की दाढ़ी में तिनका - अपराधी स्वयं भयभीत रहता है।

डूबते को तिनके का सहारा - मुसीबत के समय थोड़ी भी सहायता बहुत होती है।

हाथी के दाँत खाने के और, दिखाने के और - सामने कुछ और, पीछे कुछ और।

## 7. विराम चिह्न

हिंदी में प्रयुक्त विराम चिह्न निम्नलिखित हैं। जो चिह्न बोलते या पढ़ते समय रुकने का संकेत देते हैं, उन्हें विराम चिह्न कहते हैं। विराम का अर्थ है - रुकना या ठहरना।

1. अल्प विराम ........................ (,)
2. अर्ध विराम ........................ (;)
3. पूर्ण विराम ........................ (।)
4. प्रश्न चिह्न ........................ (?)
5. भावसूचक विस्मयादिबोधक चिह्न ........ (!)
6. योजक चिह्न........................ (-)
7. उद्धरण चिह्न........................ (“ ” ) (‘’)
8. कोष्ठक चिह्न........................ ( )
9. विवरण चिह्न ........................ (:-) (:)

### 1. अल्प विराम (,)

इसका अर्थ है - थोड़ी देर के लिए रुकना या ठहरना।

**जैसे-** (1) सतीश, विवेक और विहित खेलने के बाद घर चले गये।

### 2. अर्ध विराम (;)

जहाँ अल्प विराम से अधिक और पूर्ण विराम से कम रुकना हो, वहाँ अर्ध विराम का प्रयोग होता है ।

**जैसे -** (1) खूब मन लगाकर पढ़ ; परीक्षा निकट आ गई है।

**3. पूर्ण विराम (।)**

इसका अर्थ है - पूरी तरह रुकना या ठहरना।

**जैसे -**

(1) मोहन एक अच्छा लड़का है।

(2) यह गाय है।

**4. प्रश्नवाचक चिह्न (?)**

जिस चिह्न से प्रश्न पूछने का आभास होता है, उसे प्रश्नवाचक चिह्न कहते हैं।

**जैसे -**

(1) आपका नाम क्या है?

(2) क्या आप मैसूरु जा रहे हैं ?

**5. भावसूचक विस्मयादिबोधक चिह्न (!)**

जिस चिह्न का प्रयोग हर्ष, विस्मय, आश्चर्य, करुणा, भय आदि भाव प्रकट करने के लिए किया जाता है, उसे विस्मयादिबोधक चिह्न कहते हैं।

**जैसे -** वाह !, कितना अच्छा !, हाय !, हाय हाय !,शाबाश !

**6. योजक चिह्न (-)**

जिस चिह्न से दो या दो से अधिक शब्दों को जोड़ा जाता है, उसे योजक चिह्न कहते हैं।

**जैसे -** फल-फूल, दिन-रात।

## 7. उद्धरण चिह्न (“ ”) (‘ ’)

जिस चिह्न के द्वारा किसी के कथन को ज्यों का त्यों बताया जाता है, उसे उद्धरण चिह्न कहते हैं।

**जैसे -**

(1) राम ने श्याम से कहा, “मैं तुम्हारी मदद करूँगा।”

## 8. कोष्ठक चिह्न ( )

किसी शब्द या वाक्यांश का अर्थ स्पष्ट करने या उसकी व्याख्या करने के लिए उसे कोष्ठक के भीतर रखा जाता है ।

**जैसे -**

(1) राम के अनन्य भक्त (हनुमान) ने चुनौती स्वीकार की।

## 9. विवरण चिह्न (:-) (:)

किसी बात का उत्तर, विवरण या उदाहरण अगली पंक्ति में देना हो, तो विवरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

**जैसे -**

(1) संज्ञा के भेद : व्यक्तिवाचक, जातिवाचक, भाववाचक आदि ।

# 8. काल

क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का पता चलता है, उसे काल कहते हैं।

**जैसे -**

(1) माँ ने अपने बेटे को उपदेश दिया था।
(2) रजत स्कूल जाता है।
(3) मोहन गाना गाएगा।

## काल के भेद

काल के तीन भेद हैं -

1) भूतकाल
2) वर्तमानकाल
3) भविष्यत्काल

**1. भूतकाल** - क्रिया के जिस रूप से यह जाना जाए कि काम बीते समय में हो चुका था या हो रहा था, उसे भूतकाल कहते हैं।

भूतकाल के छः भेद माने गये हैं:

(अ) सामान्य भूतकाल
(आ)आसन्न भूतकाल
(इ) पूर्ण भूतकाल
(ई) अपूर्ण भूतकाल
(उ) संदिग्ध भूतकाल
(ऊ) हेतु-हेतुमद् भूतकाल

**(अ) सामान्य भूतकाल** - क्रिया के जिस रूप से कार्य का भूतकाल में सामान्य रूप में होने का संकेत मिलता है, अर्थात् किसी विशेष समय का निश्चय नहीं होता, उसे सामान्य भूतकाल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) सोनू और मोनू ने मिठाई खायी।

(2) रामू ने किताब पढ़ी।

**(आ) आसन्न भूतकाल** - क्रिया के जिस रूप से काम के अभी-अभी या निकट में समाप्त होने का बोध हो, उसे आसन्न भूतकाल कहते हैं। आसन्न का अर्थ है निकट।

**जैसे** -

(1) माताजी अभी बाज़ार गई हैं।

(2) हलवाई ने जलेबी बनायी है।

**(इ) पूर्ण भूतकाल** - भूतकाल की जिस क्रिया से यह सूचित होता है कि कोई काम भूतकाल में बहुत पहले समाप्त हो चुका था, वह पूर्ण भूतकाल कहलाता है।

**जैसे** -

(1) किरण खाना खा चुका था।

(2) ड्राइवर गाड़ी लेकर जा चुका था।

**(ई) अपूर्ण भूतकाल** - क्रिया के जिस रूप से यह विदित हो कि कार्य भूतकाल में प्रारंभ हो चुका था, किंतु अभी पूर्ण नहीं हुआ, उसे अपूर्ण भूतकाल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) राहुल खेल रहा था।

(2) रोहित गीत गा रहा था।

**(उ) संदिग्ध भूतकाल** - क्रिया के जिस रूप से कार्य का भूतकाल में करने अथवा पूरा होने पर संदेह प्रतीत हो, वह संदिग्ध भूतकाल कहलाता है।

**जैसे** -

(1) सुशीला खाना बना चुकी होगी।

(2) प्रशांत खेल चुका होगा।

**(ऊ) हेतु-हेतुमद् भूतकाल** - जहाँ क्रिया से यह जाना जा सके कि कार्य भूतकाल में हो सकता था, परंतु किसी अन्य कार्य के न हो सकने के कारण नहीं हो सका, वहाँ हेतु-हेतुमद् भूतकाल होता है।

**जैसे** -

(1) कपिल पढ़ता तो पास हो जाता।

(2) बर्षा होती तो अच्छी फसल हो जाती।

2. **वर्तमानकाल** - क्रिया के जिस रूप से उसका वर्तमान (चल रहे) समय में होने का पता चलता है, उसे वर्तमानकाल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं।

(2) चिड़ियाँ उड़ रही हैं।

वर्तमानकाल के तीन भेद माने गए हैं-

क) सामान्य वर्तमानकाल

ख) अपूर्ण वर्तमानकाल

ग) संदिग्ध वर्तमानकाल

**क) सामान्य वर्तमानकाल** - जिस क्रिया से वर्तमानकाल में कार्य का होना या करना सामान्य रूप में पाया जाता है, परन्तु क्रिया का कोई ठीक समय निश्चित न हो, उसे सामान्य वर्तमानकाल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) वह घर जाता है।

(2) गायें घास चरती हैं।

**ख) अपूर्ण वर्तमानकाल** - क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि कार्य वर्तमानकाल में शुरू हो गया है और अभी जारी है, उसे अपूर्ण वर्तमानकाल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) कपिल खिलौने से खेल रहा है।

(2) आचार्य नृत्य सिखा रहे हैं।

**ग) संदिग्ध वर्तमानकाल** - क्रिया के जिस रूप द्वारा काम के वर्तमानकाल में होने या करने में संदेह का बोध हो, उसे संदिग्ध वर्तमानकाल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) अध्यापक महोदय आते होंगे।

(2) तुम्हारे पिताजी घर पहुँचते होंगे।

**3. भविष्यत्काल** - क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि कार्य अभी होना बाकी है, अर्थात् आगे आनेवाले समय में होगा, उसे भविष्यत्काल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) मैं भी कल से विद्यालय जाऊँगा।

(2) 25 दिसंबर को विद्यालय बंद रहेगा।

भविष्यत्काल के केवल दो भेद माने गये हैं -

च) सामान्य भविष्यत्काल

छ) संभाव्य भविष्यत्काल

**च) सामान्य भविष्यत्काल** - भविष्यत्काल की जिस क्रिया से यह सूचित हो कि सामान्य रीति से क्रिया भविष्य में होगी, परंतु क्रिया के भविष्य में होने का निश्चित समय सूचित न हो, उसे सामान्य भविष्यत्काल कहते हैं।

**जैसे** -

(1) सुरेश आम खाएगा ।

(2) माली पौधों को पानी देगा।

**छ) संभाव्य भविष्यत्काल** - क्रिया के जिस रूप से भविष्यत्काल में कार्य के होने में संदेह अथवा संभावना पाई जाए, वह संभाव्य भविष्यत्काल कहलाता है।

**जैसे** -

(1) शायद बारिश हो जाए।

(2) शायद अमित कल आ जाए।

# 9. लिंग

संज्ञा के जिस रूप से उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं।

हिंदी में दो प्रकार के लिंग हैं-

1. पुल्लिग
2. स्त्रीलिंग

1. **पुल्लिग** - पुरुष जाति का बोध करानेवाले शब्द पुल्लिग होते हैं ।
   **जैसे-** आदमी, बेटा, कुत्ता आदि।
2. **स्त्रीलिंग** - स्त्री जाति का बोध करानेवाले शब्द स्त्रीलिंग होते हैं ।
   **जैसे** - लड़की, औरत, माँ आदि।

पुल्लिग अप्राणीवाचक शब्दों के लिंग की पहचान के कुछ सूत्र इस प्रकार हैं-

1. प्रायः बड़ी, भारी और मोटी वस्तुओं के शब्द पुल्लिग होते हैं ।
   **जैसे-** थैला, डिब्बा, थाल आदि।
2. पर्वत, देश, समुद्र, पेड़, अनाज, वार, मास, ग्रह-नक्षत्र, समय, धातु, द्रव, रत्न के नाम पुल्लिग होते हैं।
3. अक, अन, आर, एरा, त्व, ना, आपा, आव, पन आदि प्रत्यय से बननेवाले शब्द पुल्लिग होते हैं।
   **जैसे** - तैराक, पवन, सुनार, लुटेरा, मनुष्यत्व, रोना, मोटापा, बचाव, लड़कपन आदि।
4. प्राय: प्राणीवाचक शब्दों में स्त्री जाति को बतानेवाले शब्द स्त्रीलिंग होते हैं।
   **जैसे** - बहन, पत्नी, बेटी आदि।

5. नदी, झील, भाषा, बोली, लिपि, कुछ नक्षत्र, तिथि, तारीख; **शरीर के ये अंग** - आँख, नाक, कमर, छाती, जीभ, पलक, कोहनी, कलाई; **खाने की चीज़ें** - रोटी, कचौड़ी, पूरी, दाल, सब्जी; संस्कृत के आकारांत, उकारांत और इकारांत शब्द स्त्रीलिंग होते हैं।

6. आवट, आहट, आई, आस, इमा, नी आदि प्रत्यय से बननेवाले शब्द स्त्रीलिंग होते हैं।

**जैसे** - बनावट, मुस्कराहट, पढ़ाई, कपास, मधुरिमा, करनी आदि ।

इन सूत्रों की सहायता से स्त्रीलिंग और पुल्लिग शब्दों को पहचाना जा सकता है तथा विभिन्न प्रत्ययों को जोड़कर लिंग रूप बना सकते हैं।

पुल्लिग से स्त्रीलिंग बनाने के नियम :

1. अ को आ करके

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| छात्र | छात्रा |
| आचार्य | आचार्या |

2. अ, आ को ई करके

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| नर | नारी |
| नाना | नानी |

3. आ को इया करके

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| कुत्ता | कुतिया |
| बेटा | बेटी |

4. शब्दों के अंत में अ, ई के स्थान पर इन जोड़कर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| सुनार | सुनारिन |
| नाई | नाइन |

5. शब्दों के अंत में अ, आ, ई, उ, ए के स्थान पर आइन जोड़कर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| ठाकुर | ठकुराइन |
| हलवाई | हलवाइन |

6. अक को इका बनाकर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| बालक | बालिका |
| सेवक | सेविका |

7. शब्द के अंत में आनी जोड़कर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| सेठ | सेठानी |
| नौकर | नौकरानी |

8. अकारांत शब्दों के अंत में नी जोड़कर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| शेर | शेरनी |
| मोर | मोरनी |

9. आन का अती के रूप में बदलकर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
| --- | --- |
| महान | महती |
| श्रीमान | श्रीमती |
| भाग्यवान | भाग्यवती |

10. ई के स्थान पर इनी लगाकर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
| --- | --- |
| स्वामी | स्वमिनी |
| एकाकी | एकाकिनी |

11. ता के स्थान पर त्री लगाकर

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
| --- | --- |
| दाता | दात्री |
| विधाता | विधात्री |

12. कुछ विशेष शब्द जिनका स्त्रीलिंग में भिन्न रूप हो जाता है-

| **पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग** |
| --- | --- |
| भाई | बहन |
| नर | मादा |

# 10. कारक

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य में अन्य शब्दों के साथ जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।

**उदाहरण :**

✻ मोहन ने सतीश को एक किताब दी।

✻ रहीम ने मूर्ति के लिए एक चित्र खींचा।

कारक के निम्नांकित आठ भेद हैं:

1. **कर्ता कारक -** इससे क्रिया (काम) करनेवाले का बोध होता है। इसका कारक चिह्न है 'ने' ।

**उदाहरण :**

✻ रमेश ने सुरेश की सहायता की।

✻ बाज़ीगर ने अनेक चमत्कार दिखाये।

2. **कर्म कारक -** इससे क्रिया के फल भोगनेवाले का बोध होता है। इसका चिह्न है 'को' ।

**उदाहरण :**

✻ मालिक ने नौकरों को वेतन दिया।

✻ लोगों ने चोर को पकड़ा।

3. **करण कारक -** इससे क्रिया के होने में सहायता देनेवाले साधन का बोध होता है। इस कारक का चिह्न है - 'से' ।

**उदाहरण :**

✻ किसान हल से खेत जोत रहा है।

✻ रमेश कलम से पत्र लिखता है।

4. **संप्रदान कारक -** इससे क्रिया करने के उद्देश्य या प्रयोजन का बोध होता है। इस कारक के चिह्न हैं - के लिए, के द्वारा, के वास्ते

**उदाहरण :**

✻ माता ने बेटी के लिए एक अंगूठी खरीदी।

✻ नेहा शोभा के लिए पुस्तक लायी।

5. **अपादान कारक -** इससे किसी क्रिया के एक स्थान से हटने या दूर होने का बोध होता है। इस कारक का चिह्न है - 'से' ।

**उदाहरण :**

✻ गंगा हिमालय से निकलती है।

✻ पेड़ से फल गिरा।

6. **संबंध कारक -** इससे संज्ञाओं के बीच भिन्न-भिन्न प्रकार के संबंध का बोध होता है। इस कारक के चिह्न हैं - 'का', 'के', 'की' ।

**उदाहरण :**

✻ सरोवर का पानी स्वच्छ होता है।

✻ सोहन के दादा निरक्षर थे।

✻ शशि की माता खुश थी।

7. **अधिकरण कारक -** इससे क्रिया के होने के स्थान या समय का बोध होता है। इस कारक के चिह्न हैं - 'में' और 'पर' ।

**उदाहरण :**

✻ रमेश के पिता मुंबई में रहते हैं।

✻ पेड़ पर अनेक पंछी बैठते हैं।

8. **संबोधन कारक -** इससे किसी संज्ञा को पुकारने का भाव प्रकट होता है। इस कारक के चिह्न हैं - 'अरे', 'हे', 'ओ', 'हो','वाह' ।

**उदाहरण :**

✻ अरे ! यह क्या हो गया ?

✻ वाह ! कितना अच्छा है !

## 11. 'कि' और 'की' का प्रयोग

* 'कि' कारण बोधक अव्यय है। कार्य कारण वाचक अव्यय के रूप में उप वाक्यों के आरंभ में प्रयोग होता है।

**जैसे -**

1. राम ने कहा कि उसके पिताजी का नाम दशरथ है।
2. पुलिस ने चोर को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया।
3. बस रुकी भी नहीं थी कि लोग उसकी ओर दौड़ पड़े।
4. पिताजी मुझे पैसे देनेवाले ही थे कि चाचाजी ने कहा ''उसे पैसा मत दो।''
5. मैं बाहर जानेवाला ही था कि बारिश होने लगी।

* 'कि' अव्यय के प्रयोग से वाक्यार्थ में विकल्प का बोध होता है ।

**जैसे -**

1. तुम चाय पिओगे कि काफी?
2. राम आया कि कृष्ण?

**'की' का प्रयोग :**

**क)** स्त्रीलिंग एकवचन तथा बहुवचन सूचक संज्ञा शब्दों के संबंध बताने के लिए 'की' का प्रयोग होता है।

**जैसे -**

भारत की राजधानी

शहर की लड़कियाँ

बेटे <u>की</u> लड़की

मोहन <u>की</u> किताबें

पिताजी <u>की</u> किताब

घर <u>की</u> रोटियाँ

आप <u>की</u> बातें

ख) क्रिया के रूप में भी 'की' का प्रयोग होता है।

**जैसे -**

राम ने परीक्षा पास <u>की</u> ।

मैं ने दिल्ली की यात्रा <u>की</u>।

उसने कोई गलती नहीं <u>की</u>।

ग) संबंधबोधक अव्यय के रूप में निम्नलिखित उदाहरणों में 'की' का प्रयोग देख सकते हैं।

**जैसे -**

राम <u>की</u> ओर

उस<u>की</u> तरफ

पेड़ <u>की</u> भाँति

# 12. विरुद्धार्थक शब्द

कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जो एक दूसरे के ठीक विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं। इन्हें विपरीतार्थक (विलोम) शब्द कहा जाता है। इनकी रचना प्रत्यय (हीन आदि) तथा उपसर्ग (कु, सु, दु, नि, अ, अन् आदि) की सहायता से होती है। कभी-कभी स्वतंत्र शब्द भी विलोम होते हैं।

कुछ प्रचलित विपरीतार्थक शब्दों की सूची :

1. अंधकार × प्रकाश
2. आय × व्यय
3. आगे × पीछे
4. अमृत × विष/मृत

ग) उपसर्ग जोड़कर तथा उपसर्ग में परिवर्तन के द्वाारा निर्मित विपरीतार्थक शब्द :

1. आधार × निराधार
2. परतंत्र × स्वतंत्र
3. जय × पराजय
4. सफल × विफल/असफल

घ) अ तथा अन के प्रयोग द्वारा निर्मित विपरीतार्थक शब्द :

1. आदर × अनादर
2. चल × अचल
3. लिखित × अलिखित
4. आवश्यक × अनावश्यक

(**विशेष :** विलोम शब्दों को लिखते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि तत्सम शब्द का विलोम तत्सम हो, तद्भव का तद्भव, विदेशी का विदेशी और देशज का देशज विपरीतार्थक शब्द ही हो।)

✻ व्याकरण संबंधी अधिक जानकारी के लिए 'यू ट्यूब' देखें।